राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

RNI.No. UPHIN/2019/79073

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करे
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | 9511151254 | epaper.swatantraprabhat.com | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव सीतापुर, हरदोई, शाहजहाँपुर, उन्नाव, हमीरपुर, बाराबंकी, अयोध्या, सुल्तानपुर, अम्बेडकरनगर,

लखनऊ, गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024

वर्ष 06, अंक 29, पृष्ठ 12, मूल्य: 03 रुपया

www.swatantraprabhat.com

प्रयागराज, कौशाम्बी, बांदा, महोबा, मिर्जापुर, भदोही, झारखण्ड, दिल्ली, बिहार, उत्तराखंड आदि जनपदों में प्रसारित

संगठन के पदाधिकारियों ने दो सांसदों को सौपा ज्ञापन...03

वित्तीय ऑडिट के बाद डिफॉल्टर सचिव, प्रधानों से हो रही,1 करोड़ 24 लाख 48000 रूपए की वसूली...12

# 'औद्योगिक शराब' पर राज्यों का अधिकार नहीं छीना जा सकता: सुप्रीम कोर्ट।

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को कहा कि 'औद्योगिक शराब' संविधान की सूची II (राज्य सूची) की प्रविष्टि 8 के तहत 'मादक शराब' के अर्थ में आती है और इसलिए, राज्य इसे विनियमित और कर लगा सकते हैं [उत्तर प्रदेश राज्य और अन्य बनाम लालता प्रसाद वैश्य]।सुप्रीम कोर्ट ने एक ऐसा फ़ैसला दिया है जिससे राज्यों का खजाना बढ़ सकता है। सुप्रीम कोर्ट ने फ़ैसला दिया है कि राज्य 'औद्योगिक शराब' पर कर लगा सकते हैं और उस पर वे क़ानून भी बना सकते हैं। शीर्ष अदालत की 9 जजों की बेंच ने कहा कि यह राज्यों का अधिकार है और इसे छीना नहीं जा सकता है। इसने 1990 में 7 जजों की बेंच के फ़ैसले को पलट दिया।

मुख्य न्यायाधीश (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ की नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ जिसमें जस्टिस हृषिकेश रॉय, अभय एस ओका, बीवी नागरत्ना, जेबी पारदीवाला, मनोज मिश्रा, उज्जल भुयान, सतीश चंद्र शर्मा और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह शामिल थे, ने आज अपना फैसला सुनाया।पीठ के बहुमत ने फैसला सुनाया कि राज्य सूची की प्रविष्टि 8 के तहत मादक शराब का अर्थ मादक पेय या पीने योग्य शराब की संकीर्ण परिभाषा से परे है और इसमें सभी प्रकार की शराब शामिल है जो सार्वजनिक स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकती है। जस्टिस बी.वी. नागरत्ना ने अलग से असहमतिपूर्ण फैसला सुनाया।

न्यायालय ने स्पष्ट किया, "मादक शराब का उपयोग उपभोग के लिए किया जाता है, लेकिन मादक शराब का प्रवेश इसके निर्माण आदि तक फैला हुआ है। मादक शराब को घटक द्वारा परिभाषित किया जाता है और 'नशीला' को प्रभाव से परिभाषित किया जाता है। इस प्रकार, मादक शराब को बाद के द्वारा कवर किया जा सकता है यदि यह नशा पैदा करता है। सार्वजनिक हित का उद्देश्य प्रविष्टि के निर्माण और विकास से स्पष्ट है।'

पीठ के समक्ष प्रश्न यह था कि क्या राज्य प्रविष्टि 8 के माध्यम से औद्योगिक अल्कोहल/विकृत स्पिरिट को विनियमित कर सकते हैं, जो राज्य को मादक शराब से निपटने के लिए शक्तियाँ प्रदान करता है।दूसरी ओर, संघ सूची की प्रविष्टि 52 केंद्र सरकार को उन उद्योगों को विनियमित करने का अधिकार देती है जिन्हें संसद द्वारा सार्वजनिक हित में घोषित किया गया है।न्यायालय ने स्वीकार किया कि दोनों प्रविष्टियों के बीच ओवरलैप हो सकता है और इसका समाधान दोनों प्रविष्टियों को समेटना है ताकि यह देखा जा सके कि कोई भी निरर्थक न हो।

न्यायालय ने कहा कि विधायी सूचियों की व्यापक व्याख्या की जानी चाहिए।इसलिए, इसने यह माना कि प्रविष्टि 8 के तहत मादक शराब को पीने योग्य शराब तक सीमित नहीं किया जा सकता है।इसने सिंथेटिक्स एंड केमिकल्स लिमिटेड बनाम उत्तर प्रदेश राज्य में 1990 के एक फैसले को भी खारिज कर दिया, जिसमें कहा गया था कि "मादक शराब" केवल पीने योग्य शराब को संदर्भित करती है और राज्य औद्योगिक शराब पर कर नहीं लगा सकते हैं। न्यायालय ने आज माना कि मादक शराब वाक्यांश के अर्थ में वह सभी शराब शामिल है जिसका उपयोग सार्वजनिक स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के लिए किया जा सकता है, न कि केवल पीने योग्य शराब।न्यायालय ने कहा, "सूची II की प्रविष्टि 8 का उपयोग मादक शराब के उत्पादन में उपयोग किए जाने वाले कच्चे माल को बाहर करने के लिए नहीं किया जा सकता है।"



दरअसल औद्योगिक शराब इंसानों के पीने के लिए नहीं होता है। दरअसल, यह उद्योग में इस्तेमाल होने वाला इथेनॉल का एक अशुद्ध रूप है। इसे आम तौर पर सॉल्वेंट यानी विलय करने वाली चीज के रूप में इस्तेमाल किया जाता है। इंसानों को ग़लती से भी या किसी भी रूप में पीने से रोकने के लिए औद्योगिक अल्कोहल को एक उल्टी पैदा करने वाले पदार्थ के साथ बेचा जाता है ताकि इसे कोई पी न पाए। इस तरह के अल्कोहल को विकृत अल्कोहल के रूप में भी जाना जाता है।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने औद्योगिक शराब पर 8:1 बहुमत वाला फ़ैसला दिया। इस फैसले में यह तय किया गया कि औद्योगिक शराब को नशीली शराब के अर्थ में वर्गीकृत किया जा सकता है। नशीली शराब पर राज्यों को सूची ढ्ढ्ढ की प्रविष्टि 8 के तहत कर लगाने का अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने माना कि राज्य की शक्तियों को केवल मादक पेय पदार्थों पर कर लगाने तक सीमित नहीं किया जा सकता है।पीने वाली शराब पर लगाया जाने वाला उत्पाद शुल्क राज्य के राजस्व का एक प्रमुख घटक है। राज्य अक्सर अपनी आय बढ़ाने के लिए शराब की ख़पत पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्क बढ़ाते हैं। मंगलवार के फैसले में सिंथेटिक्स एंड केमिकल्स लिमिटेड बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में 1990 के फैसले को भी खारिज कर दिया गया है। उस फ़ैसले में कहा गया था कि 'नशीली शराब' का मतलब केवल पीने योग्य शराब है और इसलिए राज्य औद्योगिक शराब पर कर नहीं लगा सकते हैं।

असहमतिपूर्ण मत में न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि 'औद्योगिक शराब' का अर्थ ऐसी शराब है जो मानव उपभोग के लिए उपयुक्त नहीं है और 'नशीली शराब' शब्द को अलग अर्थ देने के लिए कृत्रिम व्याख्या नहीं अपनाई जा सकती है जो संविधान निर्माताओं की मंशा के विपरीत है।

असहमतिपूर्ण मत में यह भी कहा गया कि यह पता लगाने के लिए जाँच की जानी चाहिए कि क्या यह उत्पाद मनुष्यों में नशा पैदा करता है। यह निर्णय 18 अप्रैल को हुई सुनवाई के बाद आया है, जिसमें अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणि, सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता और वरिष्ठ अधिवक्ता दिनेश द्विवेदी तथा अरविंद पी दातार ने अन्य राज्य प्रतिनिधियों के साथ उत्तर प्रदेश सरकार का प्रतिनिधित्व करते हुए दलीलें पेश की थीं। न्यायालय ने साफ़ किया कि औद्योगिक शराब मानव उपभोग के लिए नहीं है, और इसे संविधान के अंतर्गत आने वाली मादक शराब से अलग किया।

संविधान की 7वीं अनुसूची के अंतर्गत राज्य सूची में प्रविष्टि 8 राज्यों को मादक शराब के निर्माण, कब्जे, परिवहन, खरीद और बिक्री पर कानून बनाने की शक्ति देती है, वहीं संघ सूची की प्रविष्टि 52 और समवर्ती सूची की प्रविष्टि 33 में उन उद्योगों का उल्लेख है। संसद और राज्य विधानसभाएं समवर्ती सूची के विषयों पर कानून बना सकती हैं, सर्वोच्च न्यायालय ने फिर से पुष्टि की कि केंद्रीय कानून राज्य कानून पर वरीयता लेते हैं।

अक्टूबर 2007 में, उत्तर प्रदेश राज्य बनाम लालता प्रसाद वैश मामले में सर्वोच्च न्यायालय ने उल्लेख किया कि सिंथेटिक और केमिकल्स मामले में 1990 के फैसले में चौधरी टीका रामजी बनाम उत्तर प्रदेश राज्य मामले में 1956 के पांच न्यायाधीशों की पीठ के फैसले को नजरअंदाज कर दिया गया था।इस प्रकार, यह मामला 8 दिसंबर, 2010 को नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ को सौंप दिया गया।

# पराली जलाने के मामले में पंजाब-हरियाणा को सुप्रीम कोर्ट की फटकार

**● पराली जलाने पर गलतबयानी के लिए पंजाब और हरियाणा सरकार की जमकर खिंचाई की।**

स्वतंत्र प्रभात

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने पर गलतबयानी के लिए पंजाब और हरियाणा सरकार की जमकर खिंचाई की। अदालत ने कहा कि दोनों राज्यों ने पराली जलाने वालों के खिलाफ कोई दंडात्मक कार्रवाई नहीं की। अदालत ने कहा कि अगर ये सरकारें सच में कानून को लागू करने में रुचि रखती हैं तो कम से कम एक अभियोजन जरूर होगा।

सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब के मुख्य सचिव से कहा कि करीब 1080 उल्लंघनकर्ताओं के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई, लेकिन आपने सिर्फ 473 लोगों से मामूली जुर्माना वसूला है। आप 600 या उससे ज्यादा लोगों को बख्श रहे हैं। हम आपको साफ-साफ बता दें कि आप उल्लंघनकर्ताओं को यह संकेत दे रहे हैं कि उनके खिलाफ कुछ नहीं किया जाएगा। यह पिछले तीन सालों से हो रहा है।

हरियाणा के मुख्य सचिव ने सुप्रीम कोर्ट को बताया कि 400 फसल जलाने की घटनाएं हुई। साथ ही राज्य में 32 एफआईआर दर्ज की गई हैं। इस पर सुप्रीम कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए कहा कि पराली जलाने वालों के आंकड़ों के बारे में झूठ बोला जा रहा है। आंकड़े हर मिनट बदल रहे



हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हरियाणा लोगों का चयन कर रहा है। उसके अनुसार कुछ लोगों से मुआवजा लिया जा रहा और कुछ के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जा रही है। पीठ ने कहा, 'हम कुछ पर एफआईआर दर्ज करने और कुछ पर मामूली जुर्माना लगाने को लेकर चिंतित हैं।'

सुप्रीम कोर्ट ने हरियाणा के मुख्य सचिव से पूछा, पराली के बारे में क्या किया जा रहा है और क्या किसानों को कुछ प्रदान किया गया है? इस पर मुख्य सचिव ने कहा कि पराली के निस्तारण के लिए करीब एक लाख मशीनें दी गई हैं, जिससे पराली जलाने में कमी आई है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि केंद्र और पंजाब तथा हरियाणा राज्यों को यह याद दिलाने का समय आ गया है कि प्रदूषण मुक्त वातावरण में रहना नागरिकों का मौलिक अधिकार है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ये अनुच्छेद 21 के तहत मौलिक अधिकारों का घोर उल्लंघन है। वायु प्रदूषण के मामले को दिवाली के बाद स्थगित करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि वह दिल्ली में परिवहन से उत्पन्न प्रदूषण, शहर में भारी ट्रकों के प्रवेश और खुले में कूड़ा जलाने के मुद्दों पर विचार करेगा।

## संक्षिप्त ख़बरें

### किसानों के धान की जमकर हो रही है लूट आने-अपने दामों पर बेच रहे हैं किसान



**पूरनपुर** में धान बिक्री में किसानों के धान की जमकर हो रही है लूट आने-अपने दामों पर बेच रहे हैं किसान धान को 2% मुद्दत कटवा कर किसानों को मिल रहा है पेमेंट 1 किलो धर्म कांटा पर का करदा भी काटा जा रहा है ओने पौने दामों 1700 पर 100 खुली लूट मचाई गई है जबकि धान का समर्थन मूल्य 2320 रुपए है राइस मिलर हो रहे हैं मालामाल 600 कुंतल की हो रही है प्रॉफिट जनपद पीलीभीत की पूरनपुर मंडी में नहीं पहुंच रहा है धान बिहार क्षेत्र के करे केदो पर अभी नहीं पहुंचा धान फिर भी बिचौलिए हो गए सक्रिय बिहार क्षेत्र के कई करे केदो पर हो रही जमकर फर्जी खरीद।

### डम्पर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, एक महिला की मौत, दो लोग घायल



**सांडी/हरदोई** थाना से चंद कदम दूरी पर डंपर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी जिससे एक महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई बाइक चालक सहित दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए आनन फानन में घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। जानकारी के अनुसार टडियावा थाना क्षेत्र के आशीष 30 वर्ष पुत्र लाला रामअरवल थाना क्षेत्र के शेखपुरा स्थित ईट भट्टे पर काम करता है। बुधवार की शाम वह अपनी पत्नी रूपा और ममेरी बहन अर्चना के साथ हरदोई से बाइक पर सवार होकर दवा लेने के बाद ईट भट्टे पर जा रहा था तभी सांडी थाना क्षेत्र के पक्षी विहार के पास तेज रफ्तार डंपर ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे ममेरी बहन अर्चना के ऊपर से डंपर निकल गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई।वहीं आशीष और उसकी पत्नी घायल हो गए घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया।सूचना पर पहुँची पुलिस ने शब को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम की कार्यवाही शुरू कर दी है।

# हर मर्ज की दवा बने झोलाछाप डॉक्टर लोगों की जिंदगी से कर रहे खिलवाड़

**» संपूर्ण जनपद में कुकुरमुो की तरह उगे नीम हकीम खतरे जान साबित हो रहे स्वास्थ्य महकमा के जिमेदारों की कमाई का जरिया**

स्वतंत्र प्रभात

**लखीमपुर खीरी** जनपद खीरी के हर गांव कस्बा व स्थानीय शहर की लगभग हर गली कूचे में झोलाछाप डॉक्टर अपनी मेज पर नीली पीली गोली सजाए बैठे देखे जा सकते हैं। यह झोलाछाप छोटी सी बीमारी से लेकर बड़ी से बड़ी बीमारियों का इलाज गारंटी के साथ करते पाए जा सकते हैं। इतना ही नहीं बड़ी जांच लिखकर मरीज की जेबे काटकर अपना मोटा कमीशन तैयार करने में से भी बाज नहीं आ रहे हैं ।भले ही इन्हें टीएलसी डीएलसी का मतलब नहीं पता हो लेकिन जांच लिखकर अपनी विशेषज्ञता जरूर जाहिर करेंगे ।यह झोलाछाप डॉक्टर भोले वाले लोगों की जान से खिलवाड़ कर रहे हैं और स्वास्थ्य महात्मा के जिम्मेदारों की जानबूझकर की जा रही है अनदेखी से झोलाछाप डॉक्टर ने क्लीनिक के नाम पर अस्पताल खोल रखे हैं। काफी जगह पर डी फार्मा बी फार्मा और डीपीटी डिग्री/ डिप्लोमा धारी लोगों ने बड़े-बड़े बोर्ड लगाकर भारी भरकम व मिनी अस्पताल क्लिनिक बनाकर अपने आप को एमडी एवं अन्य रोग विशेषज्ञ बात कर मरीजों की जेब ढीली तो करते ही है साथ ही साथ मरीजों की जान जोखिम में डाल रहे हैं। शासन द्वारा निर्धारित मानक के अनुसार कोई भी डी फार्मा बी फार्मा मरीज का इलाज डायग्नोसिस और प्रिस्क्रिप्शन नहीं दे सकता उसके बाद भी विभागीय साठगांठ के चलते झोलाछाप डॉक्टरों का खुला खेल फरूखाबादी की तर्ज पर चल रहा है। आए दिन कोई न कोई मरीज काल के गाल में सामने की खबरें अखबारी सुर्खियां बनती हैं ।इतना सब कुछ होने के बाद भी विभागीय जिम्मेदारों के कांन पर जूं तक नहीं रेंग रहा है। जो इनकी दूषित एवं लापरवाह कार्य प्रणाली की ओर इशारा करने को काफीहे।

**कहां कहां संचालित है फर्जी अस्पताल व झोलाछाप डॉक्टरों की क्लीनिक**

भारी मात्रा में संचालित क्लिनिको वाले काशन पर गौर करें तो कस्बा मैगलगंज ,औरंगाबाद, बरबर, जेवीगंज, पसगवा उचौलिया ,आदि मे एक सैकडा झोलाछाप सरकारी आदेशों को मुंह चिढाते हुए बेखौफ क्लिनिक चलाते देखे जा सकते हैं ।वहीं इसी तरह फतेपुर ,मितौली कस्ता, बेहजम ,नीमगांव, सिकंदराबाद, गोला, जलालपुर,मुडा सवारान अलीगंज, बिजुआ ,दाउदपुर, मालपुर, अंदेश नगर, सुंदरबल, फूलबेहड, तेंदुआ, महेवागंज तथा धौरहरा के सीएचसी क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम गुदडिया में लगभग एक दर्जन झोलाछाप डॉक्टर खुलेआम मरीजों की जान से खिलवाड़ करते देखे जा रहे हैं। गुदडिया में प्रैक्टिस कर रहे एक बी फार्मा की उपाधि लिए बैठे हैं डॉक्टर प्यारेलाल और ऐलानियां कहते सुने जा सकते हैं कि हमारे यहां सीएचसी अधीक्षक आए थे और हमारे डिग्री देखकर कह गए हैं कि क्लीनिक चलाते रहो ।कमोवेश यही हाल है सीएचसी क्षेत्र गोला के गांव जलालपुर का जहां पर बंगाली डॉक्टर एस के विश्वास के द्वारा क्लीनिक के नाम पर घर में पूरा अस्पताल संचालित किया जा रहा है। इस अवैध अस्पताल पर सीएचसी अधीक्षक गोला की नजर ना पडना अपने आप में विभागीय साठगांठ व लापरवाही को उजागर करता है।

**आज सीज अस्पताल/क्लीनिक अगले दिन रिओपन का खेल बना चर्चा का विषय**

यदि हम फर्जी व डाक्टर विहीन तथा अवैध तरीके से संचालित अस्पतालों क्लिनिको की बात करें तो स्थानीय शहर में ही दो दर्जन से अधिक मानक विपरीत अवैध तरीके से संचालित अस्पताल देखें जा सकते हैं इनमें से कुछ को सीज भी किया गया था लेकिन अगले दो दिन बाद वही सीज अस्पताल फिर से री ओपन हो गए। झोलाछाप डॉक्टरों और स्वास्थ्य महकमा के जिम्मेदारों के बीच में चल रही इस आंख मिचौली के खेल की चर्चा जोरों पर है। जानकार लोगों का कहना है जो अस्पताल आज मानकों के विपरीत और अवैध तरीके से संचालित होने के चलते सीज किया गया वह अस्पताल अगले दो दिन में फिर कैसे खुल गया इस यक्ष प्रश्न का जवाब किसी भी सक्षम अधिकारी के पास ढूंढे नहीं मिल पा रहा है ।आमजन के यक्ष प्रश्नों में अहम सवाल तो यह है कि 2 दिन में मानक पूरे हो गए क्या ?और झोलाछाप डॉक्टर को डिग्री मिल गई जो 2 दिन बाद सीज अस्पताल व क्लिनिक खुलकर शासन के आदेशों को चुनौती देने के साथ-साथ जिम्मेदारों की ईमानदारी और कर्तव्य निष्ठा की पोल खोलने को काफी है ।आखिर सीज होने के बाद दूसरे तीसरे दिन यह अस्पताल या क्लीनिक रिओपन कैसे हो जाती है? किस सक्षम अधिकारी द्वारा इन्हें प्रेक्टिस करने के लिए अधिकृत कर दिया जाता है? और यदि नहीं किया जाता है तो फिर सीज होने के बाद रिओपन होने पर इन क्लिनिको अथवा अस्पताल संचालकों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत क्यों नहीं कराया जाता है?

# पीलीभीत पुरनपुर कम दामों में धान बेचने को मजबूर किसान: किसान नेता बोले

**● राइस मिल मालिकों का किसानों हावी, नमी बताकर वापस कर रहे**

**पीलीभीत पुरनपुर।** अपनी मर्जी से दामों पर धान खरीदने का खेल शुरू हो गया है। धान में नमी होने का बहाना बनाकर, किसानों से 1500 से 1700 रुपये प्रति क्विंटल की दर पर धान और धन मिल मालिक 2त्न कमीशन लेकर पेमेंट कर रहे हैं खरीदा जा रहा है, जबकि सरकारी समर्थन मूल्य 2300 रुपये तय किया गया है। इसके बावजूद अफसर इस पर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

1 अक्टूबर से धान खरीद का सीजन शुरू हुआ है, लेकिन सरकारी क्रय केंद्रों पर किसानों का धान ज्यादा नमी वाला बताकर वापस कर दिया जा रहा है। ऐसे में किसान मजबूरी अपना धान मंडी और खुले बाजार में राइस मिल मालिकों को कम दामों पर बेचने के लिए मजबूर हैं। राइस मिल मालिकों के सिंडिकेट के आगे किसान झुकने को मजबूर हैं, जबकि अधिकारी इस पर कोई कदम नहीं उठा रहे।



**किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा**

सरकार ने धान के लिए 2300 रुपये का समर्थन मूल्य तय किया है। लेकिन क्रय केंद्रों पर नमी के बहाने धान नहीं खरीदा जा रहा। ऐसे में किसान अपना धान कम कीमत पर बेचने को मजबूर हैं। इसके बाद वही धान सरकारी खरीद के रूप में दिखाया जाता है, जिससे करोड़ों रुपये की हेराफेरी होती है।

खुले बाजार में धान की कीमत सरकारी समर्थन मूल्य से करीब 600 रुपये कम है। जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। साथ ही, खेतों से सीधे धान खरीदने के कारण मंडी शुल्क की चोरी भी हो रही है, लेकिन मंडी के अधिकारी भी इस पर चुप हैं।

# ब्रज में स्नान पखवाड़ा, 10 लाख लोग लगाएंगे डुबकी

**● अहोई अष्टमी से छठ पूजा तक पड रहे कई स्नान पर्व**

**आज अहोई अष्टमी पर दो से 2.5 ढाई लाख श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी**

स्वतंत्र प्रभात

**मथुरा।** ब्रज रज को माथे लगाने और यहां के कुंड, सरोवर नदियों में स्नान करने का महात्म्य रहा है। अहोई अष्टमी से छठ पूजा तक करीब 10 लाख लोग कुंड और नदियों में डुबकी लगाएंगे। विभिन्न स्नान पर्वों पर सुरक्षा व्यवस्था और स्नान व्यवस्था को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मथुरा आगमन के दौरान बैठक में मुख्यमंत्री ने कानून व्यवस्था की समीक्षा की। जिस पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने आगामी त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में अवगत कराया। 24 अक्टूबर को अहोई अष्टमी का त्यौहार गोवर्धन के राधाकुंड पर मनायी जायेगी। इस पर्व पर दो से 2.5 लाख श्रद्धालुओं द्वारा राधा कुण्ड में रात्रि 12 बजे से प्रातः काल तक स्नान किया जायेगा। दो नवम्बर को



राधा कुंड जिसमें अहोई अष्टमी पर हजारों श्रद्धालु लगाएंगे डुबकी।

गोवर्धन पूजा मुख्यः गोवर्धन में मनायी जायेगी जिसमें 3 से 3.5 लाख श्रद्धालुओं द्वारा श्री गिरिराज जी महाराज की परिक्रमा व गोवर्धन पर्वत की पूजा की जाएगी। तीन नवम्बर को भैयादूज, यम द्वितीया थाना कोतवाली व जमुनापार क्षेत्र में यमुना नदी के विभिन्न घाटों पर एक से 1.5 लाख श्रदालुओं द्वारा स्नान किया जायेगा। 29 अक्टूबर को धनतेरस, 30 अक्टूबर को नरक चतुदर्शी, 31 अक्टूबर को दीपावली तथा सात नवम्बर को को छठ पूजा का त्यौहार मनाया जायेगा। पर्वो को सकुशल संपन्न कराने हेतु सभी व्यवस्थायें सुदृढ़ कर ली गई हैं।

# मामला स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर उपभोक्ताओं से वसूली का

**» कर्मचारी कर रहे वसूली, एसी बोले...जागरूक हों उपभोक्ता**

**» आखिर शेर अली जेई के क्षेत्रान्तर्गत कैसे हुआ वसूली का खेल, विभाग को पता ही नहीं!**

**» टेम्पर मीटर बदलवाने के नाम पर लिए उपभोक्ता से 15 हजार - सूत्र**

**» ऐसे मामलों में विभाग को शिकायती पत्र का इंताजार, तभी हो सकती है कोई कार्रवाई**

स्वतंत्र प्रभात

लखीमपुर-खीरी। इन दिनों जिले में स्मार्ट मीटर लगाए जा रहें हैं। वो भी बिना किसी शुल्क के मतलब निशुल्क तो..ऐसे में उपभोक्ताओं को जागरूक होने की जरूरत है। यह बात एसी धमेन्द्र सिंह ने संवाददाता से कही। बात करते हैं शहर से सटी ग्राम पंचायत मिदनिया में गत रविवार को स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर किसी उपभोक्ता से तीन सौ रूपये, किसी से दो सौ और किसी से सौ यहा तक कि पचास रूपये भी मीटर लगाने वाले कर्मचारियों ने वसूली की। इसका एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होते चर्चा का विषय बन गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार स्मार्ट मीटर का काम पोलारिस कंपनी का है। इसी कंपनी से मेराकी फर्म को काम मिला है। इसके बाद मेराकी से वेंडर लोग क्षेत्र में स्मार्ट मीटर लगवा रहें। सबसे अहम बात यह है कि इतना लंबा प्रोसेस आम जनता को नहीं पता। हां जब कोई कर्मचारी उसके दरवाजे पर स्मार्ट मीटर लगाने पहुंचता है, तो उपभोक्ता यहीं समझता है कि यह कर्मचारी विद्युत विभाग का है। उपभोक्ता को यह नहीं पता कि जो मीटर लगाने आया है वह किसी कंपनी का कर्मचारी है न कि बिजली विभाग का। हलांकि मिदनिया गांव में भी कुछ ऐसा ही हुआ।

बतातें हैं जिस वेंडर के कर्मचारी यहां पर स्मार्ट मीटर लगाने का काम कर रहे थे वह पहले से ही ब्लैक लिस्टेड है। फिलहाल जिसने भी उपभोक्ताओं से वसूली का काम किया उस कर्मचारी को काम पर से हटा दिया। लेकिन सवाल यह है कि सिर्फ उसको काम से हटा देना ही पर्याप्त था, कल को यहीं कर्मचारी दूसरे वेंडर के पास काम करने लगा, और फिर उपभोक्ताओं का उत्पीड़न हुआ, इसका जिम्मेदार कौन होगा?

**आखिर शेर अली जेई के क्षेत्रान्तर्गत कैसे हुआ वसूली का खेल**

ग्राम पंचायत मिदनिया में स्मार्ट मीटर लगाने के नाम वसूली का खेल किन कर्मचारियों द्वारा किया गया यह तो जांच का विषय है। लेकिन यहां पर उपभोक्ताओं को भगवान मानने वाले बिजली विभाग के शेर अली जेई साहब के क्षेत्र में यह सब घालमेल कैसे हुआ चर्चा का विषय बना हुआ है। चर्चा यह भी है कि कहीं विभागीय अधिकारियों और कर्मचारियों की सरपरस्ती में तो नहीं दिया जा रहा ऐसे कु-कृत्यों को अंजाम?

**टेम्पर मीटर बदलवाने के नाम पर लिए उपभोक्ता से 15 हजार - सूत्र**

यहीं पर एक उपभोक्ता से टेम्पर मीटर बदलवाने के नाम पर 15 हजार रूपये लिए जाने की चर्चा भी प्रमुख सूत्रों से मिली है। हालांकि स्वतंत्रत प्रभात समाचार पत्र इस बात की बिल्कुल भी पुष्टि नहीं करता है। फिर भी मामला क्षेत्र में चर्चा का विषय बना हुआ है।

**ऐसे मामलों में विभाग को शिकायती पत्र का है इंताजार, तभी हो सकती है कोई कार्रवाई**

ऐसे मामलों में बिजली विभाग के आलाअधिकारियों को शिकायती पत्र का इंतजार रहता है। तभी वह इस पर कोई कार्रवाई




कर सकते हैं। हालांकि कौन उपभोक्ताओं को भगवान का दर्जा देने वाला विभाग, इनके उत्पीड़न पर इस तरह से हांथ पर हांथ धरे बैठा रहा तो कैसे सुरक्षित होंगे उपभोक्ताओं के अधिकार?

**वर्जन**

इस संबंध पर जब जेई शेर अली से जानकारी की तो उन्होंने बताया मामला आज प्रकाश में आया है मुझको कोई जानकारी नहीं है। स्मार्ट मीटर लगाने के नाम पर कोई भी उपभोक्ता किसी को कोई रूपया न दे। उपभोक्ताओं को जागरूक होना चाहिए। जानकारी मिली है। मामले को दिखवाते हैं। - धर्मेन्द्र सिंह, अधीक्षण अभियंता मध्यांचल विद्युत वितरण खण्ड, लखीमपुर खीरी।

## संक्षिप्त ख़बरें

### लाभार्थियों को बैंक खाते को आधार से लिंक कराते हुए एनपीसीआई कराना अनिवार्य




**देवरिया ।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी प्रियंका चौधरी ने बताया है कि दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन की किस्त का भुगतान आधार वेस्ट प्रणाली द्वारा किया जा रहा है। पात्र लाभार्थियों के बैंक खातों में यह धनराशि सीधे आधार लिंक के माध्यम से स्थानांतरित की जा रही है। लाभार्थियों से उन्होंने अनुरोध है किया है कि जो दिव्यांगजन अपने खाते का एनपीसीआई अभी तक नही कराये है, वे अपने बैंक खाते को बैंक में जाकर आधार से लिंक कराते हुए एनपीसीआई तुरन्त करालें जिससे पेंशन धनराशि प्राप्त हो सके।

### दीपावली के पर्व पर 31 अक्टूबर को अतिरिक्त अवकाश घोषित

**देवरिया ।** सचिव डिस्ट्रिक्ट बार एसोसिएशन, सिविल कोर्ट, देवरिया के प्रस्ताव द्वारा यह सूचित किया गया है कि पूरे भारत में दीपावली का त्योहार 31 अक्टूबर को मनाया जायेगा। 4 नवंबर को घोषित अवकाश के स्थान पर 31 अक्टूबर को अवकाश घोषित कर दिया जाय। उक्त के दृष्टिगत जनपद न्यायाधीश देवेंद्र सिंह ने 4 नवंबर की घोषित अतिरिक्त अवकाश निरस्त करते हुए दीपावली के पर्व पर 31 अक्टूबर को अतिरिक्त अवकाश घोषित किया है। जनपद न्यायालय देवरिया के समस्त न्यायालय व कार्यालय उक्त तिथि को बन्द रहेंगे।

### बिधनू पुलिस ने पोस्को एक्ट वांछित अभियुक्त को पकड़ा



**कानपुर।** बिधनू थाना पुलिस ने पोक्सो एक्ट में वांछित एक अभियुक्त खुशी लाल पुत्र स्व.नन्हके उर्फ नन्काऊ निवासी घाटूखेडा थाना बिधनू जनपद कानपुर नगर उम्र -20 वर्ष को मुखबिर की सूचना पर दबिश देकर ओरियारा चौराह नाले के पास से गिरफ्तार करके जेल भेज दिया है। जनता के द्वारा बिधनू थाना पुलिस के इस काम की भूरि-भूरि प्रशंसा की जा रही है।

### एक क्विंटल चंदन लकड़ी के साथ दो तस्कर गिरफ्तार



**कानपुर।** सीसामऊ पुलिस ने 2 तस्करों को लगभग 1 क्विंटल चन्दन की लकड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। पुलिस ने प्रेस नोट में बताया कि थाना सीसामऊ पुलिस द्वारा दिनांक 22 अक्टूबर को गस्त चेकिंग के दौरान संदिग्ध व्यक्ति वाहन व मुखबिर द्वारा प्राप्त सूचना के आधार पर 2 अभियुक्तों जीशान वारसी पुत्र मो. इमरान वारसी निवासी मोहल्ला अजयपाल कन्नौज रोड नियर थाना कोतवाली जनपद कन्नौज उम्र करीब 26 वर्ष तथा आकिब पुत्र सलीम निवासी मोहल्ला अजयपाल कन्नौज रोड नियर थाना कोतवाली जनपद कन्नौज उम्र करीब 25 वर्ष को प्रतिबंधित / नाजायज चन्दन की लकड़ी कुल 113 किलोग्राम के साथ गिरफ्तार किया गया ।

### सीसामऊ विधानसभा सीट से सपा की नसीम ने पर्चा भरा



**कानपुर।** उत्तर प्रदेश विधानसभा उपचुनाव में कानपुर नगर की सीसामऊ विधानसभा सीट से समाजवादी पार्टी की उम्मीदवार नसीम सोलंकी ने अपना नामांकन पत्र दाखिल कर दिया। इस अवसर पर उनके साथ सपा जिलाध्यक्ष फ़ज़ल महमूद, विधायक अमिताभ बाजपेई भी थे। सीसामऊ से विधायक नसीम सोलंकी के पति इरफान सोलंकी थे लेकिन एक मामले में उनको अदालत द्वारा सजा सुनाए जाने के कारण यह सीट रिक्त हो गई थी। इसलिए प्रदेश की नौ सीटों पर उपचुनाव में सीसामऊ भी एक विधानसभा क्षेत्र है जहां उपचुनाव हो रहे हैं।

## 5 दिवसीय 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा की शुरुआत

स्वतंत्र प्रभात



**मिल्कीपुर,अयोध्या।** कुमारगंज में 24 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ एवं श्रीमद् पावन प्रज्ञा पुराण कथा की शुरुआत बुधवार की शाम से शुरू हो गयी, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वाधान में गायत्री परिवार की ओर से आदर्श नगर पंचायत कुमारगंज के पिठला वार्ड स्थित मां आशा देवी मंदिर परिसर में महायज्ञ का आयोजन किया गया है ।सत्य पीठ अयोध्या के मार्गदर्शन में महायज्ञ को लेकर बाजे- गाजे के साथ करीब दो किलोमीटर लम्बी भव्य कलश यात्रा निकल गई। यात्रा में करीब 1000 श्रद्धालु शामिल हुए जिसमें से 251 बहनों ने आशा देवी मंदिर परिसर से कलश में जल लेकर अयोध्या रायबरेली हाईवे होते हुए पुनः यज्ञ स्थल पहुंची । जहा धार्मिक मंत्रोच्चार के साथ यज्ञ स्थल में कलश की स्थापना की गई। तत्पश्चात महायज्ञ की शुरुआत हुई। इधर महायज्ञ को लेकर नगर पंचायत में भक्ति का माहौल है। यज्ञ स्थल को आकर्षक तरीके से सजाया गया है।कलश यात्रा के प्रभारी चंद्रबली सिंह ने बताया कि कथावाचक श्याम राठौर द्वारा 5 बजे से 9 बजे तक, सुबह 8 बजे से 11 बजे तक श्रद्धालुओं को कथा सुनाई जाएगी। इसके साथ ही देव पूजन यज्ञ, विभिन्न संस्कार शांतिकुंज की ब्रह्म वादिन बहनों द्वारा कराया जाएगा।

मनुष्य में देवत्व का उदय हो एवं धरती पर स्वर्ग का वास हो इसके लिये मानव में देवत्व का गुण लाना चाहिये। मानव अच्छे संस्कार व उत्तम व्यवहार से जाना जाता है। हर मानव में देवता वास करते है मानव को ऋषि की भांति संस्कार व परंपरा की आदत होनी चाहिए, हम सब सनातन प्रेमी हैं और सनातन धर्म को जागृत होने के लिए ऐसे कार्यक्रमों का होना अत्यंत आवश्यक भी है। उक्त बातें जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह ने कहा। जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने हरी झंडी दिखाकर कलश यात्रा को रवाना किया।यात्रा में जोन प्रमुख अयोध्या देशबंधु तिवारी, गिरिजा प्रसाद पाण्डेय, डीएन यादव, के के गुप्ता, हरिशंकर श्रीवास्तव, भगवती सिंह, अद्या सिंह, तारा दत्त दुबे विजयपाल सिंह, बब्लेश सिंह, दिनेश यादव, विनय कुमार सिंह, आजाद सिंह, विकास सिंह भाजपा नेता चंद्रभानु पासवान सहित हजारों की संख्या में महिला एवं पुरुष तथा बच्चे उपस्थित रहे।

## जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने 100 बेड अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**●सीएमएस ने अध्यक्ष से बताया कि अस्पताल में डॉक्टरों और स्टाफ नर्स की है कमी।**

स्वतंत्र प्रभात



**मिल्कीपुर,अयोध्या।** सौ शैय्या अस्पताल कुमारगंज का जिला पंचायत अध्यक्ष रोली सिंह ने औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल के विभिन्न वार्डो का निरीक्षण किया और मरीजों तथा उनके तीमारदारों से स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता के बारे में जानकारी ली। जिलाध्यक्ष ने पंजीकरण केंद्र, दवा केंद्र, डेंगू वार्ड, बच्चा वार्ड, जनरल वार्ड, आकस्मिक वार्ड, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड रूम पैथोलॉजी, ओपीडी आदि का निरीक्षण किया।निरीक्षण के दौरान रोली सिंह ने मरीजों से पूछा कि क्या उन्हें किसी प्रकार की सुविधा के लिए शुल्क की मांग की गई है, जिस पर मरीजों ने बताया कि किसी भी प्रकार का पैसा नहीं लिया गया और दवा भी अस्पताल से ही उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने दवा वितरण काउंटर पर जाकर दवाओ के बारे में जानकारी लेते हुए उपलब्धता की भी जानकारी लेते हुए जांच की। वार्ड में जाकर जिला पंचायत अध्यक्ष ने अस्पताल के सीएमएस डॉ अनिल कुमार को निर्देश दिए कि मरीजों की देखभाल प्राथमिकता से की जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी आवश्यक दवाएं अस्पताल में उपलब्ध रहें ताकि तीमारदार बाहर से दवा लाने के लिए मजबूर न हों। निरीक्षण के दौरान अस्पताल की साफ-सफाई पर भी संतोष व्यक्त किया और निर्देश दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष ने डॉक्टरों की उपस्थिति पंजिका का निरीक्षण किया जिसमें डॉक्टर के हस्ताक्षर पाए गए सभी डाक्टर ओपीडी में मरीजों को देख रहे थे। अस्पताल में डॉक्टर और अन्य स्टाफ के बारे में सीएमएस अनिल कुमार से जानकारी ली तो उन्होंने बताया कि अस्पताल में 20 चिकित्सकों के पद रिक्त है इसके साथ ही 21 स्टाफ नर्स की भी कमी है। जिसके चलते बड़ी समस्याएं आ रही हैं। जिला अध्यक्ष ने कहा कि इसके लिए शासन को पत्र भेजा जाएगा। ताकि क्षेत्र के मरीजों को सही इलाज हो सके। इस मौके पर डॉ संतोष कुमार सिंह, डॉ अरविंद मौर्या, डा अनमोल पाठक, डॉ प्रवीण बरनवाल समेत अन्य स्टॉप मौजूद रहे।

## सुंदरकांड व्यक्ति के जीवन को सुंदर बना देता है - गुड़िया त्रिपाठी

**●हर हप्ता सुन्दर काण्ड का पाठ नारी शक्ति सेना और सनातन धर्मध्वजा रक्षक की अनोखी पहल**

स्वतंत्र प्रभात



**अयोध्या धाम** – विश्व संयुक्त नारी शक्ति से न सनातन धर्मध्वजा रक्षक के तत्वाधान में सुंदरकांड का पाठ आयोजित होता है द्य नारी शक्ति द्वारा अनवरत हर शनिवार को श्री राम जानकी मंदिर में किया जाता है । राम राज्य की स्थापना तथा सनातन धर्म के प्रचार प्रसार को आगे बढ़ाने के लिए किसी कार्यक्रम को किया जाता है द्य सुंदरकांड व्यक्ति के जीवन को सुंदर बना दे सुंदरकांड एक ऐसा रामायण का कांड है जिसे भगवान प्रभु भी बहुत खुश होते हैं । श्री राम जी इस सुंदरकांड में हनुमान जी के प्रति बहुत ही प्रेम बताया है उन्होंने कहा है प्रति उपकार करो का तोड़ा सम्मुख ही सके ना मन मोरा उन्होंने श्री हनुमान जी से इस चौपाई को कहा है अतः मनुष्य के जीवन में सबसे अच्छा कांड सुंदरकांड है जो व्यक्ति से सुंदरकांड को पड़ता है । इसके साथ हनुमान जी अपनी गदा को लेकर के सारे कष्टो का विनाश करते हुए आगे की तरफ धर्म की स्थापना करते हुए निकलते हैं द्य ऐसे प्रभु श्री हनुमान जी महाराज को कोटि-कोटि प्रणाम है । इस अवसर पर महंत कृष्णदासी गुड़िया त्रिपाठी कालिंदी मिश्रा प्रभा पांडे मीनाक्षी त्रिपाठी सीता दासी नीलम संगीता पुष्पा श्वेता प्रिया श्रेया प्रज्ञा मीरा दासी उषा कीर्ति दीप्ति पूनम वर्षा शालिनी कुसुम आभा अनीता किरण आदि महिलाओं ने मिलकर शनिवार को सुंदरकांड का पाठ किया तथा देश को इस सुंदरकांड से यह संदेश देना चाहती हैं की सभी लोग सुंदरकांड को अपने गांव अपने देश अपने घर अपने मन में करें सुंदरकांड मनुष्य के जीवन में एक अनिवार्य कांड है जो सुंदरकांड करते हैं उनकी सारी कष्ट दूर हो जाते हैं और वह निर्भय हो जाती अपने देश की सुरक्षा अपने धर्म की सुरक्षा करने में समर्थवान बन जाते हैं । लिए सुंदरकांड मनुष्य के जीवन में बहुत उपयोगी है सुंदरकांड का महत्व बहुत ही श्रेष्ठ जितना ही सुंदरकांड किया जाए उतना ही प्रभु की कृपा मनुष्य के जीवन में बरसती है सुरक्षा तभी आप किसी की कर सकते हैं जब स्वयं धर्म से बलशाली बनी धर्म से बड़ा कोई बोल नहीं है मनुष्य के जीवन में धर्म से बड़ा कोई भी ताकत नहीं है धर्म में बहुत बड़ी ताकत है जय श्री राम जय भवानीऔर जय सियाराम नारी शक्ति सभी बहने मिलजुल करके इस सुंदरकांड को करती है हर शनिवार शाम 4:00 बजे से शुरू किया जाता है ।

## नशेड़ी स्वास्थ्य कर्मी से आजिज सीएचसी अधीक्षक ने जारी किया चेतावनी पत्र

**●मिल्कीपुर सीएससी पर एक्स-रे कक्ष में डार्क रूम सहायक पद पर तैनात है स्वास्थ्य कर्मी।**

स्वतंत्र प्रभात

**मिल्कीपुर अयोध्या–** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर स्थित एक्स रे कक्ष में डार्क रूम सहायक की नशेड़ी हरकतों से आजिज जाकर सीएचसी अधीक्षक द्वारा स्वास्थ्य कर्मी आशीष कुमार शुक्ला से स्पष्टीकरण मांगते हुए कड़ी चेतावनी दे दी गई है। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मिल्कीपुर के अधीक्षक डॉक्टर पंकज श्रीवास्तव ने डार्क रूम सहायक आशीष कुमार शुक्ला को जारी किए गए चेतावनी पत्र में उल्लेखित किया है कि प्रायः देखा जाता है कि अपने कार्यस्थल पर उपस्थित नहीं रहते हैं इसके साथ ही मरीज एवं उनके तीमार से दुर्व्यवहार की सूचना आए दिन प्राप्त होती रहती हैं। यही नहीं अपने कार्यस्थल पर यदि उपलब्ध भी रहते हैं तो हमेशा नशे की हालत में रहते हैं। इस नाते आपको कड़ी चेतावनी देते हुए निर्देशित किया जाता है कि आप द्वारा भविष्य में ऐसी पुनरावृत्ति यदि की जाएगी तो आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही करते हुए विभागीय उच्च अधिकारियों को भी अवगत करा दिया जाएगा। उक्त स्वास्थ्य कर्मी को लेकर अस्पताल आने वाले क्षेत्रवासी ग्रामीण में खासा रोस व्याप्त है। लोगों का कहना है कि उक्त स्वास्थ्य कर्मी आए दिन शराब के नशे में लोगों से बेवजह झगड़ा कर लेता है। और साथी स्वास्थ्य कर्मियों की तो बात दूर मरीज एवं उनके तीमारदारों से भी दुर्व्यवहार किया करता है। दर्जनों लोगों ने उक्त स्वास्थ्य कर्मी की शिकायत सीएससी प्रभारी से की। जिसके बाद आरोपी स्वास्थ्य कर्मी के विरुद्ध सीएससी अधीक्षक द्वारा चेतावनी पत्र जारी कर दिया गया है।

## बाल-विवाह, बाल श्रम के विरुद्ध चलाया गया जागरूकता अभियान

स्वतंत्र प्रभात

**देवरिया ।** मिशन शक्ति फेज 5 के अंतर्गत 21-31 अक्टूबर तक ऑपरेशन मुक्ति अभियान के तहत सी.सी रोड हनुमान मंदिर पर रेस्क्यू करते हुये बाल-विवाह, बाल श्रम के विरुद्ध जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान जिला प्रोबेशन अधिकारी अनिल सोनकर ने उपस्थित भिक्षा मांगने वाले बच्चों को भिख न मांगने की सलाह दी, उनके सरकार द्वारा मिल रहे सुविधाओं के बारें में समझाते हुये पढाई करने के लिये कहा। बाल श्रम करते हुये बच्चों की छानबीन की गयी। इस कार्य में उनके साथ श्रम परिवर्तन अधिकारी शशि सिंह, वन स्टॉप सेंटर की काउंसलर मीनू जायसवाल, एवं स्टाफ नर्स वन्दना सिंह द्वारा पूरा सहयोग प्रदान किया गया तथा आंगनबाड़ी कार्यकत्री भी मौजूद रही। कार्यक्रम के तहत वहाँ उपस्थित महिलाओं/ बालिकाओं को वन स्टॉप सेंटर के योजनाओं के बारे में बताया गया एवं महिला कल्याण विभाग द्वारा संचालित होने वाले विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गयी एवं सरकार द्वारा संचालित हेल्पलाइन नम्बरों से सम्बंधित टोल फ्री नंबर 181,1098,112,1090,1076,102,108 आदि के बारे में जानकारी दी गयी।

## बलरामपुर में दिवाली से पहले बाजारों में दिख रही रौनक

**● बाजार में भारतीय झालरों का दिख रहा जलवा,व्यापारियों की बढ़ी बिक्री**

स्वतंत्र प्रभात



**बलरामपुर-** जनपद में दिवाली से पहले बाजारों में रौनक दिखने लगी है। बाजारों में भारतीय झालरों का जलवा दिखाने को मिल रहा है। लोग चाइनीस झालरों की अपेक्षा भारतीय जल रूम की खरीदारी अधिक कर रहे हैं। इसके साथ ही बाजारों में अन्य सामानों की दुकानों पर भी रौनक वापस लौट आई है और बिक्री में इजाफा हुआ है। भारत में बनी झालरें इस बार नगर वासियों की पहली पसंद बन रही है। नगर में चायनीज झालर केवल नाम मात्र के उपलब्ध है। पानी से जलने वाला दिया भी अधिक बिक रहा है लोगे के आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। क्रिस्टल व डायमंड झालर भी उपलब्ध है । बलरामपुर जनपद के सभी प्रकार की दुकानों में दिवाली से पहले रौनक दिख रही है। लोग दिवाली से पहले ही सामानों की खरीदारी कर रहे हैं। लोगों ने घरों की साज सज्जा के लिए झालर आदि की खरीद अभी से ही शुरू कर दी है। इस बार बाजार में भारतीय झालरों की मांग बढ़ी है। मनोज और मन्ना इलेक्ट्रानिक दुकान संचालक का कहना है चाइना से बेहतर माल अब भारत के बड़े शहरों में तैयार होने लगा है। जो वह भी सस्ता पड़ रहा है। इसलिए इसकी भी बिक्री बढ़ गई है। साथ ही बाजारों में रंग बिरंगे बड़े इंडियन बल्ब उपलब्ध हैं। रंग बिरंगी पाइप भी लोगों की पसंद बनी हुई है। इंडियन स्वास्तिक की भी डिमांड बढ़ी है। रंगीन स्टार व छल्ला भी लोगों को खूब पसंद आ रहा है।

**यह भी दुकानों पर मौजूद**

दिवाली से पहले बाजारों में काफी रौनक है इलेक्ट्रॉनिक सामान के साथ ही कपड़े व बर्तन की बिक्री खूब हो रही है। इसके साथ ही लोग आभूषण की भी खरीदारी कर रहे हैं। वही पिस्टल व पटाखा की बिक्री धड़ल्ले से हो रही है। पानी से जलने वाला दिया लोगों की पहली पसंद है। वहीं कुछ लोगों का कहना है कि इस बार झालर के स्थान पर वह लोग पानी से जलने वाला दिया जलाएंगे।क्योंकि दिया सेल से जलता है, इसलिए हवा चलने पर इसके बुझने की कोई शंका नहीं है। इसके साथ ही पार्टी बल्ब की रोशनी लोगों को खूब भा रही है।इसके अलावा लेजर लाइट, डिस्को बल्ब, रोज लाइट, चिड़िया, गुलाब व रंग बिरंगा झूमर लोगों पसंद बन गई है।

## बलरामपुर में पहुंची सदस्या राज्य महिला आयोग अंजू प्रजापति

**●विकास भवन सभागार में महिलाओं की सुनी समस्या,संबंधित अधिकारियों के साथ की बैठक**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर–** बलरामपुर में बुधवार को एक दिवसीय दौरे पर सदस्य राज्य महिला आयोग अंजू प्रजापति जिले में पहुंची। जिनके द्वारा विकास भवन सभागार बलरामपुर में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक किया गया। साथ ही विकास भवन सभागार में महिलाओं की समस्याओं को सुना और त्वरित निस्तारण करने के आदेश दिए है। बलरामपुर जनपद में महिलाओं के साथ हो रहे उत्पीड़न और उस पर रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं की समस्याओं पर त्वरित न्याय दिलाने को लेकर बुधवार को उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग सदस्या अंजू प्रजापति जनपद में पहुंची।जिन्होंने विकास भवन सभागार में जनपद के संबंधित अधिकारियों पुलिसकर्मियों और महिला अधिकारियों के साथ महिलाओं की समस्याओं को लेकर चर्चा करते हुए बैठक की एवं महिलाओं बालिकाओं के लिए चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं तथा मिशन शक्ति अभियान के संबंध में बैठक की है। साथ ही महिलाओं की समस्याओं पर तुरंत निस्तारण के निर्देश दिए। इसी दौरान विकास भवन सभागार में जनपद के विभिन्न क्षेत्रों से आई पीड़ित महिलाओं की समस्याओं को सुना और उनकी समस्याओं को समझते हुए उपस्थित अधिकारियों थाना अध्यक्षों को समस्या का त्वरित निस्तारण के आदेश दिए है। वही मीडिया से बातचीत के दौरान सदस्य राज्य महिला आयोग अंजू प्रजापति ने बताया कि यहां पर जनसुनवाई के दौरान कुछ निरीक्षण भी आयोग के द्वारा लगे हुए हैं जो की माह के प्रथम बुधवार और तीसरे बुधवार को होता है। जो हम लोगों को एलॉटेड जनपद होते हैं हम लोग वहां जाते हैं। समस्याओं को सुनकर उसका निदान करवाते करते हैं। मुख्य उद्देश्य यह होता है कि बहुत सारी पीड़िताएं ऐसी होती हैं जिनके साथ घटनाएं घटित हो रही हैं और वह पीड़ित हैं । लेकिन वह महिला आयोग तक नहीं पहुंच पा रही हैं या थाने तक नहीं पहुंच पा रही है। तो वहां तक हम लोग पहुंचते है और थाने के माध्यम से या अन्य माध्यम से उनकी समस्याओं का निस्तारण करते है। वहीं उन्होंने कहा कि बलरामपुर जनपद में बहुत सारी शिकायतें तो नहीं मिली है लेकिन जो है शिकायतें मिली हैं उनसे यह लग रहा है कि बलरामपुर जनपद में शिक्षा की कमी है जिसकी वजह से बहुत सारी महिलाएं कहीं ना कहीं पीड़ित है लेकिन शिकायत नहीं कर रही है और खुल कर सामने नहीं आ रही है।इसलिए शिक्षा की सबसे ज्यादा जरूरत है जनपद को।

## बलरामपुर में पात्र सूची में शामिल वंचित रहे 713 पत्रों को मिला आवास

**●करीब 6 वर्षो से आवास की कर रहे थे मांग,713 को पहली किस्त और 112 को मिला दूसरा किस्त**

स्वतंत्र प्रभात

**बलरामपुर–** जनपद में विगत 6 वर्षो से आस लगाए बैठे लोगों को रहने के लिए आवास की सुविधा मिली है। यह लोग जिला प्रशासन से 6 वर्षो से आवास की मांग कर रहे थे जिनको अब 6 वर्षो बाद आवास मिला है। गौरतलब है कि यह सभी पात्र सूची में शामिल फिर भी इतने समय बाद जिला प्रशासन के चक्कर काटने के बाद आवास मिल पाया है। वही 713 पत्रों को पहली किस्त और 112 पत्रों को दूसरी किस्त का भुगतान किया गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण की पात्रता सूची में नाम होने के बाद भी लाभ पाने से वंचित रहे 713 लोगों के खाते में पहली किस्त भेज दी गई है। इसमें 112 लाभार्थियों को दूसरी किस्त 70 हजार रुपये भी दे दी गई है। इसमें सदर ब्लाक में 78, गैंड़ास बुजुर्ग में 37, गैंसड़ी में 104, हरैया सतघरवा में 41, पचपेड़वा में 111, रेहरा बाजार में 51, श्रीदत्तगंज में 110, तुलसीपुर में 101 व उतरौला में 80 लाभार्थियों के बैंक खाते में पहली किस्त की धनराशि भेजी गई है। वही मामले पर परियोजना निदेशक राघवेंद्र तिवारी का कहना है कि चालू वित्तीय वर्ष में प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना के तहत 1152 अभ्यर्थी योजना से वंचित रह गए थे। शासन से लक्ष्य मिलने पर वंचित लोगों का भौतिक सत्यापन कराया गया। सत्यापन में 1152 के सापेक्ष 825 अभ्यर्थी पात्र मिले। पात्र अभ्यर्थियों की सूची स्वीकृति के लिए शासन को भेजा गया था। स्वीकृति मिलने पर 825 के सापेक्ष 713 लाभार्थियों के बैंक खाते में योजना के तहत पहली किस्त भेजी जा चुकी है साथ ही 112 को दूसरी किस्त भी जारी की गई है।

## पुण्यतिथि पर याद की गई जिला पंचायत सदस्य स्वर्गीय मालती यादव

स्वतंत्र प्रभात



**मिल्कीपुर अयोध्या।** रुदौली विधायक रामचंद्र यादव की स्वर्गीया पत्नी पूर्व जिला पंचायत सदस्य मालती यादव की 14 वीं पुण्यतिथि बुधवार को घटौली स्थित उनके समाधि स्थल पर मनाई गई। इस मौके पर नेत्र परीक्षण शिविर भी लगाया गया, साथ ही जरूरत मंदों को कंबल व वस्त्र वितरित किए गए। क्षेत्र के अनेक गणमान्य लोगों ने उनके समाधि स्थल पर पहुंचकर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तथा उनके व्यक्तित्व कृतित्व पर चर्चा कर उन्हें याद किया गया। पुण्यतिथि के अवसर पर लगाए गए नेत्र शिविर में सैकड़ो लोगों ने परीक्षण कराकर चिकित्सकीय सलाह प्राप्त की। लोगों को चश्मे भी दिए गए। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव ने जरूरतमंदों को कंबल व वस्त्र भी वितरित किया। श्रद्धांजलि समारोह के उपरांत आयोजित भोज में भारी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया।

स्वर्गीय मालती यादव अमानीगंज प्रथम से जिला पंचायत सदस्य थी। वे बेहद मिलनसार और खुश मिजाज थी क्षेत्र के लोग आज भी उनके व्यक्तित्व की प्रशंसा करते है। थोड़े ही समय की राजनीति में उन्होंने क्षेत्र में अपनी अलग पहचान बना ली थी जिससे लोग उनका आज भी गुणगान करते हैं। विधायक पुत्र आदर्श चन्द्र यादव, आलोक चन्द्र यादव सहित परिवार के लोगों ने पुष्पांजलि कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। श्रद्धांजलि सभा में पूर्व ब्लाक प्रमुख कमलेश यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख राम प्रताप यादव, पूर्व ब्लाक प्रमुख विनय रावत, शीतला प्रसाद शुक्ल, भाजपा नेता अजीत सिंह, भवानी फेर मिश्र, शीतल बाजपेई, बंशीधर द्विवेदी, विजय कुमार उपाध्याय, राम अवध यादव, शंभू सिंह, राजेश सिंह, तेज तिवारी, सियाराम रावत, शिक्षक नेता अजय सिंह, जय हिंद सिंह, सहित भारी संख्या मे लोग मौजूद रहे।

## दीपोत्सव की सफलता के लिए अंतिम प्रशिक्षण बैठक 25 अक्टूबर को

**●दीपोत्सव में वालंटियर सफेद टी-शर्ट व कैप में नजर आयेंगे**

**सरयू के 55 घाटों पर 25 लाख दीए प्रज्ज्वलित कर बनेगा नया विश्व रिकार्ड**

स्वतंत्र प्रभात




**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने रामनगरी के दीपोत्सव-2024 की भव्यता के लिए तैयारियों को अंतिम रूप देना शुरू कर दिया है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मंशानुरूप दीपोत्सव को अलौकिक एवं भव्य बनाने के लिए राम की पैड़ी के 55 घाटों पर 30 हजार वालंटियर के सहयोग से 28 लाख दीपों को सजाने के साथ 25 लाख से अधिक दीए प्रज्ज्वलित कर एक नया विश्व रिकार्ड बनायेंगे। सभी वालंटियर दीपोत्सव के लोगो में सफेद टी-सर्ट व कैप में नजर आयेंगे। विश्वविद्यालय प्रशासन गुरूवार से परिसर, सम्बद्ध महाविद्यालयों, इण्टर कालेज व स्वयंसेवी के वालंटियर को आईकार्ड का वितरण प्रारम्भ कर देगा। विश्वविद्यालय के दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो0 संत शरण मिश्र ने बताया कि अयोध्या के दीपोत्सव को एतिहासिक बनाने के लिए सरयू के 55 घाटों पर एक दर्जन से अधिक पर्यवेक्षक तैनात किए है। इसके अलावा 55 घाट समन्वयक व घाट प्रभारी नियुक्त किए है। इन सभी घाटों पर आवासीय परिसर, संबद्ध महाविद्यालयों, इण्टर कालेज एवं स्वयंसेवी संस्थाओं पदाधिकारी की देखरेख में दीप प्रज्वलित कर सातवीं बार विश्व कीर्तिमान बनेगा। विवि के मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि 25 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11:30 बजे दीपोत्सव को भव्य एवं दिव्य के लिए अंतिम प्रशिक्षण बैठक स्वामी विवेकानंद सभागार में होगी। जिसमें विश्वविद्यालय के समस्त संकायाध्यक्ष, विभागाध्यक्ष, निदेशक, समन्वयक, जिला विद्यालय निरीक्षक, दीपोत्सव में प्रतिभाग करने वाले समस्त प्राचार्यगण, सम्बद्ध महाविद्यालय, समस्त समन्यकगण, घाट प्रभारी एवं वालंटियर प्रतिभाग करेंगे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## सरौरा खुर्द में पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा में भक्त मंत्र मुग्ध

### श्रीमद् भागवत कथा सुनने से मिलती है सकारात्मक ऊर्जा - साध्वी आरती शास्त्री

**सिधौली/ सीतापुर** तहसील क्षेत्र के ग्राम पंचायत सरौरा कलां के मजरा सरौरा खुर्द में पांच दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के दुसरे दिन सुप्रसिद्ध कथा वाचक साध्वी कुमारी आरती शास्त्री जी ने बताया भगवान शिव महिमा अपरम्पार हैं। जो अपमान रूपी विष को पी लेता है वह उनतिरूपी चंद्रमा को धारण कर सकता है। उसी के जीवन में ज्ञानरूपी गंगा प्रभावित होती है। साध्वी ने आगे कहा कि स्त्री का पतिव्रत धर्म श्रेष्ठ हो तो भगवान भी उसके यहां पर बालक बनकर आते हैं। सौभागयवती महिला में लक्ष्मी का रूप होता है। श्रीमद् भागवत ऐसी कथा है जो जीवन के उद्देश्य एवं दिशा को दर्शाती है। इसलिए जहां भी भागवत होती है इसे सुनने मात्र से वहां का संपूर्ण क्षेत्र दुष्ट प्रवृत्तियों से खत्म होकर सकारात्मक ऊर्जा से सशक्त हो जाता है। और कहा कि जब तक भक्तों का मन पवित्र नहीं होगा तब तक भागवत कथा श्रवण का लाभ नहीं मिल सकता है। कथा के दौरान मनोहर लाल प्रजापति, जमुना प्रसाद प्रजापति, गंगाराम, राजेश कुमार प्रजापति, राकेश कुमार विश्वकर्मा, संदीप कुमार, संजीव कुमार,अजय कुमार, विश्वकर्मा, सलीम, जफर अली, वीरेंद्र कुमार सुशील कुमार, रमेश चंद्र, गयाप्रसद, रंजीत कुमार नंदकिशोर प्रजापति, अशोक कुमार आदि तमाम लोग मौजूद रहे।

## उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षक संघ द्वारा की गई सितंबर व अक्टूबर के वेतन भुगतान की मांग



**लखनऊ।** राजधानी लखनऊ के चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज की शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का अगस्त, सितंबर एवं अक्टूबर माह का वेतन तत्काल भुगतान कराए जाने की मांग की है और भुगतान होने की दशा में जिला संगठन लखनऊ ने आंदोलन की चेतावनी दी है। संगठन के प्रादेशिक उपाध्यक्ष/प्रवक्ता एवं जिला संरक्षक डा0 आर0पी0 मिश्र, जिलाध्यक्ष अनिल शर्मा एवं जिलामंत्री महेश चन्द्र ने बताया कि लखनऊ जनपद के सभी शिक्षकों और कर्मचारियों का अगस्त और सितंबर माह का वेतन भुगतान हो चुका है और शासन के निर्देश के क्रम में अक्टूबर मास का वेतन भुगतान कराए जाने के लिए जिला विद्यालय निरीक्षक* *द्वारा वेतन बिल मंगवाए जा रहे हैं लेकिन चुटकी भंडार गर्ल्स इंटर कॉलेज की शिक्षिकाओं और कर्मचारियों का अगस्त और सितंबर माह का भी वेतन भुगतान नहीं हुआ है जिससे विद्यालय की शिक्षिकाओं और कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है। शिक्षक नेताओं ने बताया की जिला संगठन द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला विद्यालय निरीक्षक (द्वितीय) एवं लेखाधिकारी को पत्र लिखकर तत्काल वेतन भुगतान सुनिश्चित कराए जाने की मांग की है और यदि तीन दिनों में वेतन भुगतान सुनिश्चित नहीं होता है तो जिला संगठन के पदाधिकारी, सक्रिय कार्यकर्ता और शाखा इकाई की शिक्षिकाओं द्वारा जिला विद्यालय निरीक्षक का घेराव किया जाएगा।

## विधानसभा उपनिर्वाचन के अभ्यर्थी निर्वाचन व्यय के लिए खोलें अलग बैंक खाता

**अलीगढ़।** जिला निर्वाचन अधिकारी विशाख जी ने अवगत कराया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा 71-खैर विधानसभा उप निर्वाचन के अभ्यर्थियों को निर्वाचन व्यय के प्रयोजन के लिए अलग से बैंक खाता खोले जाने का प्राविधान किया गया है। डीईओ विशाख जी0 ने अपर जिलाधिकारी वित एवं राजस्व और प्रभारी अधिकारी निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण मीनू राणा को निर्देशित किया है कि आयोग के उक्त दिशा निर्देशों को समस्त राजनैतिक दलों व निर्वाचन अभ्यर्थियों को सम्बन्धित अधिकारियों व जिलास्तरीय बैंकर्स कमेटी के माध्यम से जनपद में स्थित बैंकों के संज्ञान में लाते हुए अनुपालन कराना सुनिश्चित करें।

## सूचना

मेरा नाम चरन सिंह पुत्र स्वर्गीय गुमानी प्रसाद निवासी- बी-147 बसंत कुंज योजना, दुबग्गा जनपद लखनऊ उ0प्र0 का निवासी हूं। मैं अक्षरा गौतम का पिता व संरक्षक हूं। मेरी पुत्री जो कक्षा 11 में पढ़ती है के स्कूली दस्तावेज मे मेरा नाम त्रुटिवश चरन सिंह गौतम दर्ज है। जबकि सही नाम चरन सिंह है। जो आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज में दर्ज भी है। मुझे चरन सिंह के नाम से ही जाना पहचाना जाय।

## सूचना

मेरा नाम चरन सिंह पुत्र स्वर्गीय गुमानी प्रसाद निवासी- बी-147 बसंत कुंज योजना, दुबग्गा जनपद लखनऊ उ0प्र0 का निवासी हूं। मैं अनुष्का गौतम का पिता व संरक्षक हूं। मेरी पुत्री जो कक्षा 12 में पढ़ती है के स्कूली दस्तावेज मे मेरा नाम त्रुटिवश चरन सिंह गौतम दर्ज है। जबकि सही नाम चरन सिंह है। जो आधार कार्ड व अन्य दस्तावेज में दर्ज भी है। मुझे चरन सिंह के नाम से ही जाना पहचाना जाय।

# "भारत को जानो" क्विज़ प्रतियोगिता में राम जूनियर व जे के पब्लिक स्कूल के छात्र रहे अव्वल

स्वतंत्र प्रभात




**हरदोई** भारत विकास परिषद द्वारा "भारत को जानो" क्विज प्रतियोगिता का आयोजन, जे.के. सीनियर सेकेंडरी स्कूल हरदोई के सभागार में किया गया। परिषद के प्रान्तीय मार्गदर्शक डॉ सुरेश अग्निहोत्री ने बताया कि ये राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता प्रतिवर्ष भारत विकास परिषद अयोजित कराती है जिसका उद्देश्य छात्रों को भारत की सभ्यता, संस्कृति, संस्कार, प्राचीन विरासत के साथ-साथ भारत के प्रमुख मानबिन्दु तथा सामान्य ज्ञान की जानकारी प्राप्त कराना है। मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक नीरज कुमार जादौन ने विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कार प्रदान करते हुए बच्चों को जीवन में सामान्य ज्ञान के महत्व की जानकारी दी एवं प्रतिदिन पुस्तकों को पढ़ने के लिए पुस्तकालय में निरंतर स्वाध्याय करने की सलाह दी। परिषद के संगठन सचिव गौरव भदौरिया ने बताया कि इसी स्थान पर 08 दिसंबर को प्रांत स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग की प्रतियोगिता में प्रथम स्थान राम जूनियर हाई स्कूल के छात्र शौर्य अवस्थी, आदित्य मिश्रा ने तथा द्वितीय स्थान सरस्वती विद्या मंदिर के अनवरुल खान, शैलेश कुमार एवं श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल की वर्तिका शुक्ला, अनिमेष गुप्ता तथा तृतीय स्थान जे.के. पब्लिक स्कूल की आयुषी शुक्ला, आराध्या गुप्ता ने प्राप्त किया। सीनियर वर्ग का प्रथम पुरस्कार जे.के. पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल के आर्यन मिश्रा, मधुशैल पांडे को तथा द्वितीय पुरस्कार श्री गुरु राम राय पब्लिक स्कूल के उज्जवल कुमार चौबे, सूर्यांश त्रिवेदी तथा तृतीय स्थान सरस्वती विद्या मंदिर के लक्ष्य शुक्ला, सुशांत शुक्ला को मिला।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रबंधक राजीव मोहन अवस्थी, अध्यक्ष अवध बिहारी मिश्रा, सचिव कैप्टन राम किशोर शुक्ला, अनूप पुरी, नृपेंद्र सिंह, राजवर्धन श्रीवास्तव, श्रवण कुमार राही, प्रदीप गुप्ता एवं संजय टंडन उपस्थित रहे। संचालन विद्यालय प्रवक्ता शुभा दीक्षित, प्रीति सिंह, इन्जिला तबस्सुम, शुभम गुप्ता, सुशील आदि ने किया।

## युवक ने किया सुसाइड, बैड लाइफ, बैडलक, आईपीएस, लिखकर लगा लिया फंदा

**● - आईपीएस बनने की थी ख्वाहिश**

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई** हरपालपुर में आईपीएस बनने की ख्वाहिश रखने वाले पॉलिटेक्निक से सिविल इंजीनियरिंग में डिप्लोमा कर चुके एमए के छात्र ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। पास मिले सुसाइड नोट में युवक ने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार ठहराया है। सुसाइड नोट में उसने गुडबाय, बैडलाइफ, बैडलक और नाम के आगे इंजीनियर भी लिखा है।हरपालपुर कोतवाली क्षेत्र के पलिया गांव निवासी 22 मनीष कुमार फर्रुखाबाद के बद्री विशाल पीजी कॉलेज में एमए इतिहास का छात्र था। पिता सर्वेश कुमार के मुताबिक मनीष खेत में मवेशियों के लिए तैयार हो रही बरसीम में पानी लगा रहा था। इसके बाद उसका कुछ पता नहीं चला। जिसके बाद मनीष का शव सांडी क्षेत्र के हरदोई मार्ग पर पक्षी विहार के पास स्थित एक आश्रम के सामने पेड़ पर रस्सी के फंदे से लटका मिला। राहगीरों ने शव देखकर सांडी थाने की पुलिस को जानकारी दी। मौके पर पहुंचे पुलिस कर्मियों ने शव की तलाशी ली।

इस दौरान शव के पास से बद्री विशाल कॉलेज का परिचय पत्र मिला। एक मोबाइल फोन और एक हजार रुपये भी मिले। शव के पास ही एक बैग भी रखा था। इसमें कुछ कपड़े और प्रतियोगी परीक्षा की तैयारियों की किताबें भी थीं। मोबाइल में दर्ज नंबरों से परिजनों को सूचना दी गई। पिता सर्वेश कुमार ने बताया कि मनीष पॉलिटेक्निक से सिविल इंजीनियरिंग का डिप्लोमा कर चुका था, अप्रेंटिस भी की थी। वह आईपीएस बनना चाहता था, इसलिए इतिहास विषय से परास्नातक की पढ़ाई कर रहा था।सुसाइड नोट में मनीष ने अपनी मौत के लिए खुद को जिम्मेदार बताया है। सुसाइड नोट



की आखिरी लाइन में उसने लिखा है.... गुड बाय, बैड लाइफ, बैड लक।मनीष तीन भाइयों में सबसे बड़ा था। पिता घरों में ट्यूशन पढ़ाते हैं। बेटे की मौत से पिता सर्वेश और मां संतोषी बदहवास हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक पूर्वी नृपेंद्र ने बताया कि खुदकुशी का मामला है। फोरेंसिक टीम ने भी मौके से नमूने जुटाए हैं। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## खेतों में पराली जलाने का सिलसिला जारी, नहीं हो रही कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात



**हरपालपुर/हरदोई** शासन प्रशासन की लाख कोशिशों के बाबजूद खेतो में पराली जलाने का सिलसिला लगातार जारी है।तहसील क्षेत्र के ककरा,हरपालपुर में पराली जलाने के मामले सामने आ रहे हैं। वहीं सूत्र बताते हैं कि हल्का लेखपाल सहित राजस्व निरीक्षक की मिलीभगत से पराली जलाई जाती है।जहाँ पर जिन खेतों में पराली जलाई गई है वह कटरा विल्हौर हाइवे के किनारे पर हरपालपुर - सवायजपुर मुख्य मार्ग पर स्थित है लेकिन जिम्मेदारों के रहमो करम पर पराली जलाने बाले किसानों पर कोई कार्यवाई न होते देख अन्य किसान भी पराली न जलाने के निर्देशो को हवाई ही समझ रहे हैं।

ककरा प्रधान पति संजीव कुमार ने बताया कि शासन व प्रशासन लगातार पराली न जलाने के निर्देश किसानों को दे रही है लेकिन इन निर्देशों की खुलेआम अवहेलना की जा रही है।उन्होंने कहा कि उनकी ग्राम पंचायत ककरा में भी किसान खेतो में लगातार पराली जला रहे है। लेकिन उन पर कोई कार्यवाई नही हो रही है।

## इटारा में विद्यार्थी परिषद बैच अलंकरण समारोह का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**पिहानी/हरदोई** इटारा विद्यालय विद्यार्थी परिषद बैच अलंकरण समारोह का आयोजन खण्ड शिक्षा अधिकारी पिहानी प्रियंका सिंह व एसआरजी हरदोई आशीष मिश्रा ने दीप प्रज्वलित कर किया सरस्वती वंदना पर वैष्णवी व स्वागत गीत पर सारिका यादव ने प्रस्तुति दी। कक्षा 6 से 8 तक के बच्चों में सत्र, 2024- 25 के लिए छात्र काउंसिल के विभिन्न पदों का वितरण किया गया स्कूल हेड बॉय उदयभान सिंह और हेड गर्ल इसरा परवीन , स्पोर्ट कैप्टन नैन्सी , एम एस धोनी हाउस कैप्टन प्रियांशी दीक्षित वाइस कैप्टन चंदन, सायना नेहवाल हाउस कैप्टन वैष्णवी शुक्ला वाइस कैप्टन फैजान, साक्षी मलिक हाउस कैप्टन काजल यादव वाइस कैप्टन प्रतीक , स्मृति मंधाना हाउस कैप्टन प्रीतिका वाइस कैप्टन अरुण बने। चयनित सदस्यों को उनके पद की शपथ दिलाई गई व एसआरजी आशीष मिश्रा , खण्ड शिक्षा अधिकारी प्रियंका सिंह ने बच्चो का बैच अलंकरण किया।

कार्यक्रम में एचसीएल फाउंडेशन की तरफ से उपस्थित भुवाल प्रजापति व सोनाली ने स्पोर्ट फॉर चेंज प्रतियोगिता के विजेता बच्चो को बैग, पानी की बोतल जूते, किट, आदि का वितरण किया। मुख्य अतिथि ने सभी सदस्यों के प्रति विश्वास व्यक्त करते हुए कहा सभी चयनित पदाधिकारी पूर्ण मनोयोग के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करेंगे ! विद्यार्थी जीवन में मिले यह अवसर छात्रों में छिपी प्रतिभाओं को निखारने का सुअवसर प्रदान करता है सभी आगे बढ़कर विद्यालय, समाज ,देश का नाम रोशन करे।

एआरपी अनिल मिश्रा, अभय सिंह, मयंक सिंह ने बच्चो को आगामी खेल प्रतियोगिताओं की जानकारी प्रदान की व ब्लॉक का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया विद्यालय के प्रधानाध्यापक कालीचरन ने अतिथियों का आभार व्यक्त कर प्रतीक प्रतीक चिन्ह भेंट किया। इस अवसर पर विद्यालय के प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष नीरज मिश्रा मंजुला भारती ,निजामुद्दीन, अनिल मिश्रा ,अभय सिंह,मयंक सिंह,रमेश वर्मा, आशीष वर्मा उपस्थित रहे कार्यक्रम का संचालन सत्येंद्र यादव ने किया।

## पारुल देवी ने नीट यूजी परीक्षा उत्तीर्ण कर जनपद का बढ़ाया मान

स्वतंत्र प्रभात

**हरदोई**-आज के युग में किसी भी क्षेत्र में महिलायें पुरुषों से कहीं आगे निकल चुकी हैं। महिला सशक्तिकरण का ये एक और जीता जागता उदाहरण है। ज्योति जूनियर हाईस्कूल कुरसठ हरदोई की पूर्व छात्रा पारुल देवी ने नीट यूजी परीक्षा उत्तीर्ण करके अपने जनपद व क्षेत्र का नाम रौशन किया है। पारुल देवी ने प्रदेश की आयुष काउंसलिग में 620वीं रैंक प्राप्त करके प्रदेश के टॉप कॉलेज में से एक लाल बहादुर शास्त्री होम्योपैथिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पिटल प्रयागराज में प्रवेश पाकर अपना स्थान सुनिश्चित किया है। पारुल देवी से बात करने पर उन्होंने बताया कि मेहनत व लगन के साथ साथ धैर्य बनाये रखते हुए सफलता के उच्चतम पायदान पर पहुँचा जा सकता है। इस मौके पर उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने



माता पिता व अपने गुरुजनों को दिया है।

## कमेंट को लेकर दो पक्षों में मरपीट, केस दर्ज

**सिद्धार्थनगर।** जिले के मोहाना थाना क्षेत्र के बर्डपुर कस्बा में मंगलवार की रात को इंटरनेट मीडिया पर वीडियो पोस्ट किए एक फोटो पर कमेंट को लेकर दो पक्षो में विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि मारपीट हो गया। मौके पर पुलिस पहुंच कर मामले को शांत किया। हालांकि स्वतंत्र प्रभात पोस्ट वीडियो की सत्यता की पुष्टि नही करता है। बर्डपुर कस्बे में बुधवार को रामलीला का आयोजन होना था। जिसको लेकर तैयारी चल रहा था। बर्डपुर निवासी आकाश कसौधन पुत्र सुखदेव का विवाह अलीगढ़वा में होना निश्चित हुआ है। जिसने एक फोटो पोस्ट किया जिस पर अलीगढ़वा के एक लड़के ने गंदा कमेंट कर दिया। जिसको लेकर मोबाइल पर दोनों में बहस हुई। इसी बीच दो लड़के बर्डपुर आ गए। बातचीत के दौरान एक दूसरे ने अपना लोकेशन बताया जहा आकाश पहुंच गया। दोनों में जमकर मारपीट हुआ। मामला गंभीर देख तमाम लोगों पहुच गए। कुछ लोग मारपीट को छुड़ाने लगे। मौका देख अलीगढ़वा के लड़के ने पटाखे की दुकान मे घुस गया। जिसकी सूचना किसी ने पुलिस को दे दिया। मौके पर पुलिस पहुच कर मामले को शांत करने में जुट गई। भीड़ ज्यादे होने के कारण लड़के को पकड़ कर पुलिस थाने के लिए निकलने लगी। तो भीड़ ने पुलिस की बाइक को रोकने का प्रयास किया। लोग ईट पत्थर भी चलाने लगे। किसी तरह पुलिस लड़के को पकड़ कर मोहाना थाने ले गई। इनके बाद अलीगढ़वा बाजार से चार बाइक पर करीब 15 लोग पहुच गए। मामला बढ़ता देख पुलिस ने लाठी भाजी तो लोग भागने लगे। कोई व्यक्ति को तो पुलिस ने नही पकड़ पाई। बल्कि चार बाइक को तो पकड़ कर चौकी ले गई हैं। इस संबंध में एसओ मोहाना जीवन त्रिपाठी ने कहा कि रात में मारपीट हुआ केस दर्ज मामले की जाच कर कार्रवाई की जाएगी।

# संगठन के पदाधिकारियों ने दो सांसदों को सौपा ज्ञापन

**● - कोटेदारो की विभिन्न मांगों को लेकर दिया मांग पत्र**

स्वतंत्र प्रभात



**सीतापुर।** आल इंडिया फेयर शांप डीलर्स एसोसिएशन के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह के तत्वधान में जिलाध्यक्ष राम लखन सिंह यादव के द्वारा जिलाधिकारी एवं जिला पूर्ति अधिकारी सीतापुर, सदर सांसद राकेश राठौर धौरहरा सांसद आनंद भदौरिया को संगठन के समस्त पदाधिकारियों एवं राशन डीलरों की उपस्थिति में मुख्यमंत्री को संबोधित मांग पत्र में कोटेदारो की समस्याओं जैसे कमीशन की बढ़ोतरी एवं मानदेय बढ़ाए जाने हेतु ज्ञापन सौपा।संगठन के प्रदेश महासचिव अशोक कुमार सिंह ने कहा मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को सिंहासन पर बैठाने का कार्य किया है। उत्तर प्रदेश के राशन डीलरों ने ईमानदारी पूर्वक राशन को उपभोक्ताओं तक कोरोना काल से लेकर अब तक जनहित में वितरित करते आ रहे हैं। भारत सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार को प्रशंसा पत्र भी राशन डीलरों के वितरण के उपरांत ही प्राप्त हुआ। सरकार को हमारा लाभांश गोवा, गुजरात, हरियाणा, दिल्ली के तर्ज पर ?200 प्रति कुंतल बढ़ा देना चाहिए। सभी शासनादेश आयुक्त को उपलब्ध कराए गए हैं। ?200 का प्रस्ताव भी प्रमुख सचिव खाद्य के द्वारा सरकार तक पहुंच दिया गया ।लेकिन सरकार ने अभी तक हमारा लाभांश नहीं बढ़ाया जिसके सापेक्ष में 4 दिसंबर को उत्तर प्रदेश के समस्त मंडलों से राशन डीलर जवाहर भवन का घेराव करेंगे। आयुक्त को पत्रक के माध्यम अवगत कराते हुए आंदोलन किया जाएंगे। जिला अध्यक्ष राम लखन सिंह यादव ने कहा सीतापुर के ठेकेदारों द्वारा सभी राशन डीलरों को खाद्यान्न दुकान पर कट्टी वजन सहित अपने कांटे से तौल कर गुणवत्ता सहित खाद्यान्न नहीं पहुंचाया जा रहा है ।जिम्मेदार अधिकारी मौन है समस्त अधिकारी शासनादेश के अनुरूप छोटी-बड़ी गाड़ियों के द्वारा खाद्यान्न दुकान तक पहुंचाने में सहयोग प्रदान करें। अन्यथा की स्थिति में खाद्यान्न प्राप्त नहीं किया जाएगा। समस्त जिम्मेदारी अधिकारियों की होगी शासनादेशों का परिपालन कराया जाए।उक्त कार्यक्रम में मौजूद समस्त पदाधिकारी और राशन डीलरों ने 4 दिसंबर को जवाहर भवन घेराव में सम्मिलित होने की सहमति जताई है। सांसद ने संगठन के लोगो के प्रति सहमति जताई है।उनहोने कहा है की।कोटेदारो की मांगें उचित है। पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री , प्रमुख सचिव को लिखित रूप से अवगत कराऊंगा ।आपकी समस्या का निदान होना चाहिए। कोटेदारो में कहा सरवर की समस्या का निदान अभी नहीं हुआ है इसे तत्काल ठीक कराया जाए। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अशोक कुमार सिंह संगठन के प्रदेश महासचिव संगठन के सीतापुर जिलाध्यक्ष राम लखन सिंह यादव ,विशाल रस्तोगी, विजय वर्मा , आशीष, राकेश सिंह ,अजय जायसवाल , अशोक रावत, वीरेंद्र मधुकर, कमलेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, विनोद तिवारी, कन्हैया यादव, धर्मेंद्र, मोनू शुक्ला, बृजलाल, रमेश, सुरेंद्र यादव, संतराम, केवाराम, सुधीर मिश्रा,धर्मेंद्र सिंह, कृष्ण स्वरूप पांडे, कय्यूम खान , त्रिभुवन वर्मा , नसीम खान , दिलीप गुप्ता, राजकुमार गुप्ता, अतुल गुप्ता, वीरेन्द्र, कुंज बिहारी, आलोक मिश्रा, राजेंद्र आदि समस्त पदाधिकारी गण और सैकड़ो की संख्या में राशन डीलर मौजूद रहे।

## एयरटेल नेटवर्क डाउन नेट स्पीड न चलने से उपभोक्ताओं को नेट व कॉलिंग करने में समस्या, नेटवर्क सही कराने की मांग

स्वतंत्र प्रभात

**महमूदाबाद , सीतापुर** जनपद सीतापुर के महमूदाबाद ग्रामीण इलाके के सिरौली क्षेत्र में एयरटेल 4 त्न नेटवर्क डाउन चलने से एयरटेल सिम कार्ड उपभोक्ताओं को इंटरनेट चलाने व कॉलिंग करने में समस्या हो रही है। और एयरटेल सिम कार्ड से सम्बन्धित लगभग सभी अधिकारी व कर्मचारी इस समस्या पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दें रहें है। जिससे एयरटेल उपभोक्ता दूसरी कंपनी वोडाफोन , जियो आदि कई अन्य कंपनियों में एयरटेल सिम को पोर्ट कराकर दूसरी कंपनी में जाने को मजबूर हो रहें है। एयरटेल उपभोक्ता राम सनेही, जगत पाल, राम अनुज, दीन दयाल, सुलेमान, उस्मान, सर्वेश कुमार, रहमत अली, सुदामा, सत्यभामा, अमित कुमार, नितिन कुमार , संतोष होटल, सौरभ नाग, राज कुमार नाग,जयपाल मोबाइल, चंद्र जीत यादव किराना स्टोर, मनोज मोबाइल , सुशील पटेल, धर्म पाल आदि समेत कई अन्य उपभोक्ताओं ने बताया कि सिरौली इलाके में आज लगभग एक महीने से एयरटेल सिम से कॉल करने के साथ साथ 4 G इंटरनेट चलाने में समस्या हो रही है। साथ ही रिचार्ज भी महंगा हो गया है। और एयरटेल कंपनी के अधिकारी व कर्मचारी क्षेत्र में तो आते है। लेकिन 4G इंटरनेट नही चल रहा है न ही कॉलिंग हो पा रही है इस समस्या पर बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहें है। जबकि एयरटेल कंपनी ग्रामीण क्षेत्रों में 5त्न नेटवर्क चलने का दावा कर रही है। यहां तो 4G नेटवर्क चल नही पा रहा है। बात 5G की जा रही है। इलाके के अन्य उपभोक्ताओं ने नेट व कॉल को लेकर विभिन्न प्रकार की समस्याओं को लेकर कई बातें बताई है। उपभोक्ता सर्वेश यादव ने बताया कि एयरटेल टी एम , नेटवर्क इंजीनियर समेत कई संबंधित अधिकारियों से बात की गई मगर आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया है। और वहीं जनसेवा केंद्र संचालकों ने भी बताया कि एयरटेल सिम का नेटवर्क खराब चलने से फार्म ऑनलाइन करने में समस्या हो रही है। जिससे अभ्यर्थियों के फार्म ऑनलाइन नही हो पा रहे है। साथ ही खाता धारकों के खाते से रुपयों की निकासी में भी समस्या उत्पन्न हो रही है।

airtel

इलाके के उपभोक्ताओं ने सम्बंधित अधिकारियों व कर्मचारियों शीघ्र ही 4G नेटवर्क को सही कराए जाने की मांग कर रहे है।जिससे एयरटेल के सभी उपभोक्ताओं उक्त समस्याओं से निजात मिल सकें। परन्तु करीब चार माह बीत जाने बाद भी नेटवर्क समस्या से निजात नहीं मिल पा रही है। जबकि टी एस एम विनय सिंह व जेड एस एम अमर सिंह को उनके पर्सनल नंबर पर कॉल कर के व जीनेट ट्रैकर ऐप के माध्यम से जानकारी दे दी जा चुकी है। फिर जिम्मेदार अधिकारी बिल्कुल भी ध्यान नहीं दे रहें है। और उपभोक्ताओं को नेटवर्क की समस्याओं से जूझना पड़ रहा है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीकाकरण के दौरान मिलेगी परिवार नियोजन की जानकारी-योगेश

**● - उम्मीद परियोजना की सिधौली ब्लॉक सभागार में हुई अंतरविभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक**

स्वतंत्र प्रभात

**सीतापुर।** विकास खंड सिधौली के सभागार में मंगलवार को अंतरविभागीय ब्लॉक समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक का आयोजन पापुलेशन फाउण्डेशन आफ इण्डिया एवं मोवियस फाउण्डेशन के सहयोग से संचालित उम्मीद परियोजना के तहत किया गया। बैठक में इस परियोजना के नोडल विभाग के रूप में स्वास्थ्य विभाग के साथ ही पंचायती राज विभाग, शिक्षा विभाग, आजीविका मिशन, आईसीडीएस सहित अन्य विभागों के अधिकारियों ने प्रतिभाग किया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक खंड विकास अधिकारी योगेश कुमार शर्मा ने कहा कि उम्मीद परियोजना से संबंधित बैठकों में सभी विभागों की सहमति हो, साथ ही वाट्सएप ग्रुप के माध्यम से जानकारियों का आदान-प्रदान किया जाए। उन्होंनेक कहा कि विकास खंड की सभी ग्राम पंचायतों के पंचायत भवनों पर परिवार नियोजन सम्बन्धित बैठकों का आयोजन किया जाएगा और इन बैठकों में पुरूषों की भागीदारी और परिवार नियोजन पर उनकी भूमिका के महत्व पर जोर दिया जाएगा। सीडीपीओ हेमा शुक्ला ने का कह आंगनबाड़ी केंद्रों पर टीकाकरण के लिए आने वाली सभी महिलाओं को परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों की जानकारी देते हुए उन्हें बास्केट ऑफ च्वॉइस के बारे में बताया जाए। इस मौके पर पापुलेशन फाउण्डेशन आफ इण्डिया की पूर्णिमा चौधरी ने उम्मीद परियोजना के अन्तर्गत अभी तक हुये कार्यों एवं आगामी कार्यों की रूप रेखा के विषय में चर्चा की। उन्होंने कहा कि उम्मीद परियोजना का संचालन जिले में परिवार नियोजन की सेवाओं को और भी बेहतर बनाने के लिए



किया जा रहा है। इस परियोजना का उद्देश्य हर इच्छुक दंपति को परिवार नियोजन की मनपसंद सेवाएं प्रदान करना और अधिक से अधिक लोग परिवार नियोजन के साधनों का लाभ प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि संस्था द्वारा जिला महिला चिकित्सालय सहित जिले के नौ ब्लॉकों के सीएचसी पर उम्मीद परामर्श केंद्र की स्थापना की जा रही है। उन्होंने बताया कि जिले के मिश्रिख, बिसवां, परसेंडी, ऐलिया, महमूदाबाद, खैराबाद,सिधौली, कसमंडा और गोंदलामऊ विकास खंडों में उम्मीद परियोजना का संचालन किया जा रहा है।

## ब्लॉक परिसर में किसान मेला/गोष्ठी का हुआ आयोजन

स्वतंत्र प्रभात



**हरियावा** विकासखंड के परिसर में कृषि विभाग की तरफ से आज किसान मेला गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि मा ब्लॉक प्रमुख, रामदयाल जी ने कहा कि सरकार किसानों की आय दोगुनी के लिए सतत प्रयासरत है। योजनाओं का लाभ किसानों को सीधे मिल रहा है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना किसानों के जीवन में काफी बदलाव लाई है। वर्तमान परिवेश में हमें खेती की उर्वरा शक्ति बढ़ाने व मानव स्वास्थ्य को सही रखने के लिए जैविक खेती की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है। हमारे द्वारा अंधाधुंध रसायन उर्वरक का प्रयोग करने से मानव स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा है। ब्लॉक हरियावं हमारा परिवार है। इन योजनाओं के माध्यम से ज्यादा से ज्यादा जानकारी लेकर अपनी कृषि में लाभ उठाएं। किसानों को मोटा अनाज के प्रति ध्यान देना चाहिए। मोटा अनाज पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं। मोटा अनाज कुपोषण को दूर करने में काफी सहायक होते हैं।

एडीओ एजी विनीत पाठक ने बताया सरकार द्वारा संचालित किसानों के हितों की योजनाओं पर प्रकाश डाला, मोटा अनाज की उपयोगिता के बारे में बताया, किसान बंधुओ से अपील की अपने फसल के अवशेषों को आग न लगाएं। इससे मानव स्वास्थ्य को काफी नुकसान होता है। मानव स्वास्थ्य के साथ पर्यावरण को काफी नुकसान होता है। किसान बंधु पराली में आग न लगाएं। इस पराली को पशु आश्रय स्थल में दें, बदले में गोबर की खाद लें लें। यूरिया के स्थान पर जैविक खाद का उपयोग करें। जनप्रतिनिधि गणों द्वारा किसानों को बीज की किट निःशुल्क प्रदान की गई। इस अवसर पर कृषि विभाग के समस्त अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहें, कृषि विभाग, पशुपालन, फसल बीमा प्रतिनिधि, पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ संजीत टीए शरद कुमार, एटीएम कमलेश कुमार,बीटीएम आदर्श शुक्ला व क्षेत्र किसान संजीव मिश्रा उर्फ पल्लू, दीपू बाजपेई, स्वदेश मिश्रा, राघवेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र कुशवाहा आदि आए सैकड़ो कृषक बंधु मेले व गोष्ठी में भारी संख्या में मौजूद रहे।

### पत्नी के मायके जाने पर युवक ने लगाई फांसी

**अलीगढ़।** थाना अकराबाद क्षेत्र के गांव मिर्जा चांदपुर में पत्नी के मायके से ना आने पर गुस्साए पति ने बुधवार को फांसी का फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मृतक के परिजनों से मामले की जानकारी की है। गांव मिर्जा चांदपुर निवासी नाहर सिंह के तीन बेटों में बड़े बेटे अमरजीत का किसी बात को लेकर अपनी पत्नी से विवाद चल रहा था। इसी के चलते पत्नी करीब सात माह से अपने मायके थाना सिडपुरा के गांव ताज में माता पिता के साथ रह रही है। परिजनों ने पुलिस को बताया है कि इस बीच कई बार अमरजीत पत्नी रश्मि को बुलाने उसके मायके भी गया था। पर वह नहीं आई। बुधवार की सुबह अमरजीत ने मोबाइल पर पत्नी से बात की और उसके बाद अपने ही घर के एक कमरे में फंदा लगाकर फांसी लगा ली। जिससे 25 वर्षीय अमरजीत की मौके पर ही मौत हो गई।

## संक्षिप्त ख़बरें

### अमेठी पुलिस "नशा मुक्त अमेठी अभियान"के अन्तर्गत थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा कुल 22 ग्राम स्मैक के साथ 01 अभियुक्त गिरफ्तार



**अमेठी ।** जनपद अमेठी में अपराध एवं अपराधियों के धर पकड़ हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व "नशा मुक्त अमेठी अभियान" के तहत उपनिरीक्षक धीरेन्द्र प्रताप सिंह थाना मोहनगंज मय हमराही द्वारा देखभाल क्षेत्र, चेकिंग संदिग्ध व्यक्ति, वस्तु, वाहन के दौरान अभियुक्त अहमद अली पुत्र स्व0 रहम अली निवासी ग्राम सैम्बशी थाना मोहनगंज जनपद अमेठी उम्र करीब 52 वर्ष को बारधर्मे मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया । तलाशी से अभियुक्त के कब्जे से कुल 22 ग्राम स्मैक बरामद हुई । गिरफ्तारी व बरामदगी के संबन्ध में थाना मोहनगंज पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की गई।

### सास, ससुर और पत्नी पर लगाया मारपीट का आरोप




**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के पूरे अंबरवीर मजरे डिहवा गांव निवासी अजय पुत्र राजकुमार ने अपने ससुरालीजनों पर मारपीट करने का आरोप लगाया पीडीएफ में पुलिस को प्रार्थना पत्र देकर सास ससुर और पत्नी के विरुद्ध कार्रवाई की गुहार लगाई। पीड़ित ने बताया कि विगत कई दिनों से उसकी पत्नी और उसके बीच विवाद चल रहा था। सुलह समझौते के बाद चार दिन पहले ही उसकी पत्नी उसके घर रहने आई थी। दुबारा विवाद करने पर डलमऊ के पखरौली निवासी पत्नी की माता राधा व पिता सुरेश बुधवार को उसके घर आ धमके और उससे विवाद करने लगे। तीनों ने मिलकर उसकी पिटाई कर दी। ससुर ने ईंट मारकर उसका सिर फोड़ दिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि मामले में जानकारी की जा रही है।

### वांछित अभियुक्त गिरफ्तार अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान



**चोपन सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक महोदय के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक मुख्यालय व क्षेत्राधिकारी नगर महोदया के पर्यवेक्षण तथा प्रभारी निरीक्षक चोपन के कुशल नेतृत्व में अपराध एवं अपराधियों पर प्रभावी अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में मु0अ0सं0 139/2024 धारा 493 भादवि में वांछित अभियुक्त विकाश केशरी पुत्र श्यामनरायण केशरी निवासी ग्राम व पोस्ट अम्बा खोरिया वार्ड नं0 4 थाना धुरकी, जिला गढ़वा, झारखण्ड उम्र करीब 25 वर्ष को आज दिनांक 23.10.2024 को माँ बैष्णों मंदिर डाला से समय 08.10 बजे गिरफ्तार किया गया व विधिक कार्यवाही कर माननीय न्यायालय भेजा जा रहा है।

### हाथीनाला पुलिस द्वारा दुष्कर्म से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित एक नफर अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**हाथी नाला सोनभद्र।** पुलिस अधीक्षक सोनभद्र के निर्देशन एवं अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय) व क्षेत्राधिकारी ओबरा के निकट पर्यवेक्षण में महिला उत्पीड़न सम्बन्धी अपराध/अपराधियों पर अंकुश लगाये जाने हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना हाथीनाला पुलिस टीम द्वारा थाना हाथीनाला पर पंजीकृत मु0अ0सं0 31/2024 धारा 65(1), 64(2)(m)(f), 351(2) BNS व 3/ 4 (I), 5(रु)/6 पाक्सो एक्ट से सम्बन्धित प्रकरण में वांछित अभियुक्त अंगद पुत्र सुभाष पटेल निवासी बीड़र थाना दुद्धी जनपद सोनभद्र उम्र करीब 21 वर्ष को गिरफ्तार कर मा0 न्यायालय रवाना किया गया ।

## दीपावली की दस्तक आते ही बाजारों में दिखने लगी रंग बिरंगी मिलावटी मिठाइयां

● सबसे ज्यादा दीपावली पर होती है मिठाई की बिक्री जिसके चलते मार्केट में रेडीमेड मिलावटी मिठाई की भरमार

जनपद के अंतिम छोर पर बसे शुकुल बाजार, महोना और सत्थिन पर कम ही पड़ती है फूड विभाग की नजर



स्वतंत्र प्रभात

**शुकुल बाजार अमेठी।** दीपावली की दस्तक आते ही बाजारों में रंग बिरंगी नकली मिलावटी मिठाइयां सजने लगी हैं, जानकारों की माने तो रेडीमेड मिठाइयों में व्यापक पैमाने पर मिलावट की जाती है जो कि स्वास्थ्य के लिए बेहद नुकसान देय साबित होता है। सूत्रों की माने तो रेडीमेड मिठाई 90 से ?100 किलो, छेना 90 से 100 रुपए किलो, कालाजाम 90 से 100 रुपए किलो, बर्फी 90 से 100 रुपए किलो, खोया और पनीर भी 90 से 100 रुपए किलो थोक रेट में आता है जो कि बड़े आराम से मार्केट में 200 और ढाई सौ रुपए किलो बिकता है। रेडीमेड मिठाइयों में शुद्ध खोया नहीं मिलाया जाता मिलावट की जाती है जो लोगों के स्वास्थ्य के लिए भारी नुकसान देय साबित होता है। शुकुल बाजार कस्बे में, सत्थिन चौराहे पर, जैनबगंज और महोना कस्बे में यूं तो चंद होटल है, लेकिन दीपावली पर जगह-जगह पर रेडीमेड मिठाई के सैकड़ो स्टॉल लगाए जाते हैं जो की थोक विक्रेताओं से मिठाई खरीद कर बेचीं जाती हैं। और सबसे ज्यादा इसी मिठाई को लोग स्वास्थ्य के प्रति घातक बताते हैं कुछ ऐसे भी मिष्ठान वाले हैं जो हमेशा रेडीमेड मिठाई बेचते हैं तो चंद ऐसे दुकानदार भी हैं जो स्वयं तैयार शुद्ध मिठाई भी बेंचते हैं, ऐसा नहीं है कि फूड विभाग कभी शुकुल बाजार नहीं आता फूड विभाग के अधिकारी कर्मचारी शुकुल बाजार आते हैं लेकिन जनपद के अंतिम छोर पर बसे होने के चलते फूड विभाग की नजर शुकुल बाजार कस्बे पर कम पड़ती है और ऐसे में शुकुल बाजार, सत्थिन ,महोना, और जैनबगंज में रेडीमेड मिठाई की भरमार रहती है, दीपावली के पावन पर्व पर क्षेत्रीय लोगों ने फूड विभाग से अपील की है कि सभी दुकानों पर खोया, पनीर, और मिठाई की सैंपलिंग की जांच की जाए जिससे यह पता चल सके कि कौन सी मिठाई स्वास्थ्य के लिए लाभदायक है और कौन सी मिठाई मिलावटी घटिया और स्वास्थ्य के लिए नुकसान देय है। जो भी नुकसान देय मिलावटी मिठाइयां बेचते हैं ऐसे विक्रेताओं के ऊपर विधिक कार्रवाई की जाए।

## प्रेम प्रसंग के मामले में जांच करने पहुंचे पुलिसकर्मियों पर महिलाओं से मारपीट का आरोप

●आरोपी युवक ने खाया जहरीला पदार्थ।

स्वतंत्र प्रभात

**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली क्षेत्र के जेनेवा कटरा गांव में एक प्रेम प्रसंग के मामले में मंगलवार को आरोपी युवक के घर छानबीन करने पहुंचे पुलिस कर्मियों पर महिलाओं से मारपीट का आरोप लगा है। वहीं इसी बात से क्षुब्ध होकर आरोपी युवक के जहरीला पदार्थ खा लेने की चर्चा है। युवक की हालत गंभीर बताई जा रही है। मंगलवार की शाम को एक मामले की जांच करने पहुंचे बाइक सवार दो पुलिसकर्मियों पर एक गर्भवती महिला ने मारपीट करने का आरोप लगाया। पुलिस कर्मियों के इस व्यवहार से ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। वही बताया जा रहा है कि इसी बात से परेशान होकर महिला के 22 वर्षीय भाई ने जहरीला पदार्थ खा लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। उसे फौरन इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां उसकी हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। इमरजेंसी में तैनात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सत्यजीत ने बताया कि युवक की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल भेजा गया है। घटना की सूचना पुलिस को दी गई है। वहीं परिजनों का आरोप है कि मंगलवार की शाम को एक प्रेम प्रसंग के मामले में पुलिस ने घर में आकर बेजा तरीके से दबाव बनाया। युवक की गर्भवती बहन और मां के साथ मारपीट हुई। जिससे क्षुब्ध होकर युवक ने विषाक्त पदार्थ खा लिया। प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि आरोपी युवक के विरुद्ध लड़की भगाने का केस दर्ज था। पुलिस इसी मामले में छानबीन करने गई थी। आरोपी की घरवालों ने कहा कि उन्होंने उसके खिलाफ मुकदमा लिखा है, वह भी उन्हें फंसा देंगे।

## आबकारी विभाग ने दस पर सुसंगत धाराओं में की कार्यवाही

●आबकारी ने पकड़ी 190 ली अवैध कच्ची शराब

स्वतंत्र प्रभात



**रायबरेली-** दीपावली आदि त्यौहारों को दृष्टिगत रखते हुए जिलाधिकारी हर्षिता माथुर एवं पुलिस अधीक्षक यशवीर सिंह के आदेशानुसार अवैध शराब के निर्माण , बिक्री एवं तस्करी के विरुद्ध जारी प्रवर्तन अभियान के अन्तर्गत जिला आबकारी अधिकारी रवीन्द्र प्रताप सिंह के नेतृत्व में आबकारी निरीक्षक सदर द्वारा थाना गुरुबक्शगंज के अन्तर्गत ग्राम आशाराम का पुरवा, घाटमपुर में अवैध कच्ची शराब बनाने/बेचने के अड्डों पर दबिश की कार्यवाही की गई। आबकारी निरीक्षक महराजगंज द्वारा ग्राम इन्दू खेड़ा में दबिश दी गई तथा मदिरा दुकानों का निरीक्षण किया गया। आबकारी निरीक्षक डलमऊ द्वारा ग्राम बेहिखोर, मदरसा का पुरवा में गदागंज पुलिस के साथ दबिश की कार्यवाही की गई साथ ही मदिरा दुकानों का निरीक्षण एवं रोड़ चेकिंग भी की गई। जनपद में प्रवर्तन कार्य के दौरान लगभग 190 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद की गई तथा मौके पर लगभग 1000 किग्रा लहन नष्ट किया गया। दस अभियोग आबकारी अधिनियम की सुसंगत धाराओं में पंजीकृत किया गया। जिले में अवैध शराब के निर्माण एव बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाने हेतु इस तरह की कार्यवाही आगे भी जारी रहेंगी।

## बाइक सवार दंपति से रुपयों से भरा झोला छिनने वाले बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे, भेजा जेल

स्वतंत्र प्रभात



**लालगंज (रायबरेली)।** कोतवाली पुलिस और एसओजी की संयुक्त टीम ने क्षेत्र में गंगापुर बरस चौराहे के निकट दंपति के साथ हुई लूट के मामले में दोनो बाइक सवार बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस टीम ने दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उन्हें जेल भेज दिया है। गत 17 अक्टूबर को कोतवाली क्षेत्र के पूरे मतुआ गांव के निवासी अमरपाल अपनी पत्नी बबिता के साथ स्टेट बैंक शाखा से एक लाख रुपए निकाल कर घर जा रहा था। रास्ते में गंगापुर चौराहे के पास दो अज्ञात बाइक सवार बदमाशों ने महिला से रुपयों से भरा झोला छीन कर फरार हो गए थे। पुलिस ने मामले में बाइक सवार दो अज्ञात लोगों के विरुद्ध केस दर्ज कर छानबीन शुरू की। 22 अक्टूबर को एसओजी व कोतवाली पुलिस की संयुक्त टीम ने डलमऊ बाईपास के निकट से अमर सिंह उर्फ पप्पू व उसके सगे भाई मन्नू नट निवासी छत्तीसगढ़ को एक लाख दस हजार रुपए नगदी, जेवरात व तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त की गई बाइक भी बरामद की है। पुलिस की इस सफलता पर पुलिस अधीक्षक ने पुलिस व एसओजी की टीम को सम्मानित किया। इंस्पेक्टर संजय कुमार सिंह ने बताया कि दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है।

## सोनांचल सेवा मंच द्वारा आयोजित मेडिकल कैंप में 215 नेत्र रोगियों को दी गई दवाएं

स्वतंत्र प्रभात

**ओबरा सोनभद्र** ।सामाजिक संस्था सोनांचल सेवा मंच द्वारा अपने उद्देश्य शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता एवं जागरूकता के अभियान को आगे बढाते हुए आज नेत्र रोग के मेडिकल कैंप का आयोजन ओबरा बाबा धुलाई के पास स्थित राहुल मेडिकल स्टोर पर किया । वरिष्ठ नेत्र रोग चिकित्सक डॉक्टर काम्या श्रीवास्तव एवं उनके सहायक डॉक्टर टी 0एस 0पांडे और राहुल श्रीवास्तव की टीम द्वारा पूरी तत्परता एवं तन्मयता से मरीजो को देखने का कार्य किया गया, जिसमें आसपास के रह वासियों के अलावा दूर दराज से आए हुए नेत्र रोग के कुल 215 जरूरतमंद महिला एवं पुरुषों का इलाज ,परामर्श एवं दवाएं मुफ्त दी गई। सोनांचल सेवा मंच के संयोजक अशोक कुमार यादव अध्यक्ष सुशील कुमार कुशवाहा ने कहा कि समय-समय पर मंच जरूरतमंद लोगों की मदद करने के लिए सामने आता रहता है ।ऐसे लोगों की मदद करके




जिनके पास कम साधन- संसाधन होते हैं उनकी मदद करके मंच के लोगों को बहुत ही सुकून का अनुभव होता है और जरूरतमंदों को दी गई मुफ्त की दवा, परामर्श एवं इलाज से जो उनको संतुष्टि मिलती है उससे मंच के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ता है। कैंप को सफल बनाने में महासचिव अनूप कुमार सेठ, छात्र नेता पवन यादव, महिला इकाई की अध्यक्ष श्रीमती उषा शर्मा, उपाध्यक्ष पुष्पा दुबे, सौरभ श्रीवास्तव, मोनिका मेडिकल स्टोर के मुकेश तिवारी, सत्या मेडिकल स्टोर के अतुल कुमार सिंह,रामवृक्ष यादव ,लालमोहन यादव, नीता चौबे , संजीता सिंह, निर्मला भटनागर, संजू श्रीवास्तव, सुषमा कुशवाहा ,बीना पांडे, ममता श्रीवास्तव, सरिता सिंह, विभाष घटक, संतोष प्रजापति शामिल रहे।

## खनन माफियाओं पर शिकंजा कसने वाली न्यायप्रिय जिलाधिकारी की साख पर बट्टा लगा रहे जिम्मेदार अधिकारी

●जिला खनन अधिकारी के संरक्षण में बेख़ौफ़ हुए खनन माफिया, अंधाधुंध अवैध खनन जारी

जिला खनन अधिकारी ने कहा,जहाँ शिकायत करनी हो कर लो



स्वतंत्र प्रभात

**ऊंचाहार रायबरेली।** हाइवे के ठेकेदारों द्वारा मनकों की धज्जियाँ उड़ाते हुए उपजाऊ ज़मीनों को तालाबों के रूप में लागातार तब्दील किया जा रहा है, मनकों की और नियमों को तार तार करके जबरदस्त तरीके से अवैध खनन किया जा रहा है बावजूद इसके जिला खनन अधिकारी हाँथ पर हाँथ रखे बैठे हुए हैं, शिकायत या मीडिया के हस्तक्षेप के बाद जिला खनन अधिकारी का बयान अल्फाज होते हैं कि जहाँ शिकायत करनी हो कर लो, ऐसे में सवाल बड़ा है कि जहाँ एक तरफ न्यायप्रिय जिलाधिकारी द्वारा लागातार खनन माफियाओं पर शिकंजा कसा जा रहा है तो वहीं दूसरी तरफ जिला खनन अधिकारी द्वारा खनन माफियाओं को बढ़ावा दिया जा रहा है। ताज़ा मामला ऊंचाहार क्षेत्र के सरायभान गांव का है जहाँ पर हाइवे निर्माण में सहयोगी कार्यदाई संस्था महादेव कंस्ट्रक्शन द्वारा खुलेआम रातो दिन नियमों और मनकों की धज्जियाँ उड़ाते हुए किसानों के उपजाऊ खेतों को तालाब के रूप में तब्दील किया जा रहा है।

**बेख़ौफ़ ठेकेदार ने बिना अनुमति खोद डाली थी कई बीघे भूमि, मामले में खनन अधिकारी थे उदासीन**

महादेव कंस्ट्रक्शन नामक संस्था का ठेकेदार इतना बेख़ौफ़ है कि उसने किसान चंद्र पाल पाल के खेत में तो बिना आदेश के ही अवैध रूप से खनन करके उसे तालाब बना दिया गया। जिसे तत्कालीन समय में मीडिया ने उजागर भी किया था, इस मामले में भी जिला खनन अधिकारी ने भी कार्यवाही करने की बात कहकर अपना पल्ला झाड लिया था। अब मौजूदा समय में गांव के किसान मुन्ना के खेत से भयंकर तरीके से मिट्टी निकालने का कार्य जारी है।

## चीनी मिल चलने से पहले हो गन्ना किसानों का भुगतान जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/** जिला अधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में चीनी मिलों की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। बैठक में गन्ना मूल्य भुगतान, चीनी मिल रखरखाव, परिषदवार चीनी मिल गन्ना सर्वे एवं शरद काली गन्ना बुवाई सहित अन्य बिंदुओं पर गहन चर्चा की गई। मक़सदापुर चीनी मिल का 88 करोड रुपए गन्ना भुगतान बाकी होने पर जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि चीनी मिल चलने से पहले शत प्रतिशत गन्ना भुगतान करना सुनिश्चित किया जाए तभी मिल चलाना शुरू करें। जिलाधिकारी ने सभी चीनी मिल प्रबंधकों को निर्देश दिए कि गन्ना पेराई सत्र में घाटतौली की शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। गन्ना तौल सेंटरों पर किसानो की किसी प्रकार की समस्या हेतु शिकायत एवं सहायता हेतु नं0 का वॉल पेंटिंग अथवा फ्लैक्स लगाया जाए।

जिलाधिकारी ने जिला गन्ना अधिकारी को निर्देश दिए कि गन्ना तौल सेंटरों पर किसानों को पराली ना जलाए जाने के संबंध में जागरूक किया जाए तथा फ्लेक्सी भी लगवाए। उन्होंने कहा जागरूक करने के बाद भी जलाने की घटना प्राप्त होती है तो संबंधित किसान का गन्ना सट्टा निरस्त कर दिया जाए। इस अवसर पर जिला गन्ना अधिकारी जितेंद्र कुमार मिश्र एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम ने की संचारी रोग नियंत्रण अभियान के कार्यों की समीक्षा बैठक

●धीमी प्रगति पदाधिकारी की लगाई फटकार आंगनबाड़ी व आशा शत प्रतिशत घरों का भ्रमण कर आमजन को करें जागरूक



डीएम ने की संचारी रोग नियंत्रण अभियान के कार्यों की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात

**शाहजहांपुर/** मंगलवार को जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जनपद में 01 से 31 अक्टूबर, 2024 तक चलाया जा रहे विशेष संचारी रोग नियंत्रण अभियान एवं 11 से 31 अक्टूबर 2024 तक चलाया जा रहे दस्तक अभियान की जनपद स्तरीय अन्तर्वीभागीय समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। बैठक में पंचायती राज विभाग द्वारा विकासखंड जलालाबाद में झाड़ियां की साफ-सफाई ठीक ना होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए जिला पंचायत राज अधिकारी को ग्रामों में झाड़ियां की कटाई व समुचित साफ सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने पंचायती राज विभाग को निर्देश दिए सभी गांव में एंटी लारवा का छिड़काव, फागिंग, नाले नालियों के साफ सफाई एवं झाड़ियां की कटाई सहित आदि कार्यों को अच्छे ढंग से किया जाए। जिला विद्यालय निरीक्षक व बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि स्कूल व कॉलेजों में प्रातः होने वाली प्रार्थना सभा में संचारी रोग के प्रति बच्चों को जागरूक किया जाए। लोगों को भी संचारी रोग के प्रति जागरूक कर सकें। आंगनवाड़ी घर घर जाकर आमजन को जागरूक करने के लिए कहा।

जिलाधिकारी ने नगर निगम के कार्यो की सभी समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि प्रत्येक गली प्रारंभ एवं अंत में सफाई कर्मी एवं सफाई नायकों के नाम एवं मोबाइल नंबरों को वॉल पेंटिंग कराया जाए। उन्होंने कहा कि कूड़ा डोर टू डोर कलेक्शन किया जाए तथा सड़कों पर फेंका हुआ कूड़ा नहीं मिलना चाहिए। कृषि विभाग द्वारा विकासखंड ददरौल भावल खेड़ा एवं खुटार में जन जागरूकता कम होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्य में सुधार लाने के निर्देश दिए। शिक्षा विभाग द्वारा कलान एवं निगोही की स्थिति ठीक ना होने पर डीएम ने खंड शिक्षा अधिकारियों के स्पष्टीकरण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग माइक्रो प्लांन के अनुसार कार्रवाई करें।

डीएम ने सभी सम्बन्धित विभागों को निर्देशित किया गया कि अभियान का उद्देश्य समन्वय स्थापित कर अभियान को शत-प्रतिशत सफल बनाना है। उन्होंने कहा कि सभी मुख्य विभाग जैसे- चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास विभाग, पंचायती राज विभाग/ग्राम विकास विभाग, पशुपालन विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग (आई0सी0डी0एस0) शिक्षा विभाग, चिकित्सा शिक्षा विभाग परस्पर जनपद व ब्लाक स्तर पर माइक्रोप्लान बनाकर कार्य में प्रगति लायें तथा जनपद की रैंक को बनायें रखें। स्वच्छता एवं साफ-सफाई के लिये लोगों में जागरूकता लायी जाए। उन्होंने कहा कि सभी विभाग संचारी रोग अभियान को सफल बनाने हेतु बेहतर प्रयास करें तथा प्रतिदिन की कार्य प्रगति रिपोर्ट की मॉनिटरिंग की जाए। जिलाधिकारी ने परस्पर समन्वय के साथ कार्य करते हुए अभियान को जन सहभागिता के साथ सफल बनाने के लिए अधिकारियों को निर्देशित किया। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को अपने-अपने विभाग से संबंधित कार्यों को सफलतापूर्वक संपादित करने के लिए निर्देशित किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी डॉ0 अपराजिता सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 आरके गौतम सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## हैण्ड पम्प के रिबोर व मरम्मत में फर्जी अभिलेखों को तैयार कर धनों का बंदरबांट

स्वतंत्र प्रभात

**रुपईडीह गोण्डा ।** हैण्ड पम्प के रिबोर व मरम्मत में फर्जी अभिलेखों को तैयार कर धनों का बंदरबांट करने से शुद्ध पेयजल का सपना धूमिल हो रहा है । श्रद्धालुओं व ग्रामीणों को ?आए दिन दूषित पानी पीने के लिए मजबूर हो रहे है । मामला विकासखंड रूपईडीह के ग्राम पंचायत कमडावा से जुड़ा हुआ है जहां पर ग्रामीणों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लिए लाखों रूपए खर्च किए गए हैं। ग्राम पंचायत के हनुमान मंदिर पर लगा हैण्ड पम्प,फूल चंद्र तिवारी के घर के बगल लगा हैण्ड पम्प सहित कई हैण्ड पम्प कई वर्षो से खराब पड़े हुए हैं तो कुछ दूषित पानी उगल रहे हैं जबकि ग्रामीण ने आरोप लगाते हुए कहा कि जिम्मेदार लोगों के द्वारा कागजों में रिबोर व मरम्मत का कार्य दिखाते हुए फर्जी अभिलेखों को तैयार कर धनों का बंदरबांट किया गया है।भ्रष्टाचार की दीमक लग जाने से ग्रामीणों को शुद्ध एवं स्वच्छ पेयजल उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। हैण्ड पम्प के रिबोर व मरम्मत में जमकर भ्रष्टाचार किया गया है जिन हैण्ड पम्पो के रिबोर कराएं गए उन हैण्ड पम्पो को मानक विहीन कराएं गए ,हैण्ड पम्पो के रिबोर को साठ से सत्तर फुट की गहराइयों तक कराएं गए लेकिन हैण्ड पम्प को सौ व एक-सौ दस फुट दिखाया जा रहा है जिससे अधिक लागत दिखा कर फर्जी अभिलेखों को तैयार कर भुगतान कर ले रहे हैं और जिम्मेदार अधिकारियों के मिली भगत कर धनों का बंदरबांट किया जा रहा है। ग्रामीणों ने भ्रष्टाचार के दीमक पर रोक लगाने के लिए उच्च अधिकारियों से मांग की।

इस संबंध में प्रधान पति जगमोहन दूबे ने बताया कि ग्राम पंचायत में कई हैण्ड पम्प खराब पड़े हुए हैं जिन्हें जल्द ही सही कराया जाएगा। संबंध में खंड विकास अधिकारी अभय कुमार सिंह ने बताया कि जांच कर विभागीय कार्यवाही की जाएगी।

## भारतीय स्टेट बैंक के खातों से निकल गए लाखों रुपए शाखा प्रबंधक भी नहीं दे रहे जवाब

शाखा प्रबंधक की बुद्धि शुद्ध करने को पीड़ितों ने किया हवन खड़ताल जारी

स्वतंत्र प्रभात



**शाहजहांपुर/**जनपद की भारतीय स्टेट बैंक शाखा कपसेडा में तमाम खाता धारकों के खातों से पैसा निकल गया है जिसकी ना खाता धारकों को जानकारी नहीं थी और ना ही बैंक शाखा प्रबंधक कुछ बता पा रहे हैं जिसको लेकर खाता धारक काफी परेशान है और इस संबंध में थाना तिलहर में कई खाताधारकों ने मुकदमा भी दर्ज कराया है वही इस समस्या को लेकर कपसेडा के ग्राम प्रधान और ग्रामीणों ने बैंक शाखा में फर्जी भुगतान को लेकर प्रदर्शन शुरू कर दिया है ग्रामीणों ने बैंक शाखा में फर्जी भुगतान और अन्य समस्याओं को लेकर हवन पूजन यज्ञ कर शाखा प्रबंधक की बुद्धि शुद्ध करने को लेकर हवन किया है जिसको लेकर प्रशासन सजक नहीं दिख रहा है प्रदर्शन करने वाले बैंक शाखा में गड़बड़ी करने वालों की गिरफ्तारी और नाला निर्माण एवं सड़क के पूरव दिशा में क्रॉसिंग पॉइंट को लेकर प्रदर्शन कर रहे हैं।

# जुर्माने की सजा काट रहे 03 बिन्दियों का जुर्माना स्वयंसेवी संस्था के सहयोग से जमा करवाकर किया रिहा

**● -जेल अधीक्षक डॉ. वीडी पांडेय स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से इस तरह के सराहनीय कार्य पहले से कराते आ रहे हैं।**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** जिला कारागार, कानपुर नगर में निरूद्ध ऐसे सिद्ध दोष बंदी जिनकी मूल सजा अवधि पूरी हो चुकी है तथा वर्तमान में केवल जुर्माना की धनराशि अदा न कर पाने के कारण कारागार में निरूद्ध है, उनके अर्थ दण्ड की धनराशि समाजसेवी संस्था ''अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति, कानपुर नगर'' के सहयोग से जमा कराकर दिनांक- 22 अक्टूबर को रिहा किया गया। जेल अधीक्षक - डॉ. बी.डी. पाण्डेय द्वारा बताया गया कि बंदीगण (1) विकेश मिश्रा पुत्र कुवंर मिश्रा, निवासी-ईडब्लूएस 710/876 रतनपुर कालोनी, पनकी, जनपद-कानपुर नगर को 02 वर्ष का कारावास एवं अर्थदण्ड रू0-5000/-, (2) अक्षय कुमार उर्फ रिंकू उर्फ मोहन पुत्र रामसिया वाल्मीकि, निवासी-पिपरौली, सहसों, जनपद-इटावा को कारागार में बिताई गयी अवधि का कारावास एवं अर्थदण्ड रू0-2000/-(3) जितेन्द्र गुप्ता पुत्र राधेश्याम गुप्ता, निवासी-म0नं0-771 ईडब्लूएस बर्रा-3, थाना-बर्रा, जनपद-कानपुर नगर कारागार में बिताई गयी अवधि का कारावास एवं अर्थदण्ड रू -1000/- अपनी मूल सजा पूरी कर चुके थे तथा अर्थ दण्ड के व्यतिक्रम की सजा काट रहे थे। इस अवसर पर स्वयंसेवी संस्था अपराध मुक्त सामाजिक चिकित्सा समिति, कानपुर नगर के चैयरमैन- आशुतोष बाजपेई, महासचिव- योगेश बाजपेई, अंकुश अग्रवाल, डा. शरद बाजपेई, डा. हिमांशु बाजपेई, डा. राहुल कपूर, रमेश भण्डारी, प्रदीप पाण्डेय, विजय सेठ तथा जेलर- अनिल कुमार पाण्डेय व मनीष कुमार, डिप्टी जेलर- अरूण कुमार सिंह, प्रदीप कुमार सिंह, रंजीत यादव, कमल चन्द्र, मौसमी राय व प्रेमनारायण उपस्थित रहे।

# उपचुनाव में नामांकन के दृष्टिगत डीसीपी पूर्वी ने किया निरीक्षण





स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** आज दिनांक 23.10.2024 को पुलिस उपायुक्त श्रवण कुमार सिंह द्वारा ज़िला निर्वाचन कार्यालय कलेक्ट्रेट कानपुर नगर के अंतर्गत सीसामऊ विधानसभा सीट पर होने वाले उपचुनाव के नामांकन प्रक्रिया को ध्यान में रखते हुए सुरक्षा व्यवस्था का जायज़ा लिया और सुरक्षा प्रबंधों का निरीक्षण करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि नामांकन स्थल और आसपास के क्षेत्रों में महत्वपूर्ण चेक पॉइंट्स बनाए जाएं जहां बैरिकेटिंग लगाकर पुलिस द्वारा गाड़ियों और व्यक्तियों की तलाशी की जाएगी। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी सभी गाइडलाइन्स का सख्ती से पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को स्पष्ट दिशा-निर्देश दिए। पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवण कुमार सिंह द्वारा यह सुनिश्चित करने पर जोर दिया कि नामांकन प्रक्रिया शांति और कानून व्यवस्था के साथ संपन्न हो। नामांकन स्थल पर सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने के लिए अतिरिक्त बल को तैनात करने के निर्देश दिए। उम्मीदवारों और आम जनता की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए नामांकन स्थल के आसपास सुरक्षा का घेरा तैयार करने का निर्देश दिए।

# संक्षिप्त खबरें

## नाली में गिरने से एक व्यक्ति की मौत



**कानपुर।** आज थाना सेन पश्चिम पारा क्षेत्र के अंतर्गत एक व्यक्ति की नाली में गिरने से मृत्यु हो गई। पुलिस ने बताया कि आज दिनांक 23 अक्टूबर को समय लगभग सुबह 9:00 बजे सूचना प्राप्त हुई की हनुमंत ट्रेडिंग कंपनी सैनिक चौराहा के पास एक व्यक्ति नाली में गिर जाने से मृत्यु हो गई है इस सूचना पर स्थानीय पुलिस द्वारा मौके पर जाकर देखा गया तो एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 45 -50 वर्ष हनुमंत ट्रेडिंग कंपनी के पास राम सिंहासन के मकान के सामने बनी नाली में एक व्यक्ति के गिरने से मृत्यु हो गई है शव को स्थानीय लोगों ने नाली से बाहर निकाल कर रख लिया है।

## बार एसोसिएशन कानपुर का चुनाव आज सुरक्षा के कड़े इंतजाम

**शहर में सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक बदली रहेगी यातायात व्यवस्था।**



**कानपुर।** कानपुर महानगर बार एसोसिएशन का चुनाव आज 24 अक्टूबर को होने के मद्देनजर पुलिस ने सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए हैं। इस दौरान शहर का यातायात भी बदला रहेगा। कमिश्नरेट की यातायात पुलिस ने बताया कि इस दौरान यातायात को सुचारू रूप से चलाने के लिए तमाम रुट पर परिवर्तन किया गया है जो कि सुबह 6 बजे से शाम 6 बजे तक प्रभावी रहेगा। कानपुर कचेहरी की स्पेशल सुरक्षा व्यवस्था के अतिरिक्त कमिश्नरेट पुलिस और पीएसी को भी लगाया गया है। विभिन्न पदों के लिए होने वाला कानपुर महानगर का बार एसोसिएशन का चुनाव अपने आप में बहुत ही महत्वपूर्ण है।

## डाक्टर पर सहायिका से रेप का आरोप गिरफ्तार



**कानपुर।** कानपुर के कर्नलगंज थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक निजी अस्पताल के डाक्टर द्वारा अपनी सहायिका के साथ दुष्कर्म करने का मामला प्रकाश में आया है। डाक्टर का नाम वसीम है और उसकी सहायिका एक माह की गर्भवती है। युवती के परिजनों ने थाना कर्नलगंज में तहरीर दी है। पुलिस ने डाक्टर को गिरफ्तार कर लिया है।

## बिठूर क्षेत्र में विकलांग को मारकर खेत में फेंका



**कानपुर।** बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत एक विकलांग की हत्या कर शव खेत में डाल दिया। पुलिस उपायुक्त पश्चिम ने बताया कि आज 23 अक्टूबर को मंजेश कश्यप पुत्र स्वर्गीय रंगीलाल निवासी कुकुरादेव थाना बिठूर कानपुर नगर द्वारा थाने पर सूचना दिया कि मेरा भाई राजेश कश्यप उम्र करीब 36 वर्ष जो पैर से विकलांग है जो शराब पीने का आदि था गोल्डी मसाले के सामने दुबे जी के बाग में मेरा भाई मृत पड़ा है किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चेहरे पर चोट मार कर मार दिया है, इस सूचना के आधार पर थाना बिठूर पर मुकदमा धारा 105 बीएनएस बनाम अज्ञात पंजीकृत किया गया है। मृतक के शव का पंचायत नामा की कार्रवाई की जा रही है। साक्ष्य संकलन के आधार पर अग्रिम विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## आईजीआरएस को प्राथमिकता से लें - डीसीपी सेंट्रल



**कानपुर।** आज दिनांक 23 अक्टूबर को पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल दिनेश त्रिपाठी द्वारा आईजीआरएस का कार्य पेशी/थाने स्तर पर देख रहे अधिकारियों/कर्मचारीयों की पुलिस उपायुक्त सेन्ट्रल कार्यालय पर मीटिंग कर ब्रीफ किया गया । जिनको आईजीआरएस निस्तारण के संबंध में बताया गया कि प्रत्येक संदर्भ का निस्तारण समय से गुणवत्तापूर्ण कराना सुनिश्चित करे । साथ ही सभी को शासन द्वारा दिये गये दिशा-निर्देशों के संबंध मे अवगत कराया गया।

## बार एसोसिएशन कानपुर के चुनाव में एड. शिवांशु सिंह को मिला सभी वरिष्ठ और युवाओं का समर्थन



**कानपुर।** कानपुर बार एसोसिएशन के लिए आज 24 अक्टूबर को मतदान होगा। इस बीच कनिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए चुनाव में उतरे युवा एडवोकेट शिवांशु सिंह गौर ने बताया कि उनको कानपुर के समस्त वरिष्ठ अधिवक्ताओं और युवा अधिवक्ताओं का समर्थन मिल रहा। उन्होंने बताया कि वह कार्यकारणी सदस्य के लिए चुनाव लड़ रहे हैं और उनको सभी वरिष्ठ अधिवक्ताओं ने चुनाव लड़ने के लिए प्रेरित किया है ताकि भविष्य में कानपुर बार एसोशिएशन की कमान युवा और जुझारू अधिवक्ताओं के हाथों में जा सके।

# प्लाट में दीवार गिराने के विवाद में महिला को लगाई आग

**● महिला गंभीर रुप से जली, तीन लोगों को हिरासत में लेकर पुलिस कर रही है पूछताछ।**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** बिठूर थाना क्षेत्र के अंतर्गत मकान के बगल में खाली पड़े प्लाट में उठी बाउंड्री को गिराने को लेकर उपजे विवाद में कुछ लोगों ने एक महिला को आग लगा दी। जिससे वह गंभीर रूप से जल गई। महिला को कानपुर नगर के उर्सला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इस संबंध में सहायक पुलिस आयुक्त कल्याणपुर अभिषेक कुमार पाण्डेय ने बताया कि आज दिनांक 22 अक्टूबर को पुराने बिठूर निवासी उषा देवी पत्नी स्व. कमलेश यादव ( उम्र क़रीब 60 वर्ष) और ननका देवी पत्नी स्व. राधेश्याम यादव के परिवारजनों के बीच विवाद हुआ। दोनों परिवार एक दूसरे के पट्टीदार हैं। आज दोनों परिवार के बीच खाली पड़े प्लाट व उषा देवी के मकान के बीच बने एक बाउंड्री वाल को गिराने को लेकर विवाद हुआ था।

इसी दौरान उषा देवी के लड़के विजय यादव ने थाने पर आकर इस बात की सूचना दी कि उनकी माताजी उषा देवी को विपक्षी उमाशंकर तथा कुछ अन्य लोगों द्वारा आग लगा दिया गया है, जो काफी जल गयी है। सूचना पर तत्काल ही थाने की फोर्स मौके पर पहुंच कर उषा देवी को नजदीकी प्राईवेट अस्पताल उपचार हेतु भेजा गया। वहां से उषा देवी को उर्सला अस्पताल उपचार हेतु भेज दिया गया। घायल का मृत्यु पूर्व बयान मजिस्ट्रेट द्वारा अंकित किया जा चुका है। घायल के पुत्र विजय यादव द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर धारा 115 (2), 352, 118(2), 324(2) बीएनएस बनाम उमाशंकर आदि 03 के खिलाफ पंजीकृत किया गया है। जिन तीन लोगों पर आरोप लगाया गया है सभी को पुलिस हिरासत मे लेकर घटना के सम्बन्ध मे पूंछताछ किया जा रहा है। मुकदमा उपरोक्त में साक्ष्य संकलन के आधार पर एवं अग्रिम विधिक कार्यवाही की जा रही है।

# आउटसोर्सिंग नर्सेज की मांगो को लेकर ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन ने प्रधानमंत्री को भेजा पत्र

स्वतंत्र प्रभात

**लखनऊ।** ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन ने प्रधानमंत्री मोदी को पत्र भेजकर भारत के विभिन्न राज्यों में जिला अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों और अन्य सरकारी संस्थानों में कार्यरत आउटसोर्सिंग नर्सेज के नियमितीकरण और समान कार्य के लिए समान वेतन की मांग की है। फेडरेशन ने स्पष्ट किया है कि आउटसोर्सिंग नर्सेज स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं, लेकिन उन्हें स्थायी रोजगार और उचित वेतन की कमी का सामना करना पड़ रहा है, जिसकी वजह से आउटसोर्सिंग नर्सेज अपने भविष्य को लेकर चिन्तित रहती है। फेडरेशन ने मांग की है कि सरकार इस मुद्दे पर त्वरित ध्यान दे और नर्सेज के लिए स्थायी नीति बनाकर उन्हें नियमित किया जाए, ताकि वे अपने कार्य में और अधिक प्रभावी तरीके से योगदान कर सकें। ऑल इण्डिया रजिस्टर्ड नर्सेज फेडरेशन उत्तर प्रदेश कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अनुराग वर्मा ने बताया कि फेडरेशन आउटसोर्सिंग नर्सेज को अधिकार दिलाने के लिए हर स्तर पर लड़ाई लड़ेगा।

# पनकी थाना पुलिस ने सात को पकड़ भेजा जेल



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** प्रभारी निरीक्षक थाना पनकी कानपुर नगर के नेतृत्व में पनकी पुलिस फोर्स उ.नि. श्रवण कुमार तिवारी, उ.नि. सत्यपाल सिंह, उ.नि. कुलदीप चौहान, उ.नि.यू.टी. अमित सिंह, उ.नि.यू.टी. अविनाश कुमार दुबे, का. योगेन्द्र सिंह, हे.का. प्रमील कुमार, का. हरिओम के द्वारा दिनांक 21 अक्टूबर को लड़ाई झगड़े में धर्मवीर साहू पुत्र रामकिशन साहू नि. गणेश शंकर विद्यार्थी नगर थाना पनकी उम्र करीब 31 वर्ष, मोहित साहू पुत्र राजकुमार नि. पनकी कटरा कछुआ तालाब पनकी, राकेश कुमार पुत्र स्व. मनिराम नि. गंभीरपुर थाना पनकी, अभिषेक राय पुत्र अवधेश राय नि. नीलगिरी भवन रतनपुर थाना पनकी, शिवम सिंह पुत्र राजेश सिंह नि. अरावली बिल्डिंग रतनपुर थाना पनकी, अमित मिश्रा पुत्र अशोक मिश्रा नि. डूडा कालोनी रतनपुर थाना पनकी सार्थक सिंह पुत्र राजू सिंह नि. पनकी कटरा थाना पनकी को दौराने चैकिंग अन्तर्गत धारा 170 / 126/135 बीएनएसएस में गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया।

# हनुमंत बिहार में शिक्षिका के घर हुई लाखों की चोरी का खुलासा

**●चोरी करने वाले एक बाल अपचारी व एक अन्य चोर भारी मात्रा में माल समेत गिरफ्तार**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** हनुमंत बिहार पुलिस ने शनिवार को एक शिक्षिका के घर हुई चोरी की बड़ी घटना का 72 घंटे में खुलासा किया है। चोरी की यह घटना एक बाल अपचारी व एक वयस्क चोर द्वारा की गई थी जिसमें भारी मात्रा में सोने और चांदी का सामना चोरी हुआ था। चोरी की घटना का खुलासा करते हुए डीसीपी साउथ अंकिता शर्मा ने बताया कि मुखबिर से सूचना मिली कि तुलसी विहार कालोनी में स्कूटी वाले लड़के चोरी किये थे वह चोरी के सामान को बेचने हेतु टिंकू ढाबा के सामने मलिन बस्ती के पास रोड पर उसी स्कूटी के साथ खड़े हैं और किसी का इंतजार कर रहे हैं। वहीं इनको दबोचा गया।

इस घटना के खुलासे के लिए कई टीमें लगाई गई थीं। घटना के समय एक व्यक्ति सीसीटीवी में कैद हो गया था, पुलिस ने उसके आगे के कैमरे खंगाले। पकड़े गये व्यक्तियों का नाम अंशू पुत्र राम संजीवन निवासी शिवाजी इण्टर कालेज पुलिया मोहन गैस एजेन्सी के पिछे कच्ची मड़ैया थाना बर्रा जनपद कानपुर नगर उम्र करीब 19 वर्ष बताया व एक बाल अपचारी किशोर को हिरासत पुलिस लिया गया। किशोर के कब्जे से मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित में प्रयुक्त एक स्कूटी एक हार पीली धातु, एक लॉकेटदार चेन, एक चेन घुमावदार पीली धात, एक लॉकेट पीली धातु, एक झुमकी पीली धातू, 05 जोड़ी बिछिया, हार मूंगेदार



पीली धातु, एक जोडी तोड़ियां भारी, चार जोडी तोड़िया हल्की सफेद धातु 5200 रुपये नकद बरामद हुए हैं।

# जाजमऊ में लाखों के चोरी के माल सहित युवक और युवती गिरफ्तार

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** थाना जाजमऊ पुलिस ने लाखों के चोरी के माल सहित एक युवती और एक युवक को गिरफ्तार किया है। इन अभियुक्तों के खिलाफ थाना जाजमऊ में मुकदमा दर्ज था।पुलिस ने बताया कि उ.नि. राजन यादव मय हमराह उ.नि. अमित कुमार व म.का. पूजा भदौरिया के वास्ते देखभाल क्षेत्र व तलाश वांछित / वारण्टी , संदिग्ध वाहन/व्यक्ति व 305 (ए) बीएनएस में माल व मुलजिमान की पतारसी व सुरागरसी में अन्दर थाना क्षेत्र में मामूर था कि जैसे ही मैं उ0नि0 मय हमराही फोर्स के बीकेडी तिराहे पर पहुंचे तो मुखबिर खास ने आकर सूचना दी कि आपके मुकदमें में नामित अभियुक्त आजाद व शुभी इस समय



अपने घर पर हैं। पुलिस ने वहां पहुंच कर उन्हें हिरासत में लिया गया । अभियुक्तों की निशानदेही पर मुकदमा उपरोक्त से सम्बन्धित माल तीन हार पीली धातु, एक झाला पीली धातु, एक नथ पीली धातु, एक झुमकी पीली धातु, तीन लाख के टुकड़े छोटे-बड़े, दो हार की डोरी को 06 अलग- अलग पारदर्शी प्लास्टिक के डिब्बे में सील सर्व मोहर एवं एक अंगूठी पीली धातु, एक जोड़ी ईयरिंग पीली धातु, तीन अंगूठी सफेद धातु, आठ बिछिया सफेद धातु व 61600/- रुपये नकद बरामद किया गया ।

# कानपुर के समस्त पुलिस कर्मियों के लिए खुला स्मार्ट क्लीनिक

**● पुलिस आयुक्त ने किया उद्घाटन जांच भी होगी किफायती, दवाओं के दाम होंगे 70 प्रतिशत कम**

स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** पुलिस विभाग में अधिक/तनावपूर्ण ड्यूटी के कारण पुलिस कर्मियों की सेहत में कई समस्याएं जैसे हाइपरटेंशन, बीपी, शुगर, स्ट्रेस, नींद न आना इत्यादि देखने को मिलती हैं जिसके दृष्टिगत पुलिस विभाग के कर्मियों और उनके परिजनों के स्वास्थ्य की देखभाल को और अधिक सुलभ और आधुनिक बनाने की दिशा में एक और कदम उठाते हुए, आज दिनांक 23.10.24 को कानपुर के पुलिस आयुक्त अखिल कुमार के द्वारा ईकोनमेड के सहयोग से थाना कोतवाली के प्रथम तल पर स्मार्ट क्लीनिक का उद्घाटन किया गया। इस स्मार्ट क्लीनिक में शहर के सभी पुलिस कर्मी डॉक्टर से मुफ्त कन्सलटेशन प्राप्त कर रियायती दरों पे जांचें, इलाज करा सकते हैं। जिससे उनकी सेहत में सुधार हो सके और वे अपनी सेवाएं और अधिक कुशलता से प्रदान कर सकें। यह कन्सलटेशन सामान्यत ऑनलाइन होगा आवश्यकता अनुसार ऑफलाइन भी चिकित्सीय परामर्श प्राप्त कर सकते हैं। टेलीमेडिसिन सेवाओं के जरिये पुलिसकर्मी दूरस्थ स्थानों से भी डॉक्टरों से निशुल्क ऑनलाइन परामर्श प्राप्त कर सकेंगे।

यह स्मार्ट क्लीनिक ईओनमेड के सहयोग से खोली जा रही है जिसके संस्थापक रमारमन मिश्रा और हर्ष वर्धन पाण्डेय हैं। इस अवसर पर अपर पुलिस आयुक्त लॉ एण्ड ऑर्डर हरीश चन्दर, पुलिस उपायुक्त पूर्वी श्रवन कुमार, पुलिस उपायुक्त यातायात रवीन्द्र कुमार, पुलिस उपायुक्त मुख्यालय आरती सिंह, एसीपी लाइन अंजली विश्वकर्मा, एसीपी कोतवाली आशुतोष कुमार, संस्थापक रमारमन मिश्रा आदि मौजूद रहे। डीसीपी मुख्यालय आरती सिंह ने बताया कि इस क्लिनिक में पुलिस और उनके परिवार जनों को निशुल्क चिकित्सीय परामर्श, रियायती दरों में चेकअप, जांचें व दवाएं सीबीसी जहां सामान्यतः 350/- लगते हैं यहां 60/- मे होगा विटामिन डी की जांच जहां सामान्यतः 1400/- लगते हैं यहां 400/- लगेंगे थायरॉयड की जांच जहां सामान्यतः 650/- लगते हैं यहां 120/- लगेंगे। सुगर , ब्लड प्रेशर, एसपीओ2, ईसीजी तथा अन्य बेसिक जांच निःशुल्क होंगी। इसके अतिरिक्त पुलिस कर्मियों को 70 प्रतिशत की छूट पर दवायें उपलब्ध होंगी और जेनेरिक दवाओं को





भी बढ़ावा मिलेगा, रियायती दरों पर जांच हेतु घर से सैम्पल कलेक्शन, दवाइयों की होम डिलीवरी जैसी सेवाएं भी उपलब्ध होंगी। क्यू आर कोड के माध्यम से घर बैठे ही डॉक्टर से निशुल्क परामर्श कर सकेंगे पुलिस कर्मी और उनके परिजन। सामान्य जनता के लिए 100/- रहेगा शुल्क। पूरे देश में पीपीपी मॉडल पर आधारित पुलिस द्वारा पहली बार प्रयोगात्मक पहल की गयी है, रिस्पांस एवं फीडबैक के आधार पर इसे कानपुर के अन्य




जोन में भी विस्तार कर लागू किया जाएगा। कैम्प लगवाकर व ऑनलाइन फॉर्म के माध्यम से कानपुर के सभी पुलिस कर्मियों का पंजीकरण किया जाएगा। शुरूआती तौर पर यह स्मार्ट क्लीनिक सुबह 9 बजे से रात्रि 9 बजे तक खुला रहेगा। टेलीमेडिसिन के जरिये पुलिसकर्मी जनरल फ़िज़िशियन , चर्मरोग, स्त्रीरोग, न्यूरोसर्जन, हड्डी रोग, मनोचिकित्सक के विशेषज्ञों से परामर्श कर सकेंगे।

# सपा से नसीम सोलंकी ने सादगी से दाखिल किया नामांकन

**● सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र में सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने सादगी के साथ नामांकन पत्र ए सी एम तृतीय रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष नामांकन दाखिल किया।**



स्वतंत्र प्रभात

**कानपुर।** सीसामऊ विधानसभा क्षेत्र से सपा प्रत्याशी नसीम सोलंकी ने सादगी के साथ कानपुर कलेक्ट्रेट में रिटर्निंग ऑफिसर के समक्ष ए बी फॉर्म के साथ नामांकन पत्र दाखिल किया नामांकन पत्र के प्रस्तावक संजय सिंह बंटी सेंगर थे। समाजवादी पार्टी कानपुर महानगर अध्यक्ष हाजी फजल महमूद ने प्रत्याशी नसीम सोलंकी के साथ कलेक्ट्रेट में प्रवेश करके नामांकन कराकर उपस्थित अधिवक्ताओं पीडीए मिशन के कार्यकर्ताओं से कहा कि सीसामऊ विधानसभा में अपने-अपने बूथों पर चार पीडीए टीम के साथ संपर्क कर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की नीतियों से अवगत कराकर बेरोजगारी और महंगाई से जनता को परेशान करने वाली भाजपा सरकार को अपने वोट से जवाब देकर परिवर्तन का संदेश देना है। इसके बाद सपा कार्यालय हाल नवीन मार्केट में शाम 5:00 बजे प्रदेश सपा के नेता व प्रभारी राजेंद्र कुमार जी ने कहा कि आज देश में 23 करोड़ से ज्यादा लोगों को गरीबी रेखा से नीचे जिंदगी व्यतीत करनी पड़ रही है दस्तकारों के हाथों से कम छीना जा रहा है त्यौहार के दिनों में बाहर जिले से खील लईया चुरा लाने वाले लोगों को परेशान किया जा रहा है। सपा नेता एवं पूर्व एमएलसी सुनील यादव साजन ने कहा कि जहां इस महानगर में 40 हजार से अधिक कामगार छोटे बल्बों के झालर तैयार करके छोटे-छोटे जिलों में भेजते हैं आज उनका रोजगार बंद हो गया है और चाइना की लाइटों ने छोटे बल्वो की जगह ले ली है सभी पीडीए टीम प्रत्येक मतदाताओं के द्वार सपा कार्यकर्ताओं को लेकर पहुंचकर उनके साथ आध्यात्मिक मिलन कर भाजपा के नेताओं के पास असंस्कारित बयानों का जवाब देकर सपा को मजबूत बनाएं। प्रमुख



रूप से प्रदेश सचिव के के शुक्ला, विधायक अमिताभ बाजपेई, विधायक हसन रुमी, दिलीप सिंह कल्लू,वरिष्ठ उपाध्यक्ष शैलेंद्र यादव मिन्टू,नंदलाल जयसवाल रजत मिश्रा, शबाब अबरार, अर्पित यादव पार्षद, अर्पित त्रिवेदी, अरमान खान, इशरत इराकी, उदय द्विवेदी, अरशद दद्दा, शरद पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

# संक्षिप्त ख़बरें

## मंदिर परिसर में बने कुएं के अंदर से नोट निकलने की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा

**बीसलपुर पीलीभीत** मे मंदिर परिसर में बने कुएं के अंदर से नोट निकलने की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोग कुएं से नोट निकालने की कोशिश में जुट गए। मामला बीसलपुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गयासपुर मोहल्ले का है। यहां श्री महादेव मंदिर में बुधवार को स्थानीय लोग पूजा करने के लिए मंदिर पर पहुंचे। इस दौरान उनकी नजर कुएं में पड़े नोटों पर पड़ी। लोगों ने नोट निकालना शुरू कर दिया। घटना की जानकारी स्थानीय लोगों की भारी भीड़ मंदिर परिसर में एकत्र हो गई।

**भारी संख्या में पहुंचे ग्रामीण**

स्थानीय लोगों ने मंदिर परिसर में स्थित कुएं को चारों ओर से घेर दिया। अब लोग कुएं के अंदर से नोट निकालने की कोशिश कर रहे हैं। कुएं से नोट निकालने और स्थानीय लोगों की भीड़ जमा होने के बाद मौके पर स्थानीय पुलिस भी पहुंच गई और मामले की जांच पड़ताल शुरू की।

**ज्यादातर नोट फटे निकले**

जांच के दौरान सामने आया कि कुएं से निकलने वाले अधिकांश नोट फटे हुए हैं। ऐसे में आशंका जताई जा रही है की नोट फटने के बाद किसी ने फटे हुए नोट कुएं में डाल दिए होंगे। पूजा करने वाले लोग जब मौके पर पहुंचे तो नोट देखकर उन्होंने निकालना शुरू कर दिया।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष से मिला कुर्मी महासंघ।



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** सदर विधायक योगेश वर्मा के साथ अर्बन कोआपरेटिव बैंक के चुनाव में की गई मारपीट के प्रकरण को लेकर राष्ट्रीय कुर्मी महासंघ का एक प्रतिनिधि मंडल भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी से लखनऊ में मिला। संघ के प्रदेश अध्यक्ष अनिल वर्मा,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष अशोक कनौजिया आदि ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन देकर कुर्मी समाज को न्याय दिलाने की मांग की है। जिसमें कहा कि विधायक के हमलावरों पर कोई सख्त कार्रवाई नहीं की गई।जिस कारण हमलावर खुलेआम घूम रहे हैं। विधायक को न्याय नहीं मिल पा रहा है। तो आम जनता को न्याय कैसे मिलेगा। न्या न मिलने के चलते पूरे प्रदेश के कुर्मी समाज में आक्रोश व्याप्त है। हमलावरों पर गैंगस्टर एवं रासुका के तहत कार्रवाई की जाए। शिव बहादुर पटेल, उमेश वर्मा, संतोष वर्मा आदि मौजूद रहे।

## गोला मे आगामी त्यौहारो के चलते गोला की सभी सडको पर चलाया गया सघन चेकिंग अभियान।



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** आगामी पर्व दीपावली के दृष्टिगत गोला पुलिस ने चलाया नगर में सघन चेकिंग अभियान। गोला कोतवाली प्रभारी निरीक्षक चंद्रशेखर सिंह की अगुवाई मे गोला नगर के सदर चौराहे से लेकर नगर के सभी प्रमुख मार्गो पर चलाया गया बेहद सख्ती के साथ सघन चेकिंग अभियान। इस दौरान ट्रिपल राइडिंग,तेज हॉर्न,भीड़ भाड़,सभी होटलों व वाइन शॉप के आसपास चलाया जा रहा है चेकिंग अभियान भी चलाया गया। इसके साथ ही कई बाइकों के चालान भी काटा गया। वही कई लोगो को सख्ती के साथ हिदायत दे कर आगाह किया। सघन चेकिंग अभियान के दौरान थाना प्रभारी चन्द्र शेखर सिंह, क्राइम इंपेक्टर रविन्द्र पांडेय, कस्वा इंचार्ज राजन कुमार, नानक चौकी प्रभारी योगेश कुमार, उ.नि.अरविंद मौर्या, डिम्पल कुमार, ज्ञान प्रकाश मिश्र,महिला उप निरीक्षक अपूर्वा शर्मा, सर्वेश मौर्य सहित समस्त उपनिरीक्षक एवं पुरुष व महिला आरक्षी बल मौजूद रहा।

## चेकिंग के दौरान बोलेरो गाड़ी में मिले शराब के 720 पब्बे

**मथुरा।** कोसीकला क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक बोलेरो से शराब की 15 पेटी मिलीं जिनमें 720 पब्बा भरे हुए थे। थाना कोसीकला पुलिस ने गाडी सवार तीन लोगों को हिरासत में लिया है। बोलेरो गाडी को भी कब्जे में ले लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अजीत सिंह के मुताबिक चेकिंग के दौरान एनएच 19 कोटवन बैरियर से तीन अभियुक्तों सोमवीर पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम करोथा थाना शिवाजी कॉलोनी जिला रोहतक हरियाणा, ललित पुत्र दीप कुमार निवासी ग्राम बुपनीया थाना बादली जिला झज्जर हरियाणा तथा राजसिंह पुत्र बनवारी निवासी ग्राम बुपनीया थाना बादली जिला झज्जर हरियाणा को 15 पेटी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## पीलीभीत मझोला की संस्कृति की पहचान बनेगा महोत्सव एव जिलाध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख

**स्वतंत्र प्रभात**



**पीलीभीत** जनपद में तीन दिवसीय मझोला महोत्सव का शुभारंभ उत्तर प्रदेश के राज्य मंत्री पीलीभीत के प्रभारी मंत्री बलदेव सिंह औलख ने फीता काटकर किया। बलदेव सिंह औलख ने मुख्य अतिथि के रूप में कहा कि मझोला महोत्सव मझोला की पहचान बनता जा रहा है। पिछले वर्ष भी में मझोला महोत्सव में मुख्य अतिथि के रूप में आया था जिसमें देखा कि हजारों की संख्या में दर्शक इस महोत्सव का आनंद ले रहे हैं। राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि मझोला के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह बड़े भाई भाजपा जिला अध्यक्ष संजीव प्रताप सिंह ने मझोला की संस्कृति को पूरे प्रदेश सहित उत्तराखंड अन्य राज्य तक पहुंचाया है, जिसमें महोत्सव बेहतर से बेहतर होता जा रहा है मझोला महोत्सव। मुख्य अतिथि बलदेव सिंह औलख, भाजपा जिला संजीव प्रताप सिंह, राष्ट्रीय भाजपा पदाधिकारी संतोष सिंह विधान परिषद सदस्य नगर पालिका पीलीभीत की अध्यक्ष आस्था अग्रवाल, नौगांव पकड़िया अध्यक्ष संदीप कौर संधू आदि ने गुब्बारा छोड़कर महोत्सव का शुभारंभ किया तब पक्ष सरस्वती मां के चित्र पुष्प अर्पण कर दीप प्रजुलतकिया नगर पंचायत के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह विकास अग्रवाल अरुण कुमार सिंह आदि ने स्मृति चिन्ह अतिथियों का स्वागत किया है। दिन में दंगल रात को महोत्सव का शुभारंभ हुआ। जिसमें आदर्श अकैडमी मझोला के बच्चों ने डांडिया, रंगोली तथा सजाओ प्रतियोगिता एकल डांस, ग्रुप डांस सरल डांस का आयोजन किया गया जिसमें सभी प्रतिभागियों ने प्रतिभा किया राजस्थानी कल्चर का डांस पंजाबी कल्चर डांस मझोला महोत्सव के इस स्पॉन्सर के रूप में मुख्य प्रायोजक 13 ड्रीम्स कंसलटेंसी, एसके पब्लिक स्कूल मझोला आदर्श एकेडमी मझोला, जीनीयस अकैडमी मझोला सेंट पैट्रिक स्कूल पालीगं, पालीगंज हॉस्पिटल, द्धद्ग द्वद्गठ्ठ एग्रो ट्रेडर्स, स्माइल केयर सेंटर, मझोला अग्रवाल इलेक्ट्रॉनिक खटीमा, गोराया कनेक्ट ओवरसीज रूद्रपुर मझोला, नमन ज्वेलर्स मझोला, सावित्री ज्वेलर्स मझोला जोगिया पीवीसी एंटरप्राइजेज मझोला, सहित स्पॉन्सर रहे इस मौके पर मौजूद रहे परमवीर सिंह पहले चरणजीत सिंह सखदेव सिंह बोल गरपाल सिंह लेखराज भारती पूर्व विधायक किशनलाल राजपूत सतनाम सिंह हरपाल गंगवार अलसती अधिकारी बैजनाथ यादव अरुण कुमार सिंह राजीव प्रताप सिंह रोहित गर्ग गौरव सिंह विकास अग्रवाल महोत्सव के पहले दिन पहुंचे मुख्य अतिथियों का नगर पंचायत के अध्यक्ष निशांत प्रताप सिंह ने पटका पहनाकर स्वागत व उनका अभिनंदन किया सभी को महोत्सव की शुभकामनाएं दी है।

## पशुपालन विभाग द्वारा किया गया शिवर का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात**



**लखीमपुर खीरी** पशु चिकित्सालय धौरहरा द्वारा मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी लखीमपुर खीरी डॉ जगदीश प्रसाद के दिशा निर्देशन में ग्राम पंचायत केशवापुर खुर्द में पंडित दीनदयाल उपाध्याय पशु आरोग्य मेला एवं शिविर का आयोजन किया गया शिविर का उद्घाटन प्रधान श्रीमती राधारानी द्वारा गौमाता का पूजन एवं पंडित दीनदयाल जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर या कैंप के दौरान पशु चिकित्साअधिकारी नकहा डॉ मनीष कुमार द्वारा पशुओं के रखरखाव विभाग द्वारा चलाए जा रहे टीकाकरण गला घोटू खुरपका मुखपका एवं लंपी स्किन डिजीज टीकाकरण एवं इनके होने पर पशुओं में पाए जाने वाले लक्षण के बारे में विस्तृत जानकारी डॉ प्रदीप कुमार द्वारा कृत्रिम गर्भाधान एवं उसके फायदे सेक्स सार्टेड सीमेन जिसके कृत्रिम गर्भाधान से सिर्फ बछिया ही पैदा होगी के बारे में भी विस्तार से जानकारी दी गई ,संतुलित पशु आहार नवजात शिशु देखभाल सीजनल हरे चारे एवं उनके महत्व के बारे में विस्तृत जानकारी दी द्य कैंप के दौरान पशु पालन विभाग से पशुधन प्रसार अधिकारी वीरेंद्र कुमार वर्मा, पशु औषधिक महादेव प्रसाद विजय कुमार यादव पशु मित्र विमलेश अवस्थी, सरलेश मिश्रा, पंकज कुमार,उमेश कुमार , सलीम अमित कुमार एवं वैक्सीनेटर तेजीराम, दीपक कुमार, हंसलाल,के साथ-साथ पशुपालक भाई उपस्थित रहे कैंप में आए शुपालकों 126 के 762 गाय भैंस एवं भेड़ की चिकित्सा की गई जिसमें कर्मी नाशक दवा, सामान्य चिकित्सा बधियाकरण करण गर्भ परीक्षण सेवाएं उपलब्ध कराई गई कैंप में आए समस्त पशुपालक भाइयों का धन्यवाद ज्ञापन डॉ राकेश कुमार उपमुख्य पशु अधिकारी धौरहरा द्वारा किया गया द्य डॉ साहब द्वारा किसान क्रेडिट कार्ड पशुपालन घटक की विस्तृत जानकारी दी जिससे पशुपालकों की आर्थिक आय को बढ़ाया जा सके तथा पशु पालकों को आत्म निर्भर किया।

## महज कागजों पर काम दिखा लाखों डकारे जाने के लगाए जा रहे आरोप

**● मामले की ऑनलाइन शिकायत में फर्जी जांच रिपोर्ट लगा बगैर जांच लगा दी निस्तारण आख्या**

**स्वतंत्र प्रभात**

मैगलगंज खीरी विकासखंड पसगवा की भारी भरकम ग्राम पंचायत मैगलगंज में ग्राम प्रधान व पंचायत सचिव की मिली भगत से भारी भ्रष्टाचार किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। उक्त मामले की लिखित शिकायत अरुण कुमार पुत्र हरिशंकर निवासी ग्राम मैकलगंज ने दिनांक 19 .9 .2024 को संदर्भ संख्या 415 3240 35762 के माध्यम से की थी ।उक्त शिकायत में शिकायतकर्ता ने ग्राम सभा में कराया जा रहे निर्माण कार्यो में मानकों के धज्जिया उड़ाते हुए गुणवत्ता विहीन सामग्री लगाकर भ्रष्टाचार किए जाने के आरोप लगाए थे। साथ ही साथ साफ सफाई व एंटी लारवा दवा का छिड़काव कराए बगैर ही कागजों पर साफ सफाई एवं दवा छिड़काव दिखाकर लाखों रुपए का वारा न्यारा कर लिए जाने के भी आरोप लगाए हैं ।इसके साथ निर्माण कार्यो में भेदभाव एवं पक्ष महत्वपूर्ण ढंग से काम करवा कर शिकायतकर्ता को परेशान किया जा रहा है ।पीड़ित पक्ष के अनुसार दिनांक 19.9.2024 को की गई उक्त शिकायत की जांच ए डी ओ पंचायत विकासखंड पसगवा को मिली उक्त शिकायत की जांच किए बगैर ही मामले में फर्जी मनगढ़ंत आख्या लगाकर शिकायत का निस्तारण कर दिया गया ।सहायक विकास अधिकारी पंचायत के इस प्रकार के कार्य व्यवहार से आहत शिकायतकर्ता द्वारा जिला अधिकारी खीरी को सा शपथ प्रार्थना पत्र देकर ग्राम पंचायत मैगलगंज में किए गए कार्यो में मानकों की स्थलीय जांच साफ-सफाई शौचालय स्टीट लाइट हियूम पाइप नल रिबोर व मरम्मत के साथ-साथ मनरेगा से कराए गए कार्य में इंटरलॉकिंग निर्माण कार्य की उच्च स्तरीय गठित जांच टीम द्वारा निष्पक्ष जांच कराए जाने की मांग की है।

## एसपी खीरी का गुड मॉर्निंग अभियान एक बार फिर लाया रंग।

**गुड मॉर्निंग अभियान के तहत दो समुदायों का करीब बीस साल पुराना धर्म स्थल का विवाद हुआ खत्म।**

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोला गोकर्णनाथ खीरी।** एसपी खीरी गणेश प्रसाद साहा के निर्देश पर प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवाजी दुबे ने अपनी पुलिस टीम के साथ गुड मॉर्निंग अभियान के तहत करीब 20 साल पुराने धर्म स्थल के विवाद को हमेशा के लिए कराया खत्म। दोनों पक्ष हुये पूर्ण रूप से सहमत। मालूम हो कि थाना हैदराबाद के छितौनिया गांव के रहने वाले जस्मान अंसारी व अवधेश गुप्ता के मध्य करीब 20 साल पुराने विवाद का मामला चल रहा था, जिसको लेकर दोनो पक्षो के लोगो ने तहसील व हैदराबाद थाने मे थाना दिवस व समाधान दिवस मे प्रार्थना पत्र भी दिया था। जिसके चलते हैदराबाद की गुड मार्निंग की पुलिस टीम व ग्राम प्रधान के समक्ष दोनो का आपसी समझौता कराकर पटाक्षेप करा दिया गया है। जिसके चलते दोनो समुदाय के लोगो ने प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद की भूरि भूरि प्रशंसा भी की। हलाकि इसके पहले भी प्रभारी निरीक्षक हैदराबाद शिवाजी दुबे ने बतौर थानाध्यक्ष कई थानों में रहते हुए कई पुराने विवादों को हमेशा के कराया है। जिसके लिए एसपी खीरी गणेश प्रसाद साहा के गुड मॉर्निंग अभियान की सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जमकर हुई है प्रशंसा हो रही है।

## कार्यालय नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ खीरी

**सार्वजनिक सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पालिका परिषद गोला गोकर्णनाथ खीरी अपनी कर निर्धारण सूची में पंजीकृत वसीयत/विक्रय पत्र/वरासत/अन्य के आधार पर निम्न प्रकार परिवर्तन करना चाहती है। अतः नगर पालिका परिषद अधिनियम 1916 की धारा 147(2) के अन्तर्गत प्रस्तावित परिवर्तन से जिस किसी भी व्यक्ति पर प्रभाव पड़ने की सम्भावना हो वह व्यक्ति लिखित आपत्ति मय साक्ष्यों सहित प्रकाशन की तिथि से एक माह के अन्दर प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित अवधि के बाद प्राप्त आपत्तियों पर विचार नही किया जायेगा। और तद्नुसार परिवर्तन की कार्यवाही कर दी जायेगी। विवरण निम्न प्रकार है -

| क्र0 सं0 | मोहल्ला | वार्ड सं0 | भूमि भवन का विरण | वर्तमान दर्ज सम्पत्ति के स्वामी/विकता का नाम | प्रतावित परिवर्तन के स्वामी का नाम | आधार |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | पूर्वी दी0 | 13 | भू-भाग | श्री उदीप्त चन्द्र अग्निहोत्री पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र अग्निहोत्री स्वयं व हैसियत मुखतारेआम श्रीमती करूणा अग्निहोत्री व नवदीप्त चन्द्र अग्निहोत्री पुत्र स्व0 प्रेमचन्द अग्निहोत्री | श्री संजीव कुमार गणपतराय पाटिल पुत्र गणपतराव पांडुरंग पाटिल | विक्रय-पत्र |
| 2 | पूर्वी दी0 | 13 | मकान पक्का | श्री उदीप्त चन्द्र अग्निहोत्री पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र अग्निहोत्री स्वयं व हैसियत मुखतारेआम श्रीमती करूणा अग्निहोत्री व प्रदीप्त चन्द्र अग्निहोत्री पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र अग्निहोत्री | सुशील कुमार पुत्र नन्द्र किशोर | विक्रय-पत्र |
| 3 | पूर्वी दी0 | 13 | मकान पक्का | श्री उदीप्त चन्द्र अग्निहोत्री पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र अग्निहोत्री स्वयं व हैसियत मुखत्तारेआम श्रीमती करुणा अग्निहोत्री व प्रदीप्त चन्द्र अग्निहोत्री पुत्र स्व0 प्रेमचन्द्र अग्निहोत्री | श्रीमती इन्दू शुक्ला पत्नी अनुपम कुमार शुक्ला | विक्रय-पत्र |
| 4 | कुम्हारन टोला | 20 | मकान पक्का | श्री जाकिर अली पुत्र घुराई | श्रीमती अफरोज पत्नी स्वा जाकिर अली, शाहिद अली, वासिप अली पुत्र स्व0 जाकिर अली, कु0 सिमरन बानों, शीवा, सवा बनों पुत्री स्व0 जाकिर अली | वरासत |
| 5 | कुम्हारन टोला | 1 | मकान पक्का | श्री जंगली प्रसाद पुत्र भिखारी लाल | श्रीमती आशादेवी पत्नी स्व0 जंगली प्रसाद, ओम प्रकाश, राकेश पुत्र स्व0 जंगली प्रसाद | वरासत |
| 6 | कुम्हारन टोला | 1 | मकान पक्का | श्रीमती आशादेवी पत्नी स्व0 जंगली प्रसाद, ओम प्रकाश, राकेश पुत्र स्व0 जंगली प्रसाद | मंगली प्रसाद पुत्र भिखारी लाल | विक्रय-पत्र |
| 7 | मुन्नू गंज | 5 | मकान पक्का | श्रीमती सरोजनी देवी पत्नी स्व0 चन्द शेखर शुक्ला | श्री अनुपम शुक्ला पुत्र स्व0 श्री चन्द्र शेखर शुक्ला | वरासत |
| 8 | कुम्हारन टोला | 8 | मकान पक्का | श्री हरद्वारी लाल पुत्र स्व0 दिलाराम आचार्य | श्रीमती कृष्णावती पत्नी स्व0 फूलचन्द्र, शिववती पत्नी स्व0 रमाकान्त, अशोक कुमार, अनुज कुमार, अरूण कुमार पुत्र स्व0 रमाकन्त व श्रीमती गायत्री देवी पत्नी स्व0 विद्या सागर | वरासत |
| 9 | मुन्नू गंज | 5 | भू-भाग | श्री कामता प्रसाद गुप्त, कमलेश पुत्र लाला छोटेलाल | श्रीमती सुशीला देवी, सरोजनी देवी पत्नी परमेश्वरदीन | विक्रय-पत्र |
| 10 | मुन्नू गंज | 5 | भू-भाग | श्रीमती सुशीला देवी, सरोजनी देवी पत्नी परमेश्वरदीन | श्री मनोज कुमार मिश्रा, अश्वनी कुमार मिश्रा, धीरज मिश्रा पुत्र स्व0 परमेश्वरदीन | वरासत |
| 11 | भूडवार्ड | 17 | भू-भाग | श्रीमती माधुरी देवी पुत्री बाबूशाह उर्फ बाबूराम | श्रीमती मोहम्मद हफीज खाँ पुत्र मोहम्मद रफीक खाँ | विक्रय पत्र/न्यायालय आदेश |
| 12 | प0दी0 | 16 | मकान पक्का | विनोद कुमार पुत्र श्रीराम | श्री सुधीर कुमार त्रिवेदी पुत्र शिय कुमार त्रिवेदी | विक्रय पत्र |
| 13 | प0दी0 | 11 | भू-भाग | श्री फेरू लाल पुत्र सकटे लाल | श्री रामनरेश अवस्थी पुत्र पुत्तू लाल | विक्रय पत्र |
| 14 | गोकरण वार्ड | 19 | भू-भाग | श्रीमती कान्ती देवी पत्नी स्व0 वीरेन्द्र गिरी | श्री अक्षत गिरी पुत्र महेन्द्र गिरी | दान-पत्र |
| 15 | भूड वार्ड | 17 | पक्का मकान | श्री रामकिशन पुत्र स्व0 चन्द्रिका प्रसाद | श्री कृष्ण मोहन पुत्र स्व0 रामकिशुन | वरासत |
| 16 | मुन्नू गंज | 12 | पक्का मकान | श्रीमती कमलेश साहनी पत्नी जानकी नाथ साहनी | श्री रजत साहनी पुत्र राजेश साहनी | दान-पत्र |
| 17 | भूड वार्ड | 7 | पक्का मकान | श्रीमती कमला देवी पत्नी कालिका प्रसाद | श्री हरशिंकर पत्नी कालिका प्रसाद गुप्ता | वसीयत |
| 18 | | | | | | |
| 19 | कुम्हारन टोला | 20 | पक्कामकान 1 व दुकानें | श्री बालक राम गुप्ता पुत्र गिरजा दयाल गुप्ता | श्री रवि गुप्ता, विनय प्रकाश गुप्ता, नमन गुप्ता पुत्रगण स्व0 बालकराम गुप्ता | वरासत |
| 20 | प0दी0 | 16 | भू-भाग | श्री राहुल अग्निहोत्री पुत्र स्व0 चन्द्र प्रकाश अग्निहोत्री | श्री देवेश कुमार अग्निहोत्री पुत्र स्व0 चन्द्र प्रकाश अग्निहोत्री | दान-पत्र |
| 21 | कुम्हारन टोला | 20 | पक्कामकान 1 व दुकान | श्री सन्नन खों पुत्र अब्दुल हसन खाँ | श्रीमती रुकसाना बेगम पत्नी स्व0 सन्नन खों व फिरोज पुत्र सन्नन खाँ | वसीयत |
| 22 | गोकरण वार्ड | 6 | भू भाग/पक्का मकान | श्री अमर सिंह पुत्र स्व0 सुखराज सिंह | श्रीमती गीता राज पत्नी सुरेश प्रताप राज | विक्रय-पत्र |
| 23 | प0दी0 | 11 | भू-भाग | श्री अभिनाश चन्च पुत्र गिरधारी लाल गुप्ता, आदित्य कुमार मिश्र पुत्र विकास कुमार मिश्र | नितिन कटियार पुत्र सुधीर कटियार | विक्रय-पत्र |
| 24 | प0दी0 | 16 | मकान पक्का | श्रीमती मुन्नी देवी पुत्री मातादीन | श्री बाबूराम सुरेश कुमार, नानकचन्द व दिनेश पुत्रगण स्व0 लालजी प्रसाद | वसीयत |
| 25 | भूड वार्ड | 7 | भू भाग | अभ्मती नीलम देवी पत्नी राधेश्याम | श्रीमती श्यामा देवी पत्नी रामकिशोर | विक्रय-पत्र |
| 26 | कुम्हारन टोला | 20 | दुकान पक्की | श्री ओम प्रकाश राजपूत पुत्र इसरी प्रसाद उर्फ ईश्वरी प्रसाद | श्रीमती दिपिका राजपूत पत्नी श्री रिंकेश राजपूत | विक्रय-पत्र |
| 27 | प0दी0 | 16 | भू माग | श्री राहुल अग्निहोत्री पुत्र स्व0 चन्द्र प्रकाश अग्निहोत्री | श्रीमती आभा अग्निहोत्री पत्नी स्व0 मुकेश कुमार अग्निहोत्री | दान-पात्र |
| 28 | भूड वार्ड | 7 | पक्का मकान | श्रीमती रंजना विश्वास पत्नी असीम कुमार विव्श्वास व आषीष कुमार विश्वास पुत्र असीम कुमार विश्वारा | श्रीमती सुप्रिया विश्वास पत्नी आबुतोश विश्वास पुत्री आशीष कुमार विश्वास | दान-पात्र |
| 29 | कुम्हान टोला | 4 | भू-भाग | श्री शिव शंकर लाल शर्मा पुत्र दुर्जन लाल | श्रीमती प्रकाशिनी रस्तोगी पत्नी कृष्णगोपाल रस्तोगी | विकय-पत्र |
| 30 | कुम्हान टोला | 4 | भू-भाग | श्रीमती प्रकाााशिनी रस्तोगी पत्नी कृष्णगोपाल रस्तोगी | श्रीमती रीतू जलोटा पत्नी हरीश कुमार | विकय-पत्र |
| 31 | भूड वार्ड | 7 | भू-भाग | श्रीमती रंजना विश्वास पत्नी असीम कुमार विश्वास व ललित कुमार विश्वास पुत्र | श्री आशीष कुमार विश्वास पुत्र असीम कुमार विश्वास | दान-पत्र |
| 32 | प0दी0 | 24 | भू-भाग | श्रग्मती पुष्पा देवी पत्नी सम्भू नाथ | श्रीमती साहीन बेगम पत्नी मो0 मोबीन | विकय-पत्र |
| 33 | प0दी0 | 14 | मकान पक्का | श्री विनोद कुमार वर्मा पुत्र राजेन्द्र कुमार वर्मा | श्रीमती रामगुनी वर्मा पत्नी स्व0 विनोद कुमार व विपुल शंकर वर्मा पुत्र स्व0 विनोद कुमार वर्मा | वरासत |
| 34 | प0दी0 | 14 | मकान पक्का | श्री विनोद कुमार वर्मा पुत्र राजेन्द्र कुमार वर्मा | श्रीमती रामगुनी वर्मा पत्नी स्व0 विनोद कुमार व विपुल शंकर वर्मा पुत्र स्व0 विनोद कुमार वर्मा | वरासत |
| 35 | गोकर्ण वार्ड | 19 | मकान पक्का | श्री हरिनन्दन गिरी पुत्र स्व0 भगवान गिरी | श्रीमती दीपा गिरी पत्नी स्व0 हरिनन्दन गिरी व सचिन गिरी, सुमित गिरी पुत्र स्व हरिनन्दन गिरी | वरासत |
| 36 | कुम्हान टोला | 20 | दुकान पक्की | श्री विमल कुमार पुत्र स्व0 रावेन्द्र देव शुक्ला | श्रीमती बबली शर्मा पत्नी श्रीकन्त शर्मा | विक्रय-पत्र |
| 37 | गोकरण वार्ड | 6 | भू-भाग | श्रीमती नीरज देवी पत्नी अरूण कुमार | श्री अरूण कुमार पुत्र जयनरायन व राजकमल बाजपेई, शशि कमल बाजपेई पुत्र अरुण कुमार | वरासत |
| 38 | गोकरण वार्ड | 6 | भू-भाग | शशि कमल बाजपेई पुत्र अरूण कुमार | श्री राजकमल बाजपेई, पुत्र अरूण कुमार | दान-पात्र |
| 39 | भूड वार्ड | 7 | मकान पक्का | श्री रामनाथ गुप्ता पुत्र टीराम गुप्ता | श्री चन्द्रशेखर गुप्ता, सोभित कुमार गुप्ता पुत्र स्व0 रामनाथ गुप्ता | वरासत |
| 40 | मुन्नू गंज | 21 | मकान पक्का | श्रीमती सोहराती पत्नी जंगली चौहान | श्री लक्ष्मन पुत्र श्री जंगली चौहान | दान-पात्र |

**अधिशाषी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद**
**गोला गोकर्णनाथ खीरी**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद**
**गोला गोकर्णनाथ खीरी**

## संक्षिप्त ख़बरें

### जिला निर्वाचन अधिकारी व राजनीतिक दलों में ईवीएम मशीनों का प्रथम रैण्डमाइजेशन सम्पन्न



**प्रयागराज न्यूज़।** जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार माँदड़ व राजनीतिक दलों के प्रतिनिधिगणों की उपस्थिति में मंगलवार को संगम सभागार में 256 विधानसभा फूलपुर उप निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराये जाने हेतु ईवीएम मशीनों का प्रथम रैण्डमाइजेशन किया गया। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गौरव कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पूजा मिश्रा सहित अन्य सम्बंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### मेला प्रबन्धक द्वारा प्रशासन, सहयोगियों को धन्यवाद ज्ञापित

**अझुवा कौशाम्बी।** मेला प्रबन्धक रामलीला कमेटी के अध्यक्ष चेयर मैन प्रतिनिधि ओमप्रकाश कुशवाहा ने रामलीला कमेटी सहयोगी साथियों कार्यकारी अध्यक्ष सौरभ केसरवानी, कोषाध्यक्ष आशीष मोदनवाल, विपिन मोदनवाल अरविन्द केसरवानी सहित रामलीला के सभी पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवम 2 दिवसीय मेले में उमड़ी विशाल भीड़ को नियंत्रित करने वाले पुलिस प्रशासन ,सर्किल आफिसर अवधेश विश्वकर्मा,सैनी कोतवाली प्रभारी जयचन्द्र शर्मा चौकी इंचार्ज अझुवा जितेन्द्र प्रताप सिंह और उनकी टीम को व्यवधान रहित सकुशल विशाल मेला सम्पन्न कराने हेतु धन्यवाद दिया है।

### जिलाधिकारी ने अधिकारियों द्वारा आई0जी0आर0, सीएम डैशबोर्ड एवं विकास कार्यों में रूचि न लेने तथा कार्यों में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर एक दिन का वेतन काटने एवं जनपद में निवास करते हुए न पाये जाने पर आवासीय भत्ता काटने के दिये निर्देश

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा कार्यो की मॉनीटरिंग ठीक ढंग से न करने, आई0जी0आर0 एवं सीएम डैशबोर्ड के इण्डिकेटर्स में जनपद की रैंक की प्रगति बढाने के प्रति उदासीन रहने एवं विकास कार्यो में रूचि न लेने तथा कार्यो में लापरवाही बरतते हुए पाये जाने पर एक दिन वेतन काटने के निर्देश दियें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने अधिकारियों द्वारा आदेश के अनुरूप जनपद में निवास न करते हुए पाये जाने पर अधिकारी-प्रभारी जिला युवा कल्याण एवं प्रा0वि0द0 अंशु मिश्रा, जिला दिव्यांग सशक्तिकरण अधिकारी विकास वर्मा, प्रभारी कार्यकारी अधिकारी मत्स्य पालन जंगबहादुर पटेल, जिला बचत अधिकारी मन्तशा बानो, जिला प्रोबेशन अधिकारी नीरज कुमार, अधिशासी अभियंता विद्युत चायल रामहरि, सहायक जिला सेवायोजन अधिकारी गौतम घोष, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी सुनीता मण्डार, अधिशासी अभियन्ता जल निगम जयपाल सिंह, जिला होमगार्ड कमाण्डेन्ट विनोद कुमार द्विवेदी, जिला परियोजना समन्वयक यूपीडास्क डॉ0 अखिलेश कुमार सिंह, जिला आबकारी अधिकारी राजेश प्रसाद एवं जिला ग्रामोद्योग अधिकारी चन्द्रशेखर वर्मा आदि का आवासीय भत्ता (एच0आर0ए0) काटने के निर्देश दिये।

### ब्रेक डांस झूला ,हवाई झूला आकर्षक चौकिया,रामलीला रहा मुख्य आकर्षण

**अझुवा कौशाम्बी।** मेले में मुख्य आकर्षण ब्रेक डांस झूला ,आसमानी झूला,आकर्षक चौकिया,रामलीला, शायरी माता कमेटी द्वारा शायरी माता तिराहे पर आयोजित की गई नौटंकी,वार्ड नंबर 9 सनई मंडी में आयोजित नौटंकी रही है जिसे देखने के लिए लोग धक्कम-धक्का करते रहे सुबह भरत मिलाप का कार्यक्रम हुआ भगवान राम और भरत का मिलन देख दर्शकों की आंखे भर आई सुबह 8 तक बजे आधा दर्जन आकर्षक चौकियों का प्रदर्शन चलता रहा जिसे देखने के लिए जनसमुदाय टकटकी लगाए देखता रहा है।डीजे कंपटीशन के लिए संचालकों ने पशु बाजार नागा बाबा कुटी मार्ग को चुना जहां दोपहर तक आधा दर्जन डीजे संचालकों ने अपने अपने डीजे का जोरदार प्रदर्शन किया जिसमें वार्ड नंबर 3 शान्ति नगर मोहल्ले द्वारा लाया गया एन के डीजे ने बाजी मारी है। इसके पहले रामलीला प्रांगण में कमेटी के अध्यक्ष ओमप्रकाश कुशवाहा एवं भारतीय जनता पार्टी के जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने भगवान के स्वरूपों की आरती उतार कर रामदल यात्रा का शुभारंभ किया रामदलयात्रा नगर के भोला चौराहा होते हुए राष्ट्रीय राजमार्ग लाई मंडी,गुड़ मंडी शायरी माता तिराहा सब्जी मंडी वापस होकर रामलीला प्रांगण में समाप्त हुई है इस दौरान जगह-जगह कमेटी के लोगों ने राम दल का आरती पूजन स्वागत किया है कमेटी एवं नगर वासियों ने भगवान के स्वरूपों को पूजन अर्चन कर पुष्प वर्षा की है भ्रमण के दौरान बैंड बाजे के साथ ढोल नगाड़े संग भक्तों ने जमकर ठुमके लगाए हैं इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष धर्मराज मौर्य ने कहा हमें श्री राम द्वारा स्थापित किए गए आदर्शों पर चलना चाहिए यह मेला दशहरा के उद्देश्य से लगाए जाते हैं यदि हम प्रभु श्री राम के कुछ आदर्शों को ग्रहण कर सके तो जीवन धन्य हो जाएगा वहीं नगर के तमाम वरिष्ठ समाजसेवियों ने कहा कि आकर्षक चौकियों सहित मेले में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में हिन्दुओ के आराध्यों देवी देवताओं का वस्त्र धारण कर अश्लील फूहड़ नृत्य आखिर हमारी संस्कृति को कहाँ ले जा रहा है इस पर हमारी युवा पीढ़ी को समझने की आवश्यकता है।

## जनपद में उर्वरक की नहीं है कमी। जिलाधिकारी ने उर्वरकों की बिक्री के लिये दिये निर्देश- के.के. सिंह जिला क़ृषि अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात



**प्रयागराज।** 23 अक्टूबर 2024 प्रयागराज। वर्तमान में रबी फसलों की बुवाई प्रारम्भ होने के दृष्टिगत जनपद के कृषकों द्वारा फास्फेटिक उर्वरकों(डी0 ए0पी0 /एन0 पी0 के0) की अधिक मॉग के दृष्टिगत जिलाधिकारी , प्रयागराज के द्वारा नियमानुसार उर्वरक के निर्देशःदिए है। जनपद में 30014 मै0टन यूरिया, 4842 मै0टन डी0ए0पी0, 7378 मै0टन एन0पी0के0, 5850 एम0ओ0पी0 तथा 2980 मै0 टन एस0एस0पी0 उपलब्ध है। हाल ही में 2000 मै0टन फास्फटिक उर्वरक जनपद को प्राप्त हुई है, अगले 2-3 दिनों में फरस्फैटिक उर्वरक की और रैक आने की सम्भावना है।

जिला कृषि अधिकारी के0के0 सिंह द्वारा अवगत कराया गया कि सहकारी एवं निजी विक्रेताओं द्वारा बिक्री किये जाने वाले उर्वरकों के मूल्य एवं गुणवत्ता में कोई अन्तर नहीं है। जनपद के कृषकों को संसूचित करना है कि डी0ए0पी0 के विकल्प के रूप में एन0पी0के0 उपयोग को बढ़ावा दें। इस उर्वरक में नाइट्रोजन, फास्फोरस के अतिरिक्त पोटैशियम और सल्फर भी पाया जाता है, जो फसलों में बढ़वार के लिए अत्यन्त लाभदायक है। उक्त के अतिरिक्त डी0ए0पी0 के विकल्प के रूप में एस0एस0पी0 एवं यूरिया का प्रयोग एक साथ बुवाई के समय करने से कृषकों के उत्पादन लागत में कमी आयेगी और अत्यधिक उत्पादन भी प्राप्त होगा। जनपद के सभी सहकारी एवं निजी उर्वरक बिक्री केन्द्रों द्वारा कृषकों को उनके जोत के आधार पर आवश्यक उर्वरक की मात्रा निर्धारित करते हुये, पी0ओ0एस0 मशीन से शत-प्रतिशत वितरण सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश दिये गये हैं। जिलाधिकारी द्वारा उर्वरक बिक्रय केन्द्रों पर सहकारिता. कृषि एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम गठित करते हुये निर्धारित मूल्य पर नियमानुसार बिक्री कराये जाने हेतु सतत निगरानी किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी प्रकार अन्तर्राज्यीय सीमावर्ती क्षेत्रों में कृषि विभाग एवं पुलिस की गठित संयुक्त टीमों के द्वारा उर्वरक के अवैध परिसंचरण की सतत् निगरानी की जा रही है।

## प्रत्येक राशन कार्ड से वन्चित परिवार कराए फैमिली आईडी पंजीकरण-डी.एम.

स्वतंत्र प्रभात

**कौशाम्बी।** जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपदवासियों से अपील की है कि प्रदेश सरकार की मन्शा के अनुरूप सभी लोग अपने परिवार का फैमली आई0डी0 अवश्य बनवायें। सरकार एक परिवार, एक पहचान के तहत फैमिली आईडी जारी कर रही है। फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा। यह कार्ड 12 अंकों का होगा, जिसमें पूरे परिवार का ब्यौरा होगा। केन्द्र और राज्य सरकार की 76 योजनाओं को फैमिली आईडी से जोड़ा जा चुका है। उत्तर प्रदेश में राशन कार्ड के जरिए परिवारों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिलता है। जनपदवासी फैमिली आईडी बनवाकर केन्द्र और प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ अवश्य प्राप्त करें। फैमिली आईडी के तहत यूपी में रहने वाले परिवारों का लाइव डेटाबेस तैयार किया जा रहा है। इस योजना के तहत हर एक परिवार को फैमिली आईडी के तहत एक विशिष्ट नम्बर जारी किया जा रहा है। फैमिली आईडी कार्ड के माध्यम से पात्र परिवारों को योजनाओं का लाभ प्राप्त करना आसान होगा। इससे लोगों को आय, जाति और निवास व अन्य प्रमाण पत्र बनवाने के लिए भाग-दौड़ नहीं करनी पड़ेगी। राशन कार्ड धारकों के लिए कार्ड पर अंकित नम्बर ही फैमिली आईडी नम्बर है, जबकि राशन कार्ड से वंचित परिवारों के लिए भी फैमिली आईडी पंजीकरण की व्यवस्था की गई है, ऐसे परिवार जिनके पास राशन कार्ड नहीं है वह वेबसाइट पर जाकर निःशुल्क फैमिली आईडी प्राप्त कर सकतें हैं।

जिलाधिकारी ने बताया कि लाभार्थीपरक योजनाओं से सम्बन्धित विभागों जैसे-समाज कल्याण विभाग, दिव्यांग, प्रोबेशन, कृषि विभाग, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि के लाभार्थी जिनके पास राशन कार्ड नहीं है वो फैमिली आईडी लगाकर इन सभी योजना में आवेदन कर सकते हैं। इस पहल के तहत केन्द्र और प्रदेश सरकार की 76 योजनाओं को फैमिली आईडी से जोड़ा जा चुका है, सभी लाभार्थीपरक योजनाओं को भी इस प्रणाली से जोड़ा जाएगा। आईटीआई, पॉलिटेक्निक और अन्य उच्च शिक्षण संस्थानों में नए प्रवेश के समय आधार ऑर्थटिकेशन किया जायेंगा और फिर परिवार आईडी से लिंक किया जायेगा। उत्तर प्रदेश सरकार राज्य में सभी परिवारों को नौकरी के अवसर प्रदान करने के लक्ष्य को सक्षम करने के लिए परिवार आईडी योजना लागू कर रहीं हैं। फैमिली आईडी के तहत सरकार राज्य में प्रत्येक परिवार को एक विशिष्ट पहचान जारी करेगी, राज्य की परिवार इकाइयों का एक लाइव व्यापक डेटाबेस स्थापित करेगी, जिसका उपयोग राज्य में प्रत्येक पात्र घर को लाभ के सक्रिय वितरण को सुनिश्चित करने के लिए किया जा सकता है।

=फैमिली आईडी पोर्टल उन परिवारों को 12 अंकों की विशिष्ट परिवार आईडी प्रदान करने के लिए विकसित किया गया है, जो राशन कार्ड धारक नहीं हैं। फैमिली आईडी सरकार से लाभ प्राप्त करने के लिए एक बहुत शक्तिशाली निर्माण साबित हो सकता है, पर वर्तमान में नामांकन स्वैच्छिक है। फैमिली आईडी लाभार्थी पहचान के माध्यम से योजनाओं और सेवाओं के सक्रिय वितरण को सक्षम करेंगा और नागरिकों को सरकारी प्रणालियों तक पहुंच में सुधार करेगा। फैमिली आईडी बोजना राज्य में सभी परिवारों की एक व्यापक दृश्यता प्रदान करेगी जो बदले में उन व्यक्तियों को योजनाएं/सेवाएं प्रदान करने में मदद करेगी जो पात्र हैं लेकिन लाभ से बाहर हैं।

## यूजीसी नेट परीक्षा में वैष्णवी श्रीवास्तव को ऑल इंडिया नौवीं रैंक

स्वतंत्र प्रभात



**कोरांव , प्रयागराज ।** नगर पंचायत कोरांव गांधी नगर की रहने वाली वैष्णवी श्रीवास्तव ने यूजीसी नेट सोशियोलॉजी परीक्षा में 99.96 परसेंटाइल स्कोर प्राप्त करके ऑल इंडिया नौवीं रैंक हासिल किया। वैष्णवी का पालन पोषण बचपन से उसकी बुआ शशी श्रीवास्तव , अर्चना श्रीवास्तव ने किया था। बुआ के पास रहकर इन्टरमीडिएट तक की पढ़ाई गोपाल विद्यालय इण्टर कॉलेज कोरांव से की। वहीं वैष्णवी की माता संगीता देवी जो कि सामुदायिक स्वास्थ्य विभाग में पति स्वर्गीय अशोक कुमार श्रीवास्तव जो कि कौशांबी में वार्ड ब्वाय के पद पर नियुक्त थें। जिनकी असामायिक मृत्यु के उपरांत 2005 देहावसान हो गया था। जिसके बाद मां संगीता देवी श्रीवास्तव ने उनके स्थान पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में नियुक्ति हैं। कक्षा सात गोपाल विद्यालय से लिया फिर इस सफलता से गोपाल विद्यालय प्रबन्ध समिति के उपाध्यक्ष आरश एनश बाजपेयी व विद्यालय के प्रधानाचार्य डाश मोहम्मद साबिर अली , विभागाध्यक्ष बृजेश श्रीवास्तव, अरविन्द श्रीवास्तव, आशीष मिश्रा, डाक्टर विद्या कान्त तिवारी, कमलेश तिवारी,सन्तलाल, अपूर्व त्रिपाठी, गोविन्द मिश्रा आदि शिक्षकों ने व क्षेत्र के लोगों ने बधाई दी।

## उपजिलाधिकारी के कार्यप्रणाली से अधिवक्ताओं में आक्रोश, कोर्ट का किया बहिष्कार

स्वतंत्र प्रभात



**कोरांव प्रयागराज।** उपजिलाधिकारी कोराव आकांक्षा सिंह के कार्यप्रणाली से नाराज अधिवक्ताओं ने बुधवार को उपजिलाधिकारी के विरुद्ध जमकर नारेबाजी करते हुए एसडीएम कोर्ट का विरोध किया ज्ञात हो कि पखवाड़े भर से एसडीएम कोराव आकांक्षा सिंह के कोर्ट का अधिवक्तागण विरोध करते चले जा रहे हैं अधिवक्ताओं का आरोप है कि उप जिलाधिकारी और उनके मातहत कर्मचारी जिन फाइलों में विवाद नहीं है उसमें भी बगैर मोटी रकम लिए ऑर्डर नहीं कर रही है जिसके चलते उप जिलाधिकारी के प्रति अधिवक्ताओं में भारी आक्रोश व्याप्त है बुधवार को अधिवक्ता एकजुट होकर एसडीएम विरोधी नारे लगाते हुए कोर्ट को बंद कर दिया और अधिवक्ताओं ने उप जिलाधिकारी को चेताया कि जब तक निर्विवादित फाइलों में शीघ्र निस्तारण नहीं होता तब तक हम अधिवक्तागण न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे

**पुलिस देखते ही भड़क उठे अधिवक्ता**

उप जिलाधिकारी आकांक्षा सिंह ने कोर्ट चलाने के लिए इलाकाई पुलिस को मौके पर बुला लिया जिसे देखते ही अधिवक्ता और भड़क उठे और जमकर प्रशासन विरोधी नारा लगाते हुए प्रशासन को चेताया की जब तक हम लोगों की मांगों को पूरा नहीं किया जाता तब तक हम सब उप जिलाधिकारी के कोर्ट का बहिष्कार करेंगे और न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे।

## नगर पंचायत अझुवा कस्बे में लगने वाले दो दिवसीय विशाल मेले का हुआ समापन

**● - अपार दर्शकों की भीड़ ने मेले का उठाया खूब लुत्फ**



स्वतंत्र प्रभात

**अझुवा कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत अझुवा का 2 दिवसीय दशहरा मेला सकुशल सम्पन्न हुआ,आदर्श नगर पंचायत अझुवा में 15 अक्टूबर को मुकुट पूजन के साथ शुरू हुए रामलीला कार्यक्रम में बीती देर शाम ,कुम्भकर्ण वध,अहिरावण वध सहित आतातायी रावण वध कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। 2 दिवसीय मेले के प्रथम दिवस का आयोजन 21 अक्टूबर को हुआ जिसमे भीड़ अपेक्षाकृत कम रही किन्तु मेला के दूसरे दिन 22 अक्टूबर को मेला दर्शनार्थियों की लाखों की भीड़ आ गयी बड़े बुजुर्ग बच्चों महिलाओं ने मेले का जमकर लुत्फ उठाया जिधर देखो उधर लोगों का सैलाब ही दिखाई दे रहा था महिलाओं के लिए सौंदर्य प्रसाधन की दुकान बच्चों, नवयुवकों, युवतियां, महिलाओं के लिए झूले खेल खिलौने चाट, गोलगप्पे चाउमिन पिज़्ज़ा वर्गर आइसक्रीम की दुकानें,टेन्द्री मोड़ के पास आकर्षक क्राकरी बर्तन वस्तुए, देवी देवताओं के चित्र की दुकानों सहित तमाम प्रकार के खान पान की दुकानों पर भारी भीड़ देखने को मिली ।खानपान दुकानदारों ने बताया बड़ी संख्या में आए कीट पतंगों की वजह से लोग खाने से विमुख रहे लेकिन देर रात्रि कीट पतंगों की हुई कमी से बिक्री ठीक ठाक हुई।

सब्जी मण्डी में लगे मीना बाजार में महिलाओं ने अपनी मनपसंद चीजों की जमकर खरीददारी की है महिलाओं की सुरक्षा हेतु महिला पुलिसकर्मी बराबर चहलकदमी करती देखी गयी हैं! भोला चौराहे से राष्ट्रीय राजमार्ग में स्वीटी गली के पास से मंडी समिति गेट तक सजावट की कमी महसूस की गई वहीं टांडा मोड़ के पास रोशनी कमेटी पदाधिकारियों ने प्रतीकात्मक रावण वध करवाकर अझुवा की टांडा मार्ग में बेहतरीन मेला सम्पन्न कर मेला में चार चांद लगा दिए हैं इसके अलाव ,सब्जी मंडी ,किराना गली शायरी माता ,बाल रामलीला कमेटी रोशनी कमेटियों द्वारा पूरे नगर को सुंदर आकर्षक रंगबिरंगी रोशनी से जगमगा दिया गया था राष्ट्रीय राजमार्ग सहित नगर की गलियों में अपार भीड़ का आलम था जिसे पुलिस प्रशासन के लोग संभाल रहे थे।कमेटियों द्वारा मंच बनाये गए थे जिसमें वालेंटियर तैनात थे। जो मेला दर्शकों को अपना प्रचार कर गाइड कर रहे थे, वार्ड नं 9 सनई मण्डी में स्वयंसेवकों द्वारा निशुल्क ठहरने का प्रबन्ध कर चाय बिस्किट का वितरण कर रहे थे।

## बनारसी सिंह महामंत्री,अरुण कुमार उपाध्यक्ष और रोहित सिंह बनें संगठन मंत्री

**● - राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ ब्लॉक इकाई मूरतगंज का हुआ पुनर्गठन**



स्वतंत्र प्रभात

**चायल कौशाम्बी।** जनपद में बुधवार को मूरतगंज ब्लॉक के तेरामील स्थित एक निजी रेस्टोरेंट में राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ की मूरतगंज की ब्लॉक इकाई की बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान संगठन की मजबूती को लेकर मंथन करने के साथ ही संगठन के विस्तार हेतु मूरतगंज ब्लॉक की कार्यकारिणी का पुनर्गठन किया गया।संगठन के कई पूर्व पदाधिकारियों के अन्तर्जनपदीय और पारस्परिक स्थानान्तरण के कारण कई पद रिक्त हो गए थे जिससे संगठन के कार्यों में प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा था।बैठक में सर्वसम्मति से बनारसी सिंह महामंत्री,अरुण कुमार को उपाध्यक्ष और रोहित सिंह को संगठन मंत्री चुना गया। नवनिर्वाचित महामंत्री बनारसीलाल ने कहा कि शिक्षकों की समस्याओं के निस्तारण हेतु राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ कृतसंकल्पित है।संगठन की रीति नीति के अनुसार कार्य करते हुए शिक्षक हित में पूरी कार्यकारिणी कार्य करेगी।

ब्लॉक अध्यक्ष मदन कुमार ने सभी नव निर्वाचित पदाधिकारियों को बधाई देते हुए कहा कि राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ से जुड़कर सभी लोग शिक्षक और शिक्षा हित में कार्य करें। इस मौके पर अवनीश मिश्र, मोहम्मद सालिम, नितिन कुमार यादव, धर्मेंद्र पाठक, राकेश तिवारी, अश्वनी कुमार, दिनेश कुमार, जगदीप, चन्द्रशेखर, अनुज त्रिपाठी, राजन प्रजापति, रीना प्रजापति, फुजेल अहमद, गिरिजेश मिश्र, मुकेश, सतवन्त कुमार, अभय राज कुशवाहा,बृजलाल प्रजापति, राजू पासवान, विजय पाल सहित कई शिक्षक मौजूद रहे।

## मण्डलायुक्त ने चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को नियमित रूप से अनुश्रवण के दिए निर्देश

**● - मंडलीय समीक्षा बैठक संपन्न।**



स्वतंत्र प्रभात

**प्रयागराज।** मण्डलायुक्त विजय विश्वास पंत की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड के प्रगति की मण्डलीय समीक्षा बैठक आयोजित की गयी। मण्डलायुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को चल रहे निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने तथा उसका नियमित रूप से अनुश्रवण करते रहने का निर्देश दिया है। गोवंश आश्रय स्थलों की समीक्षा करते हुए कहा कि आने वाली ठण्ड के दृष्टिगत गौशालाओं में आवश्यक व्यवस्थायें सुनिश्चित करा ली जाये। सभी मुख्य विकास अधिकारियों से हरे चारे की व्यवस्था के बारे में जानकारी प्राप्त करते हुए कहा कि लक्ष्य के सापेक्ष हरे चारे की शत-प्रतिशत बुआई सुनिश्चित हो जाये। गोवंशों का शत-प्रतिशत टीकाकरण किए जाने का निर्देश सभी पशुचिकित्साधिकारियों को दिया है। छुट्टा गोवंशों को शत-प्रतिशत रूप से गोआश्रय स्थलों में संरक्षित करने। निराश्रित गोवंश आश्रय स्थलों पर भूसा-चारा की व्यवस्था सुनिश्चित किए जाने के साथ गोआश्रय स्थलों पर प्रकाश व साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाये रखने के निर्देश दिए। सम्बंधित खण्ड विकास अधिकारियों को नियमित रूप से गोआश्रय स्थलों का आवश्यक व्यवस्थायें बनाये रखने के निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त ने स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए जननी सुरक्षा योजना के तहत शत प्रतिशत संस्थागत प्रसव सुनिश्चित कराये जाने के साथ-साथ लाभार्थियों को मिलने वाले इंसेन्टिव का भुगतान समय से सुनिश्चित किए जाने। सभी प्रभारी चिकित्साधिकारियों को नियमित रूप से बैठक करते हुए आशा/एएनएम सहित सभी कर्मचारियों की समस्याओं का निस्तारण किए जाने के साथ-साथ आशाओं का भुगतान शत-प्रतिशत सुनिश्चित किए जाने का निर्देश दिया है। इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही या उदासीनता न बरती जाये। मण्डलायुक्त ने जल जीवन मिशन की समीक्षा करते हुए कहा कि जमीनी विवाद के कारण यदि कहीं पर कार्य प्रभावित हो रहा हो, तो जिला प्रशासन के द्वारा जमीन से सम्बंधित विवाद का निस्तारण कराते हुए कार्य को समय से पूर्ण करा लिया जाये। मण्डलायुक्त ने सेतु निगम के कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी निर्माणाधीन सेतुओं के निर्माण कार्य को गुणवत्ता के साथ समय से पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने कहा कि जिन सड़कों का निर्माण कार्य प्रस्तावित है, उन सड़कों के निर्माण के पूर्व विद्युत विभाग, जल निगम तथा अन्य सम्बंधित विभाग अपने से सम्बंधित कार्यो को सर्वप्रथम करायें, उसके बाद सड़क का निर्माण कार्य किया जाये, जिससे कि सड़क बनने के बाद कटिंग का कार्य न हो। विद्युत विभाग के कार्यों की समीक्षा करते हुए मण्डलायुक्त ने विभाग के द्वारा योजनाओं से सम्बंधित कार्यों के लिए पैसा जमा किए जाने के पश्चात तत्काल विद्युत कनेक्शन दिए जाने विभाग में पैसा जमा किए जाने के बावजूद भी यदि विद्युत कनेक्शन देने में लापरवाही पायी गयी तो सम्बंधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही होगी।

मत्स्य पालन हेतु पट्टा दिए जाने की कार्यवाही समय से पूर्ण किए जाने के निर्देश दिए है। मण्डलायुक्त ने सभी सम्बंधित मण्डलीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री डैशबोर्ड के क्रियान्वयन में लक्ष्य के सापेक्ष अपेक्षित प्रगति लाये जाने को कहा। लक्ष्य के सापेक्ष प्रगति खराब पाये जाने पर सम्बंधित अधिकारियों के विरूद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। इस अवसर पर जिलाधिकारी प्रयागराज रविन्द्र कुमार माँदड़, जिलाधिकारी फतेहपुर रविन्द्र सिंह, जिलाधिकारी प्रतापगढ़ संजीव रंजन, जिलाधिकारी कौशाम्बी मधुसूधन हुल्गी, मुख्य विकास अधिकारीगण सहित सम्बंधित विभागों के मण्डलीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिले की 273 आशा कार्यकर्ता के नौकरी पर मँडराया खतरा

**● - 273 आशाओं की सेवाएं हो सकती हैं समाप्त, आभा पहचान पत्र बनाने में लापरवाही पर जिलाधिकारी का सख्त रुख**

**आभा कार्ड बनवाने में लापरवाही आशा कार्यकर्ता को पड़ी भारी**

**लक्ष्य के सापेक्ष कार्ड बनवाने में साबित हुई शिथिलता**

**आभा कार्यकर्ता को प्रशासन ने सौंपा था सभी परिवारों का आभा कार्ड बनाने का लक्ष्य**

स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** जिले में कार्यरत विभिन्न सीएचसी की 273 आशा कार्यकर्ता की नौकरी पर खतरा मँडरा गया है। इन आशा कार्यकर्ता ने लोगों के स्वास्थ्य से जुड़ा आभा कार्ड बनाने में घोर लापरवाही बरती है। आभा आईडी निर्माण के मामले में लापरवाही पर जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने कड़ा रुख अपनाया है। अप्रैल 2021 से लेकर 21 अक्टूबर 2024 तक जिले में 273 आशा कार्यकर्ता ने 100 से भी कम आभा आईडी बनाए हैं। इसकी जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जिलाधिकारी को आशा कार्यकर्ता की सूची सौंपा है।आभा आईडी (आयुष्मान भारत हेल्थ अकाउंट) का निर्माण स्वास्थ्य सेवाओं को डिजिटाइज करने की एक अहम पहल है, जिसके तहत प्रत्येक नागरिक को एक यूनिक डिजिटल हेल्थ आईडी जारी की जाती है। इसके माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं का डेटा आसानी से प्रबंधित किया जा सकता है। लेकिन जिले के कई क्षेत्रों में आशा कार्यकर्ता की ओर से इस योजना में अपेक्षित कार्य न किए जाने की शिकायतें सामने आई हैं।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा की अध्यक्षता में 21 अक्टूबर को आयोजित एक समीक्षा बैठक में यह गंभीरता से उठाया गया कि जिले के 273 आशा कार्यकर्ता ने अब तक 100 से कम आभा आईडी कार्ड बनाया है। इस बैठक में यह भी निर्देश दिया गया कि अगर 1 नवंबर तक आभा द्धष्ठ बनाने में कोई प्रगति नहीं दिखाई गई, तो इन 273 आशाओं की सेवाएं समाप्त करने की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। मुख्य चिकित्सा अधिकारी रश्मि वर्मा ने 100 से कम आभा आईडी बनाने वाली आशा कार्यकर्ता की विस्तृत रिपोर्ट जिलाधिकारी को सौंप दिया है। मनकापुर सीएचसी की 10, बेलसर की 22, बभनजोत~ 25, छपिया की 25, कर्नलगंज की 12, हलधरमऊ की 21, इटियाथोक सीएचसी की 23, झंझरी सीएचसी की 35, कटरा बाजार की 22, मुजेहना की 16, नवाबगंज सीएचसी की 11, परसपुर सीएचसी की 7, रूपईडीह सीएचसी की 20, तरबगंज सीएचसी की 16, यूपीएचसी सिविल लाइंस की 2, वजीरगंज की 6 आशा कार्यकर्ता पर कार्रवाई लगभग तय हो गई है।

जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने चेतावनी दी है कि जो आशा कार्यकर्ता अपने कार्य में सुधार नहीं लाएंगी और आभा आईडी निर्माण में प्रगति नहीं करेंगी, उनके खिलाफ सख्त कदम उठाए जाएंगे। इस निर्णय का उद्देश्य आभा पहचान पत्र योजना को तेजी से लागू करना और नागरिकों को स्वास्थ्य सेवाओं का डिजिटल लाभ पहुंचाना है। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे इस दिशा में तत्परता से कार्य करें और समय सीमा का पालन सुनिश्चित करें। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने यह भी कहा कि आभा पहचान पत्र योजना के तहत कार्यरत हर आशा कार्यकर्ता का उत्तरदायित्व है कि वह अपने क्षेत्र में सभी लाभार्थियों को जोड़ने का प्रयास करें और योजना को सफल बनाएं। अगर इस दिशा में लापरवाही बरती गई तो भविष्य में ऐसे अन्य लापरवाह कार्यकर्ताओं पर भी कड़ी कार्रवाई होगी।

## कृषक/आलू उत्पादक 25 अक्टूबर 2024 को जिला उद्यान कार्यालय, मंझनपुर में प्राप्त करें आलू बीज

स्वतंत्र प्रभात




**कौशाम्बी।** जनपद के जिला उद्यान अधिकारी अवधेश मिश्रा ने जनपद के समस्त कृषकों/आलू उत्पादकों को सूचित किया है कि निदेशालय द्वारा आवंटित आलू बीज यथा-कु0 चिप्सोना-1 100 कुन्तल, कु0 ख्याति 100 कुन्तल एवं कु0 आनन्द 200 कुन्तल इस प्रकार कुल 400 कुन्तल आलू बीज का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। आलू बीज की उपलब्धता अनुसार दिनांक 25 अक्टूबर 2024 (शुक्रवार) को प्रातः 10 बजे से कार्यालय जिला उद्यान अधिकारी, मंझनपुर में पहले आवक-पहले पावक के आधार पर धनराशि रू0-2995 आधारित प्रथम आलू बीज प्राप्त कर प्रति कृषक एक कुन्तल के हिसाब से वितरण किया जायेंगा। कृषकों को आलू बीज प्राप्त करने के लिए अपने साथ स्वयं का आधार कार्ड एवं खतौनी लाना अनिवार्य है।

## बीस वर्ष की सजा काट कर लौटे कैदी के घर पर दबंगों ने किया कब्जा जिलाधकारी से लगाई गुहार

स्वतंत्र प्रभात

**गोण्डा।** कटरा बाजार थाना क्षेत्र के एक गांव मे 20 वर्ष बाद सजा काट करके एक कैदी जब घर पहुंचा तो उसका मकान गांव के लोगों ने कब्जा कर लिया था इतना ही नहीं उसकी कृषि वाली जमीन लोगों की कब्जे में थी।पीड़ित ने जब अपना हक जताया कब्जेदारों ने मारने के लिए दौड़ा लिया।मामला कटरा बाजार थाना क्षेत्र के माधोपुर गांव का जहां के निवासी संगम लाल 20 वर्ष पहले हत्या के मामले में सेंट्रल जेल बनारस में आजीवन कारावास की सजा पूरी करके जब वह बीते महीने घर पहुंचे तो गांव के ही तकरीबन डेढ़ दर्जन लोगों ने उसके घर और खेत पर कब्जा जमा रखा था,जब उसने अपना हक जताया तो उक्त लोगों ने उसे जान से मारने के लिए दौड़ा लिया।पीड़ित ने अपना घर और जमीन दिलाए जाने के लिए जिलाधिकारी से गुहार लगाई है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से निर्दलीय प्रत्याशी भैया बांके बिहारी ने मां भद्रकाली मंदिर में की पूजा-अर्चना, चुनावी अभियान का किया आगाज



**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग के सदर विधानसभा सीट से निर्दलीय उम्मीदवार भैया बांके बिहारी ने बुधवार को चतरा स्थित मां भद्रकाली मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने चुनावी अभियान की औपचारिक शुरुआत की। बांके बिहारी अपने पूरे परिवार के साथ मंदिर पहुंचे और मां भद्रकाली से क्षेत्र की खुशहाली की प्रार्थना की। वहीं पूजा-अर्चना के बाद भैया बांके बिहारी ने कहा, मां भद्रकाली की कृपा से मुझे जनता की सेवा का अवसर मिला है। मैं आश्वस्त हूं कि इस बार जनता का आशीर्वाद मेरे साथ होगा और चुनाव में जीत मेरी होगी। इसके बाद उन्होंने अपने समर्थकों के साथ मुलाकात की और आगामी चुनावी रणनीति पर विस्तार से चर्चा की। बांके बिहारी ने अपने प्रचार अभियान को और अधिक गति देने का संकल्प लिया, ताकि चुनावी मैदान में उन्हें जनता का पूरा समर्थन मिल सके। आपको बता दें कि निर्दलीय उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ रहे भैया बांके बिहारी की साफ-सुथरी छवि और जनसेवा के वादे उन्हें तेजी से जनता के बीच लोकप्रिय बना रहे हैं। उनकी इस पहल से हजारीबाग सदर सीट पर चुनावी मुकाबला काफी दिलचस्प हो गया है, जहां वे प्रमुख दलों के प्रत्याशियों को कड़ी टक्कर देने की तैयारी में हैं।

## एसीबी हजारीबाग ने रिश्वतखोरी मामले में पंचायत सचिव को किया गिरफ्तार



**आवास निर्माण के पैसे से 5,000 रुपये की रिश्वत मांगने पर कार्रवाई**

**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग के भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने 23 अक्टूबर 2024 को एक अहम कार्रवाई के तहत सिमरिया प्रखंड की ईचाक पंचायत की पंचायत सचिव खुशबु लता को 5,000 रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। आवेदिका सोनिया देवी ने आरोप लगाया था कि खुशबु लता ने आवास निर्माण के लिए मिले 30,000 रुपये में से 5,000 रुपये की रिश्वत मांगी थी। इसके साथ ही, पंचायत सचिव ने यह भी धमकी दी थी कि यदि रिश्वत नहीं दी गई, तो आवास निर्माण के लिए आया पैसा वापस करवा दिया जाएगा। आवेदिका ने इस घटना की शिकायत भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो, हजारीबाग में की। सत्यापन के बाद खुशबु लता द्वारा रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि हुई जिसके आधार पर पुलिस अधीक्षक, भ्र0नि0 ब्यूरो के निर्देश पर ट्रैप की योजना बनाई गई। ट्रैप के दौरान, खुशबु लता को 5,000 रुपये रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया गया। इसके बाद मामले में अग्रिम कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

## विधायक के समक्ष भाजपा कार्यकर्ताओं ने झामुमो का दामन थामा



**झामुमो युवा नेत्री ने पार्टी का पट्टा पहनाकर नये कार्यकर्ता का किया स्वागत**

**पाकुड़िया –** प्रखंड के मोंगलाबाँध स्थित विधायक आवास में मे बुधवार को महेशपुर विधायक प्रो. स्टीफन मरांडी एवं झामुमो युवा नेत्री उपासना मरांडी के समक्ष बीजेपी कार्यकर्त्ताओं ने झामुमो का दामन थामा । खजूरडंगाल के रहने वाले खुदूलाल भगत के नेतृत्व मे भाजपा कार्यकर्ता मुख्य रूप से सुनीता देवी और बुद्धिनाथ मिर्धा, मईनुद्दीन अंसारी सहित अन्य झामुमो मे शामिल हुए। वही महेशपुर विधायक एवं युवा नेत्री ने पार्टी का पट्टा पहनाकर पार्टी मे स्वागत किया। इस अवसर पर पार्टी में शामिल होने वालो ने कहा की हमलोग झारखण्ड की हेमंत सोरेन सरकार द्वारा किया जा रहा एक से जनहित के कार्य व महेशपुर बिधायक द्वारा किया जा रहा विकास कार्य से प्रभावित होकर झामुमो पार्टी का दामन थाम रहे है। मौक़े पर प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल हांसदा, जिला उपाध्यक्ष हरिवंश चौबे, मेहलाईल अंसारी , मंजर आलम, छोटू भगत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद थे।




# विधानसभा चुनाव के शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर अंतरराज्यीय बैठक संपन्न

स्वतंत्र प्रभात



**बरही-** आगामी विधानसभा चुनाव को शांतिपूर्ण और निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने के उद्देश्य से गुरुवार को बरही स्थित कोबरा वाहिनी 203 में एक उच्च स्तरीय अंतरराज्यीय बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में झारखंड और सीमावर्ती राज्य बिहार के प्रशासनिक और पुलिस अधिकारियों ने हिस्सा लिया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य चुनाव के दौरान कानून व्यवस्था बनाए रखना और संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा के विशेष इंतजाम करना था। बैठक में व्यापक रणनीति तैयार की गई, जिसमें विशेष रूप से उन क्षेत्रों को चिन्हित किया गया, जहां चुनावी प्रक्रिया के दौरान असामाजिक तत्वों की गतिविधियों की आशंका है। इन संवेदनशील इलाकों में सुरक्षा बलों की तैनाती और निगरानी को लेकर गहन चर्चा की गई। अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि चुनाव के दौरान किसी भी अप्रिय घटना को रोकने के लिए सतर्कता बरती जाएगी और सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए जाएंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक में झारखंड और बिहार के कई वरिष्ठ अधिकारी शामिल हुए, जिनमें गया के कमिश्नर प्रेम सिंह मीणा, गया आईजी क्षत्रनिल सिंह, हज़ारीबाग डीआईजी सुनील भास्कर, हज़ारीबाग एसपी अरविंद सिंह, उपायुक्त नैंसी सहाय, कोडरमा एसपी अनुदीप सिंह, उपायुक्त मेघा भारद्वाज, गया एसपी, नवादा एसपी, जमुई एसपी, चतरा के डीसी रमेश घोलप, चतरा एसपी विकास कुमार पांडेय एवं बरही एसडीपीओ अजित कुमार विमल शामिल थे। इसके अलावा, कोबरा वाहिनी 203 के कमांडेंट पवन सिंह, द्वितीय कमान अधिकारी गौरव कुमार और आस-पास के जिलों के एसपी और डीसी सहित कई अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। बैठक के दौरान, अधिकारियों ने चुनाव के दौरान उत्पन्न होने वाली चुनौतियों पर चर्चा की और उनके समाधान के लिए ठोस कदम उठाने का संकल्प लिया। विशेष रूप से, नक्सल प्रभावित और अन्य संवेदनशील क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहन विचार-विमर्श हुआ, ताकि किसी भी तरह की अवांछित गतिविधियों को रोका जा सके। इस बैठक के माध्यम से अधिकारियों ने आपसी समन्वय और सहयोग के साथ चुनावी प्रक्रिया को सुरक्षित और निष्पक्ष रूप से संपन्न कराने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि क्षेत्र में शांति और सुरक्षा बनाए रखने के लिए सभी आवश्यक कदम उठाए जाएंगे, जिससे जनता बिना किसी भय के अपने मतदान का अधिकार प्रयोग कर सके।

# बरही और बरकट्ठा से तीन-तीन उम्मीदवारों ने दाखिल किए नामांकन प्रपत्र

**●कुमकुम देवी, कृष्णा यादव, महेंद्र मंडल समेत अन्य प्रत्याशी मुख्य रूप से शामिल**

स्वतंत्र प्रभात

**बरही-** चुनावी सरगर्मी तेज हो चुकी है और विभिन्न दल के प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन दाखिल कर दिए हैं। बरकट्ठा 20 से निर्दलीय कुमकुम देवी, जेएलकेएम के प्रत्याशी महेंद्र मंडल, निर्दलीय नितिका कुमारी ने अपना नामांकन प्रपत्र जमा कर दिया हैं। इसी तरह बरही से जेएलकेएम के प्रत्याशी कृष्णा यादव, निर्दलीय उम्मीदवार अर्जुन प्रसाद केशरी और डॉ बालेश्वर राम ने भी नामांकन प्रक्रिया पूरी की। इसके अलावा बरकट्ठा से बहुजन समाज पार्टी से सरजू प्रसाद वर्मा, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में बटेश्वर प्रसाद मेहता, सुजीत कुमार, रामचंद्र प्रसाद, गौतम कुमार, राजकुमार यादव एवं भाकपा माले से मोहम्मद इब्राहिम ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। वहीं बरही कांग्रेस से उमाशंकर अकेला, अरुण साहू, जयप्रकाश जनता दल से दिलीप कुमार चंद्रवंशी ने नामांकन प्रपत्र खरीदा। बरही और बरकट्ठा में चुनावी मैदान में कूदने वाले कुछ और उम्मीदवारों ने नामांकन प्रपत्र खरीदे हैं, जो अगले दो दिनों में नामांकन दाखिल कर सकते हैं। बरकट्ठा के उम्मीदवारों ने अपने निर्वाची पदाधिकारी सह भूमि सुधार उपसमाहर्ता अजय कुमार भगत के समक्ष अपने नामांकन दाखिल किए। वहीं, बरही के प्रत्याशियों ने निर्वाची पदाधिकारी सह एसडीओ जोहन टुडू के समक्ष अपने दस्तावेज जमा किए। जैसे-जैसे नामांकन प्रक्रिया आगे बढ़ रही है, क्षेत्र में चुनावी माहौल और अधिक गरम होता जा रहा है। उम्मीदवारों के समर्थकों में जोश और उमंग देखने को मिल रही है, जबकि विभिन्न दल अपने अपने उम्मीदवारों के लिए प्रचार की रणनीति बना रहे हैं। आने वाले दिनों में चुनावी गतिविधियां और तेज होने की उम्मीद है, जिससे स्थानीय जनता में भी उत्साह और उत्सुकता का माहौल बन रहा है। इस बार का चुनाव क्षेत्र के विकास, रोजगार और बुनियादी सुविधाओं के मुद्दों पर केंद्रित रहने की संभावना है, जहां उम्मीदवार अपनी योजनाओं और विचारों के साथ मतदाताओं का समर्थन हासिल करने की कोशिश करेंगे।

# संजय रविराज ने भरा नामांकन, सदर विधानसभा चुनाव में आजाद समाज पार्टी से उतरेंगे मैदान में

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** आजाद समाज पार्टी (कांशीराम) के सदर विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी संजय रविराज ने आगामी विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। संजय रविराज, जो भीम आर्मी के प्रदेश अध्यक्ष भी हैं, का राजनीतिक सफर सामाजिक न्याय और दलित अधिकारों की लड़ाई के प्रति समर्पित रहा है। हजारीबाग से पार्टी ने उन्हें अपना प्रत्याशी घोषित किया है। संजय रविराज लंबे समय से समाज में जातिगत भेदभाव और असमानता के खिलाफ मुखर रहे हैं। उन्होंने दलित और शोषित वर्गों की आवाज को उठाते हुए कई आंदोलनों का नेतृत्व किया है, जिससे समाज के हाशिए पर खड़े समुदायों को ताकत और पहचान मिली है। भीम आर्मी की अध्यक्षता के दौरान, उन्होंने दलित और पिछड़े वर्गों को उनके अधिकार दिलाने के लिए संघर्ष किया और उन्हें समाज की मुख्यधारा में लाने की कोशिश की। संजय रविराज का मानना है कि जब तक हर नागरिक को समान अवसर और अधिकार नहीं मिलते, तब तक देश का विकास अधूरा रहेगा। उनकी राजनीतिक यात्रा का मुख्य उद्देश्य समाज में समानता और न्याय को स्थापित करना है। उन्होंने आजाद समाज पार्टी के बैनर तले चुनावी मैदान में उतरते हुए वादा किया है कि यदि वे सदर विधानसभा से चुने जाते हैं, तो समाज के वंचित वर्गों के हक के लिए ठोस कदम उठाएंगे। उनकी उम्मीदवारी न केवल दलित समुदाय के लिए, बल्कि उन सभी लोगों के लिए है जो समानता, न्याय और सामाजिक परिवर्तन की उम्मीद रखते हैं। संजय रविराज का यह संघर्ष सामाजिक चेतना जगाने और समाज के हर वर्ग को साथ लेकर आगे बढ़ने का एक महत्वपूर्ण कदम है।

## उदय मेहता ने हजारीबाग सदर से दाखिल किया नामांकन, जेएलकेएम से लड़ेंगे चुनाव

स्वतंत्र प्रभात



**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग सदर विधानसभा सीट से झारखंड लोकतांत्रिक क्रांतिकारी मोर्चा (जेएलकेएम) के प्रत्याशी उदय मेहता ने विधानसभा चुनाव के लिए नामांकन दाखिल किया। बुधवार को सैकड़ों समर्थकों के साथ छड़वा मैदान से बाइक रैली निकालते हुए उदय मेहता समाहरणालय पहुंचे, जहां उन्होंने गाजे-बाजे के साथ नामांकन फॉर्म भरा।नामांकन के बाद उदय मेहता ने कहा कि उनका मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के विकास और जनता की सेवा करना है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि हजारीबाग सदर क्षेत्र की समस्याओं को हल करना और क्षेत्र में प्रगति लाना उनकी प्राथमिकता है। उदय मेहता ने कहा कि जेएलकेएम के नेता जयराम महतो के नेतृत्व में झारखंड में विकास की नई धारा बह रही है और इसी नेतृत्व के तहत वह क्षेत्र को एक नई दिशा में ले जाने के लिए चुनावी मैदान में उतरे हैं। उदय मेहता का कहना है कि जयराम महतो का नेतृत्व झारखंड की प्रगति के लिए अहम है, और उनका चुनावी एजेंडा भी इसी विकासशील दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि हजारीबाग सदर के लोगों की समस्याओं का समाधान करना और क्षेत्र को समृद्धि की ओर ले जाना उनके एजेंडे में सबसे ऊपर है। इस नामांकन प्रक्रिया में भारी संख्या में मौजूद समर्थकों ने उदय मेहता के प्रति अपनी निष्ठा और समर्थन का प्रदर्शन किया। समर्थकों का कहना है कि उदय मेहता जैसे सशक्त और जनता के हितैषी नेता को विधानसभा में भेजना क्षेत्र के विकास के लिए आवश्यक है।

# सिमडेगा जिला परिषद अध्यक्ष रोष प्रतिमा सोरेंग ने कोलेबिरा से निर्दलीय प्रत्याशी के तौर पर दाखिल किया नामांकन

स्वतंत्र प्रभात



**कोलेबिरा, झारखंड-** सिमडेगा जिला परिषद की अध्यक्ष रोष प्रतिमा सोरेंग ने बुधवार को कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र से निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में विधानसभा चुनाव के लिए अपना नामांकन दाखिल किया। क्षेत्र में विकास और जनता की सेवा के उद्देश्य से चुनावी मैदान में उतरते हुए सोरेंग ने कहा कि उनकी प्राथमिकता कोलेबिरा की जनता की समस्याओं का समाधान करना और क्षेत्र में समग्र प्रगति लाना है। नामांकन के बाद मीडिया से बातचीत में सोरेंग ने कहा, मेरे चुनाव लड़ने का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में स्वास्थ्य, शिक्षा और बुनियादी सुविधाओं में सुधार के साथ रोजगार के अवसरों को बढ़ावा देना है। कोलेबिरा की जनता ने विकास की जो उम्मीदें पाल रखी हैं, उन्हें पूरा करना ही मेरी प्राथमिकता होगी।सोरेंग ने कहा कि अगर वे चुनाव जीतती हैं, तो जनता के हर मुद्दे पर गंभीरता से काम किया जाएगा। वे किसी पार्टी के बैनर तले न लड़कर, स्वतंत्र रूप से क्षेत्र के विकास को अपनी पहली जिम्मेदारी मानती हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र में वर्षों से उपेक्षित मुद्दों पर ठोस काम करना उनकी प्रतिबद्धता है, और वे इसी उद्देश्य के साथ चुनाव में उतर रही हैं। सोरेंग की उम्मीदवारी ने कोलेबिरा विधानसभा क्षेत्र के चुनावी समीकरणों को नई दिशा दी है, जहां निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में उनका उतरना क्षेत्र में व्यापक समर्थन जुटाने की संभावना है।

# जिले के दिव्यांग जनो को विधानसभा चुनाव में जागरूकता के लिए अतहर अली को दिव्यांग आइकॉन बनाया गया

स्वतंत्र प्रभात



**रामगढ़, झारखंड-** विधानसभा चुनाव 2024 मदे नजर शांतिपूर्ण चुनाव को लेकर जिला प्रशासन के द्वारा हर संभव कदम उठाई जा रही है, इसी के तहत दिव्यांग जनो को मतदाता जागरूकता अभियान के तहत जिला प्रशासन के द्वारा मो अतहर अली, दिव्यांग नेशनल खिलाड़ी जिला सलाहकार समिति के सदस्य को ब्रांड एंबेसडर बनाया गया ताकि ज्यादा से ज्यादा दिव्यांग मतदाताओं को पोलिंग बूथ तक पहुंचा कर मतदान कराया जा सके। मो अतहर अली ने इस कार्य के लिए जिला प्रशासन को धन्यवाद दिया और अपने पूरे टीम के साथ अब चुनाव में मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रणनीति बना रहे। जिले के सुदूर वर्ती क्षेत्र से लेकर शहर तक मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। और दिव्यांग जनों को भोट प्रतिशत बढ़ाने का पूरा प्रयास रत रहेंगे।

# रेलवे कर्मचारियों ने प्रथम वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया

स्वतंत्र प्रभात



**टूण्डला-** दिनांक 22-10-2024 मंगलवार को समय सुबह 8 बजे से न्यू रेलवे कॉलोनी टूण्डला में उत्तर मध्य रेलवे वॉलीबॉल कमेटी टूण्डला द्वारा प्रथम वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें गंगापुर सिटी, मथुरा (उत्तर मध्य रेलवे ) की एक एवं मथुरा( उत्तर पूर्व रेलवे ) की दो टीम, दादरी एवं कैरेज एंड वैगन विभाग टूण्डला, रेस्ट कैम्प रेलवे कॉलोनी टूण्डला, बॉलीबॉल आयोजन कमेटी की टीम ए , टीम बी एवं नागौरी टीम सहित कुल दस टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता आयोजन में राम खिलाड़ी मीना, मुरारी लाल मीना, सूबे सिंह मीना, कपूर लाल मीना, सुबह सिंह मीना, राम भरत मीना, धर्म सिंह मीना एवं रमेशचंद्र मीना आदि की मुख्य भूमिका रही। प्रतियोगिता शुरू होने से पूर्व आयोजन कमेटी द्वारा रेलवे के अधिकारियों का साफ़ा बंधवाकर एवं फूल माला पहनाकर स्वागत किया गया। प्रतियोगिता का फीता काटकर शुभारंभ करने में उप मुख्य चिकित्सा अधीक्षक, उप मुख्य यातायात प्रबंधक, उप मुख्य सिग्नल एवं दूरसंचार अभियन्ता, मण्डल विद्युत अभियंता (टी आर डी), सहायक मण्डल विद्युत अभियंता (परि.), सहायक मण्डल यांत्रिक अभियन्ता, स्टेशन अधीक्षक टूण्डला सहित अनेक सुपरवाइजर्स एवं गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति रही।

प्रतियोगिता का शुभारंभ उपस्थित अधिकारियों द्वारा फीता काटकर किया गया तथा शुरुआत में उद्घाटन मैच अधिकारियों एवं आयोजन कमेटी की लीजेंड टीम के मध्य हुआ। प्रतियोगिता में शामिल सभी टीमों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया जिसमें कई टीमों का संघर्ष देखने लायक़ था।इस वॉलीबॉल प्रतियोगिता में प्रथम विजेता आयोजन कमेटी की टीम ए एवं उप-विजेता आयोजन कमेटी की टीम बी रही जिन्हें उपस्थित अधिकारियों द्वारा मेडल पहनाकर कर ट्रॉफी प्रदान की गई। साथ ही विजेता एवं उप-विजेता टीम को नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन टूण्डला के शाखा मंत्री सरदार सिंह एवं जयकिशन अजवानी द्वारा शील्ड प्रदान करके खिलाड़ियों को सम्मानित किया गया इस प्रतियोगिता का समापन शाम लगभग 8.15 हुआ तत्पश्चात मैदान में उपस्थित सभी आयोजकों, अधिकारियों, खिलाड़ियों एवं दर्शकों द्वारा राजस्थान की प्रसिद्ध डिस दाल, बाटी और चूरमा का लुत्फ उठाया गया।

# शादीशुदा लड़की का असली घर, उसका ससुराल है

स्वतंत्र प्रभात



**टूण्डला-** शादीशुदा लड़की का असली घर, उसका ससुराल है। रिश्ते बनाना बहुत मुश्किल है और बिगड़ता बहुत आसान। यदि हम समझदारी से काम लें तो रिश्तों में दरार पैदा नहीं होती है बल्कि वो और भी ज्यादा मजबूत होते हैं। इसी प्रकार का एक मामला थाना टूण्डला में देखने को मिला कि आवेदिका बेबी पुत्री सोबरन सिंह निवासी अनवारा थाना टूण्डला जनपद फिरोजाबाद ने बताया कि मैं मेरी शादी 2019 में भीमसिंह पुत्र आसाराम निवासी सलेमपुर विकासखंड मक्खनपुर फिरोजाबाद के साथ हुई थी। मेरे पति और मुझ में किसी बात को लेकर कहा सुनी हो गई थी। जिस वजह से मैं नाराज़ होकर अपने मायके आ गई और काफी समय से अपने मायके में ही रह रही हूं। आस-पड़ौस के लोग अब इस बात का ताहिना देने लगे हैं कि शादीशुदा लड़की है और अपने मायके में ही रहती है। जिस कारण मैं और मेरी मां बहुत परेशानियों का सामना कर रही है। कृपया आप मेरी मदद करें। उक्त प्रकरण को ध्यान में रखते हुए आवेदिका बेबी तथा उसके पति भीमसिंह को महिला रिपोर्टिंग चौकी टूण्डला बुलाकर, म0उ0नि0 अलवीना पठान द्वारा समझाकर काउंसलिंग की गई तो पाया कि ज़रा-ज़रा सी बात को लेकर दोनों पक्ष में विवाद हो जाता था। जिस वजह से काफी समय से लड़की अपने मायके में ही रह रही थी और वहां उसे समाज के लोगों द्वारा दिए जा रहे ताहिनो का सामना करना पड़ रहा था। दोनों पक्षों को समझकर आपसी सहमति से नई किरण के तहत समझौता करा कर, थाने से सकुशल रवाना किया गया। दोनों पक्षों ने पुलिस का धन्यवाद किया।

## हजारीबाग के स्वास्थ्य क्षेत्र में एक और निजी अस्पताल का जुड़ेगा नाम

स्वतंत्र प्रभात

**हजारीबाग, झारखंड-** हजारीबाग के स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक और नाम जुड़ने वाला है। आज स्थानीय इंद्रपुरी चौक स्थित साई मंदिर के समीप अस्पताल का उद्घाटन होगा। इस अस्पताल में जनरल एवं लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. रौशन कुमार और स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ चिकित्सक डॉ. सिम्पी कुमारी अपनी सेवाएं देंगे। यहां 24 घंटे सातों दिन जांच, अल्ट्रासाउंड के साथ किफायती दरों में शल्य चिकित्सा और दूरबीन से सर्जरी की सुविधा मिलेगी। हॉस्पिटल के संचालक समूह ने बताया कि जल्द ही आयुष्मान भारत योजना की भी सुविधा यहां उपलब्ध कराया जाएगा ।अस्पताल के संचालक डॉ रौशन कुमार और डॉ सिम्पी कुमारी ने संयुक्त रूप से कहा कि यहां इंडोस्कोपी की सुविधा, नार्मल डिलीवरी, दूरबीन से पित्त की पथरी, किडनी पेशाब की नली, पेशाब की थैली में हुए पथरी और प्रोस्टेट का ऑपरेशन यथोचित मुल्य पर किया जायेगा। इसके अलावा यहां कई तरह के ऑपरेशन किए जाएंगे। मौके पर उपस्थित लोगों ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में हजारीबाग शहर निरंतर विकास की ओर उन्मुख हो रहा है। उन्होंने कहा कि कई तरह के बड़े ऑपरेशन अब हज़ारीबाग में भी संभव हो पा रहे हैं। ऐसे में हजारीबाग के लोगों के आर्थिक स्थिति के अनुरूप यथोचित मूल्य बेहतर चिकित्सीय सुविधा उपलब्ध कराने में ये अस्पताल कारगर साबित होगा। गगन कुमार बताया कि इस नए और भव्य अस्पताल के उज्जवल भविष्य की मैं कामना करता हूँ और हजारीबाग वासियों के आर्थिक स्थिति को ध्यान में रखकर उचित खर्च मे बेहतर स्वस्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने की बात को लेकर सराहा है।

# अवैध शराब के विरुद्ध चलाया अभियान

स्वतंत्र प्रभात



**रामगढ़, झारखंड-** विधान सभा आम निर्वाचन-2024 को स्वच्छ, शांतिपूर्ण एवं भयमुक्त वातावरण में चुनाव संपन्न कराने को लेकर पुलिस अधीक्षक अजय कुमार के आदेश पर रामगढ़ जिला अंतर्गत सभी थाना/ओपी में अवैध शराब के विरूद्ध सघन अभियान संचालित किया जा रहा है। संचालित सघन अभियान के दौरान रामगढ़ थाना क्षेत्र अन्तर्गत कांकेबार एवं गोसाईटोला में विभिन्न जगहो पर निर्मित अवैध जावा महुआ करीब 100 किलो, देशी महुआ शराब कुल 32 लीटर एवं भदानीनगर ओपी क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम-चोरधारा मांझी टोला में निर्मित अवैध जावा महुआ करीब 90 किग्रा बरामद किया गया। अवैध रूप से देशी शराब निर्माण में संचालित विभिन्न भट्ठियों को ध्वस्त किया गया। अवैध जावा महुआ करीब 190 कि0ग्रा0 जो संग्रहरण के दौरान विनष्ट हो गया, जिसका अनुमानित मूल्य कुल 13,300/- रूपया तथा बरामद 32 लीटर अवैध देशी शराब का अनुमानित मूल्य 3840/- रूपया है। इस संदर्भ में रामगढ़ थाना एवं भदानीनगर ओपी अंतर्गत सन्हा दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जा रही है। उल्लेखनीय है कि पुलिस अधीक्षक रामगढ़ द्वारा नशे के अवैध करोबारियों के विरूद्ध लगातार छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। जब्त / बरामद सामान में अवैध जावा महुआ करीब 190 किग्रा संग्रहण के दौरान विनष्ट हो गया।अवैध देशी शराब 32 लीटर जप्त किया गया।

# ज्योति वर्ष दिपावली की हो रही है, उत्साह पूर्वक तैयारी

**●दिपावली को लेकर मिट्टी के दिये गढ़ने के काम में आई तेजी**

स्वतंत्र प्रभात



**पाकुड़िया/पाकुड़/झारखण्ड-** अंधकार से प्रकाश की ओर गमन करने के निमित्त सनातन संस्कृति के घोष वाक्य,को अपने ओज प्रकाश से मानव समाज को आलोकित करने की पहल दीपोत्सव की तैयारी, पाकुड़िया में तत्परता पूर्वक की जाने लगी है।कहा जाता है,अंधेरों से प्रकाश की ओर चलने के कई उज्वल पथ हैं पर इसमें दिपावली की भी सहभागिता रही है।एक साथ कई पंक्तियों में प्रकाश मान मिट्टी के नन्हें दिये सचमूच,मानव मन को कितना प्रफुल्लित करता है।इन दिनों बिजली के रंग-बिरंगी बल्ब,झालरों से हम, अपने मकान, दुकानों को रोशन अवश्य करते रहें हैं लेकिन मिट्टी के दियों में तेल से मिलकर,आलोकित दिपक से विखरती आभा हमें स्नेह का आभास कराती रही है।बहरहाल,दीपों का त्योहार को लेकर पाकुड़िया प्रखण्ड के सुदूर ग्रामीण क्षेत्रों में काफी उल्लास के साथ लोग साफ-सफाई में जुटे हैं।31अक्टूव को दिपावली का त्योहार मनाया जायेगा। हालांकि दिपावली को लोग दो दिन ही,मनाते रहे हैं।इस मांगलिक वेला की रात्रि को माता काली पूजन पाकुड़िया सहित ग्रामीण इलाकों में, भक्ति-भाव से की जाती है। पाकुड़िया के सिवाय पलियादह गांव में बड़े पैमाने पर,काली पूजन के शुभावसर पर मेला का आयोजन वर्षो से होता रहा है।मां काली की भव्य प्रतिमा गढ़ने का काम तेजी से किया जा रहा है।

# इंडियन कॉलेज ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट की फेलोशिप मिली

स्वतंत्र प्रभात



**अलीगढ़।** एएमयू के जे.एन. मेडिकल कॉलेज के एनेस्थेसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर विभाग के प्रोफेसर एस. मोइद अहमद को हाल ही में लखनऊ में आयोजित आईसीए के 5वें अंतर्राष्ट्रीय और 14वें राष्ट्रीय सम्मेलन के पुरस्कार समारोह के दौरान इंडियन कॉलेज ऑफ एनेस्थेसियोलॉजिस्ट (एफआईसीए) की फेलोशिप से सम्मानित किया गया है। प्रोफेसर मोइद को जे.एन. मेडिकल कॉलेज के एनेस्थेसियोलॉजी और क्रिटिकल केयर के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया है। उन्होंने अस्पताल में अन्य विशेषज्ञताओं में आईसीयू और क्रिटिकल केयर वार्डो के विकास की देखरेख की और क्रिटिकल केयर मेडिसिन में पोस्ट डॉक्टरल सर्टिफिकेट कोर्स (पीडीसीसी) शुरू करने और एनेस्थिसियोलॉजी विभाग और अन्य विशेषज्ञताओं में स्नातकोत्तर के लिए शिक्षण और प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। वे भारतीय पुनर्जीवन परिषद संघ (आईआरसीएफ) के तत्वावधान में कार्डियोपल्मोनरी रिससिटेशन (सीपीआर) में भारतीय दिशानिर्देश तैयार करने वाले प्रमुख लेखकों में से एक रहे हैं, जो कि अंतर्राष्ट्रीय संपर्क समिति (आईएलसीओआर) का एक सदस्य संगठन है। भारत के अधिकांश मेडिकल कॉलेजों में स्नातकोत्तर प्रशिक्षण के लिए पाठ्यक्रम के एक भाग के रूप में इसी दिशानिर्देश का समर्थन किया गया है। वे 'जर्नल ऑफ रिससिटेशन' के संस्थापक प्रधान संपादक भी हैं।

# मोदी को सराहूं या सराहूं योगी लाल को ?




मेरी दशा इन दिनों महाकवि भूषण जैसी हो रही है । भूषण की काव्यप्रतिभा और कशीदाकारी से प्रभावित होकर महाराजा छत्रसाल ने उनकी पालकी को कन्धा लगाया था तो महारज शिवाजी ने उन्हें मालामाल कर दिया था। लेकिन मेरे पास न महाकवि भूषण जैसी काव्य प्रतिभा है और न ही मुझे उनकी तरह ठकुरसुहाती लिखाना आती है। लेकिन हम दोनों हैं एक ही बिरादरी के हैं, इसलिए हमारी दुविधा भी एक जैसी ही है। महाकवि भूषण को छत्रपति शिवजी और महाराज छत्रसाल ने दुविधा में डाल दिया था। दोनों महान शूरवीर थे। ये बात 400 साल पुरानी है लेकिन मुझे कलिकाल में विश्व गुरु मोदी जी और गोरखपंथी योगी आदित्यनाथ ने दुविधा में डाल दिया है। मै समझ नहीं पा रहा हूं कि मै मोदी जी को सराहूं या योगी जी को ?

कलिकाल की राजनीति में मुझे माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र दामोदर दास मोदी और उत्तर परदरदेश के उत्तरदायी मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जैसा सूरमा और कोई नजर ही नहीं आता। राहुल, अखिलेश, ममता बनर्जी, नीतीश कुमार, अरविंद केजरीवाल, हेमंत सोरेन जैसे नेता तो इस जुगल जोड़ी के सामने कहीं लगते ही नहीं है। इन दोनों के पास ध्रुवीकरण का जो अमोघ अस्त्र है वो किसी दूसरे के पास नहीं है। मोदी जी 2014 और 2019 के आम चुनाव में अपने इस अमोघ अस्त्र का जलवा दिखा चुके है। 2024 में उनका जलवा थोड़ा कम नजर आया। लेकिन योगी जी का जलवा कायम है भले ही 2024 में अखिलेश और राहुल की जोड़ी ने उनकी हवा टाइट कर दी थी संविधान कि प्रतियां दिखाकर।

देश को 81 साल पहले जिस तरह से महात्मा गांधी ने 'करो या मरो 'का नारा देकर देश को आजादी दिलाई थी उसी तर्ज पर महात्मा योगी ने 2024 में देश की जनता को 'बटोगे तो कटोगे 'का नारा दिया है। वे हर विधानसभा के चुनाव में अपने इसी धारदार नारे के साथ नमूदार हो रहे हैं और देश को कांग्रेस मुक्त करने के अभियान को साकार करने में जुटे हैं। लेकम महात्मा योगी भूल गए कि वे महात्मा गांधी नहीं हैं। उनकी वाणी में वो ओज नहीं है जो गांधी की वाणी में था। महत्मा योगी जी की बात तो उनका अपना उत्तर प्रदेश नहीं सुन रहा जबकि महात्मा गांधी के नारे को पूरे देश ने अपना लिया था। अव्वल तो महात्मा योगी को महात्मा गाँधी की नकल करते हुए भारतीयों को 'बटोगे तो कटोगे 'का नारा देना ही नहीं था और यदि दे भी दिया था तो जम्मू-काश्मीर में भाजपा के हारने के बाद उसे महाराष्ट्र में दोहराना नहीं था। योगी जी को मुगालता हो गया है कि हरियाण विधानसभा चुनाव भाजपा ने उनके इसी नारे की बिना पर जीता,जबकि जीत मशीन और मशीनरी की थी। ।

बहरहाल अभी महाराष्ट्र और झारखण्ड में अगले महीने विधानसभा के चुनाव होना है। इन दोनों राज्यों में माननीय महात्मा मोदी के होर्डिंग्स के बजाय महात्मा योगी के 'बटोगे तो कटोगे 'वाले हर्डिंग्स लग गए हैं। लगता है कि अब भाजपा को अपने महात्मा मोदी के ऊपर भरोसा नहीं रहां । भरोसा तो महाराष्ट्र के चित-पवन पूर्व मुख्यमंत्री और वर्तमान उप मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस पर भी नहीं है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे पर तो भाजपा भरोसा कर ही नहीं सकती। महाराष्ट्र में अब डर के मारे देवेंद्र फडणवीस भी 'देवा भाऊ 'बन गए हैं। उनके चित-पवन ब्राम्हण होने की बात भी अब कोई नहीं कर रहा है, क्योंकि भाजपा को आशंका है कि देवेंद्र भाऊ का ब्राम्हण होना कहीं उसे नुक्सान न करा दे।

कभी-कभी मुझे लगता है कि भाजपा के मित्रों ने खासकर मोदी और शाह साहब की जोड़ी ने हमारे पुरखे कवि प्रदीप का फिल्म जागृति के लिए 1954 में लिखा गीत न सुना है और न पढ़ा है अन्यथा वे महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव जीतने के लिए महात्मा योगी का बटोगे तो कटोगे वाला मन्त्र इस्तेमाल नहीं करते । लगता है भाजपा महाराष्ट्र को जानता ही नहीं है। इसलिए मै भाजपा के मित्रों के लिए कविवर प्रदीप के गीत का वो खंड दुहरा रहा हूँ जो उन्होंने महाराष्ट्र के लिए लिखा था। वे लिख गए हैं कि -

देखो मुल्क मराठों का ये यहाँ शिवाजी डोला था

मुग़लों की ताकत को जिसने तलवारों पे तोला था

हर पर्वत पे आग लगी थी हर पत्थर एक शोला था

बोली हर-हर महादेव की बच्चा-बच्चा बोला था

घेर शिवाजी ने रखी थी लाज हमारी शान की

इस मिट्टी से तिलक करो ये धरती है बलिदान की

बलिदान की इस धरती के प्रतीक छत्रपति शिवाजी की प्रतिमा का मान-मर्दन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की सरकार के समय ही हुआ है। दरियादिल प्रधानमंत्री माननीय मोदी जी इस गलती के लिए जनता से क्षमा याचना भी कर चुके हैं ,लेकिन ये पता नहीं है कि जनता ने मोदी जी को क्षमा किया या नहीं ? जनादेश तो 23 नवंबर को ही आएगा। महाराष्ट्र में हालात आज भी ठीक नहीं हैं। यहां पर्वत-पर्वत पर आग लगी है। मुगल तो हैं नहीं लेकिन अल्पसंख्यकों की ताकत को बाजरिये लारेंस विश्नोई की बंदूकों के बल पर तौला जा रहा है। बाबा सिद्दीकी की हत्या की जा चुकी है और फिल्म अभिनेता सलमान खान को जान से मारने की धमकी दी जा चुकी है। ऐसे में महात्मा योगी का नार ' आग में घी 'डालने का काम कर रहा है।

महाराष्ट्र में मोदी जी का चेहरा चल नहीं रहा। उनका चेहरा अपनी चमक खो चुका है। वैसे भी वे इस समय महाराष्ट्र को भूलकर रूस और यूक्रेन के बीच समझौता कराने में व्यस्त हैं। महात्मा शाह परदे के पीछे से मेहनत जरूर कर रहे हैं ,लेकिन उनकी मेहनत हरियाणा की तरह कामयाब होगी या नहीं कहना कठिन है। आप यकीन मानिए कि मै मोदी और शाह की जोड़ी के महरत का मुरीद हो । वे जिस शिद्दत के साथ चुनाव लड़ते हैं और अपने प्रतिद्वंदी दलों का खंडन करते हैं उसकी कोई दूसरी मिसाल नहीं है । कांग्रेस तो दलों को तोड़ना जानती ही नहीं है। यानि भाजपा की ये जुगल जोड़ी बांटने और काटने में सिद्धहस्त हो चुकी है । महाराष्ट्र और झारखण्ड की ही बात करें तो भाजपा राष्ट्रवादी कांग्रेस और शिवसेना को बाँट भी चुकी है और आपने ही बच्चे देवेंद्र फडणवीस के पर काट भी चुकी है । झारखण्ड में झामुमो को बांटकर चम्पई बाबू को कमलगट्टे खिलाने का श्रेय भी इसी जोड़ी को है।

आप तो पढ़े-लिखे हैं अतीत खंगाल लीजिये तो आपको पता चल जाएगा कि भाजपा बाँटने का काम आज से नहीं बल्कि वर्षों से कर रही है । भाजपा जिस किसी दल पर अपना हाथ रखती है उसका दोफाड़ होना अवश्यम्भावी है। मध्यप्रदेश में ,उत्तर प्रदेश में ,राजस्थान में और न जाने कहाँ-कहां भाजपा ने कांग्रेस को बांटने की कोशिश की और जब कामयाबी नहीं मिली तो कांग्रेस को काट दिया। कभी ज्योतिरादित्य सिंधया को काट ले गयी तो कभी जितिन प्रसाद को। कभी हेमंत विस्वा को तो कभी किसी और को। बहरहाल लौटकर महात्मा योगी के नारे पर आते हैं। अब महाराष्ट्र की जनता को ये तय करना है कि क्या वो सचमुच बँट रही है ? या सचमुच कटने वाली है ? उसे महात्मा योगी के नारे पर ध्यान देना चाहिए या उसे 'इग्नोर 'करना चाहिए ?

एक शुभचिंतक के नाते मै भाजपा हायकमान को मुफ्त का मशिवरा देना चाहता हूं कि वो महाराष्ट्र और झारखण्ड में स्थानीय मुद्दों पर,स्थानीय नेताओं के चेहरों पर विधानसभा का चुनाव लाडे और जीते । इन दोनों राज्यों में ही नहीं बल्कि किसी तीसरे राज्य को भी महात्मा योगी के 'बांटोगे तो काटोगे 'के नारे से डराने की जरूरत नहीं है । भाजपा को महात्मा योगी की बारूद का इस्तेमाल उत्तर प्रदेश में ही करना चाहिए जहां कि 2024 के लोकसभा चुनाव में भाजपा की जमीन पोली हो चुकी है । संद रहे कि ये देश न बनत रहा है और न कोई यहां कट रहा है। हम सब एक हैं। एक डाल के पंछी जय श्री राम।

**राकेश अचल**

# संपादकीय

## उपचुनाव चुनाव तय करेंगे प्रदेश की भावी राजनीति





प्रदेश में उपचुनाव की तारीख पास आते ही राजनैतिक तापमान बढ़ना शुरू हो गया है। बहुजन समाज पार्टी ने अपने सभी नौ प्रत्याशी घोषित कर दिए हैं। जब कि समाजवादी पार्टी ने पहले ही छै प्रत्याशी घोषित कर दिए थे। भारतीय जनता पार्टी की लिस्ट आज या कल आ सकती है। कल देर शाम प्रदेश के दोनों उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या व ब्रिजेश पाठक को आलाकमान ने दिल्ली बुलाया था। सूत्र बताते हैं कि लिस्ट फाइनल करने के लिए उनकी भी राय ली जा रही है। वहीं कल तक सपा और कांग्रेस में नाराज दिखाई दे रही कांग्रेस ने आज मीटिंग बुलाई है। क्योंकि समाजवादी पार्टी ने कांग्रेस के लिए एक और तीसरी सीट देने को कह दिया है। कल तक सपा कांग्रेस को केवल दो सीट ही दे रही थी। मायावती की लिस्ट पर गौर करें तो वह कहीं सपा तो कहीं भाजपा को नुकसान पहुंचा सकती है। लेकिन ऐसा कम ही नजर आ रहा है कि बसपा को जीत मिल सके। लेकिन वह अच्छा खासा नुकसान कर सकने में सक्षम है। बसपा ने कानपुर की सीसामऊ सीट और प्रयागराज की फूलपुर सीट से अपने प्रत्याशी बदल दिये हैं। सीसामऊ से पहले रवि गुप्ता को टिकट दिया गया था लेकिन अब उनका टिकट काटकर वीरेंद्र शुक्ला को टिकट दिया गया है जबकि फूलपुर से पहले शिवबरन पासी को टिकट दिया गया था अब उनका टिकट काट कर जितेन्द्र ठाकुर को दिया गया है। कुंदरकी से रफतउल्ला उर्फ नेता को टिकट दिया है। मंझवा से दीपू तिवारी, कटेहरी से अमित उर्फ जितेन्द्र वर्मा को टिकट दिया है। जबकि मीरापुर से शाह नजर और गाजियाबाद से पीएन गर्ग तथा करहल से अवनीश कुमार शाक्य को टिकट दिया गया है। इस तरह यदि देखा जाए तो बसपा ने दो मुस्लिम,चार सवर्ण, दो पिछड़े वर्ग को टिकट दिया है अलीगढ़ की खैर सीट पर अभी संशय बरकरार है। चार सीटों पर बसपा ने जो सवर्ण नीति चली है ये कहीं न कहीं भारतीय जनता पार्टी के लिए मुश्किल पैदा करेगी। इसके अलावा जिन दो सीटों पर मुस्लिम और दो पर पिछड़ी जातियों के उम्मीदवारों को उतारा है यहां बसपा कुछ हद तक समाजवादी पार्टी का नुक़सान कर सकती है।

लेकिन बसपा की लिस्ट देखकर यह तय है कि ये सपा से ज्यादा भाजपा का नुकसान करती दिखाई दे रही है। पूरा गणित तभी समझ में आ सकेगा जब भारतीय जनता पार्टी अपने उम्मीदवारों की लिस्ट घोषित कर देगी। मैनपुरी की करहल सीट वैसे तो सपा का गढ़ मानी जाती है लेकिन बसपा ने जिस तरह से शाक्य उम्मीदवार को चुनाव मैदान में उतारा है वह सपा के लिए चिंता का विषय है क्योंकि यादव बाहुल्य इस सीट पर यादवों के बाद दलित और शाक्य वोटों की संख्या अधिक है। यहां अब यह देखना है कि भारतीय जनता पार्टी किस वर्ग के चेहरे को उतार रही है। इधर सपा और कांग्रेस के मनमुटाव पर भी नरमी दिखने लगी है क्योंकि कल तक सपा कांग्रेस को केवल दो सीट गाजियाबाद और खैर ही देने को तैयार थी लेकिन अब फूलपुर सीट देने के भी संकेत दे दिए हैं और आज प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने बैठक बुलाई है जिसमें प्रत्याशियों के नामों का चयन किया जा सकता है। साथ ही अखिलेश यादव ने कहा है कि उत्तर प्रदेश में सपा कांग्रेस का गठबंधन बना रहेगा। अब जब प्रदेश की दो प्रमुख पार्टियों ने अपने उम्मीदवारों की घोषणा लगभग कर दी है तब सभी की निगाहें भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों की लिस्ट पर लग गई है। भारतीय जनता पार्टी प्रदेश संगठन और सभी वरिष्ठ नेताओं से विचार-विमर्श करने के उपरांत ही प्रत्याशी घोषित करना चाहती है। क्योंकि ये उपचुनाव भारतीय जनता पार्टी के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण हैं और वह चाहती है कि ज्यादा से ज्यादा सीटों पर उसके प्रत्याशी जीत हासिल करें। अभी हाल ही में सम्पन्न हुए लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी को उत्तर प्रदेश में करारी हार का सामना करना पड़ा था। जब 80 सीटों में से भारतीय जनता पार्टी केवल 33 सीटों पर सिमट कर रह गई थी जब कि उसकी प्रतिद्वंदी समाजवादी पार्टी उससे आगे निकल कर 37 सीटें जीतने में कामयाब हो गई। 2027 में उत्तर प्रदेश के विधानसभा चुनाव होने हैं। और सपा ने लोकसभा चुनाव में मिली सफलता का डंका पीटना शुरू कर दिया है। राजधानी में अखिलेश यादव की फोटो के साथ जगह जगह पोस्टर लग गए हैं जिसमें लिखा है कि 2027 के महारथी अखिलेश यादव।

उत्तर प्रदेश में मुकाबला अब एनडीए और सपा कांग्रेस गठबंधन के बीच ही रह गया है। बसपा इन दोनों पार्टियों को नुकसान तो पहुंचा सकती है लेकिन सरकार बनाने की रेस से वह बिल्कुल अलग हट चुकी है। उपचुनाव उत्तर प्रदेश की आगे की दिशा तय कर सकते हैं। कि क्या मतदाताओं का मूड लोकसभा चुनाव जैसा ही है अथवा उसमें परिवर्तन हुआ है। वैसे तो चुनाव की कोई गारंटी नहीं ले सकता क्योंकि हर चुनाव अपने आप में अलग होता है। पिछले चुनावों के परिणामों से उसको तौलकर नहीं देखा जा सकता। लेकिन यह निश्चित है कि भारतीय जनता पार्टी का जो जादू उत्तर प्रदेश में चला था वह कुछ कम हुआ है। इसमें सरकार और संगठन के बीच चली आ रही कुछ लड़ाई भी आड़े आ रही है। हालांकि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज भी भारतीय जनता पार्टी में मुख्यमंत्री के रूप में अभी भी पहली पसंद हैं। क्यों कि उनका हिंदुत्ववादी चेहरा लोगों को पसंद आ रहा है। जिससे आरएसएस भी इन्कार नहीं कर सकता।

**- जितेन्द्र सिंह पत्रकार**

# झूठ की बुनियाद पर टिका भाजपा का सदस्यता अभियान

भारतीय जनता पार्टी द्वारा आजकल राष्ट्रीय स्तर पर सदस्यता अभियान चलाया जा रहा है। इसी दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व उत्तर प्रदेश के मुख्य मंत्री योगी आदित्य नाथ साहित भाजपा के अनेक बड़े नेता पार्टी के सदस्य अथवा सक्रिय सदस्य बन चुके हैं। परन्तु एक बार फिर भाजपा का यह सदस्ता अभियान विवादों में पड़ गया है। भाजपा इस सदस्ता अभियान के माध्यम से यह साबित करना चाहती है कि भारतीय जनता पार्टी ही विश्व का सबसे बड़ा व सबसे अधिक सदस्यों वाला राजनैतिक दल है। और इस लक्ष्य तक पहुँचने के लिये पार्टी के नेताओं व कार्यकर्ताओं द्वारा झूठ व अनैतिकता की सभी हदों को पार किया जा रहा है। आश्चर्य है कि हाल में हुये लोकसभा चुनावों में 63 लोकसभा सीटें गंवाने के बावजूद अभी भी भाजपा न जाने किस आधार पर अपने सदस्यों की संख्या में इज़ाफ़ा करना चाह रही है ? दरअसल कई राज्यों में भाजपा, सदस्यता अभियान में निर्धारित अपने लक्ष्य को पूरा नहीं कर पा रही है। इसके लिये उसके नेता व कार्यकर्ता साम दाम दंड भेद सभी हथकंडे अपनाकर किसी भी तरह से सदस्यों की संख्या में बढ़ोत्तरी करना चाह रहे हैं। मिसाल के तौर पर गुजरात में 2 करोड़ सदस्य बनाने का लक्ष्य पार्टी द्वारा निर्धारित किया गया था। गुजरात भाजपा ने सदस्यता अभियान के तहत पिछली बार से ज़्यादा सदस्य बनाने के लिए ख़ास योजना बनाई है। सरपंच से लेकर सांसद तक सभी 100-100 प्राथमिक सदस्य बनाएंगे। परन्तु इस लक्ष्य तक पहुंचना संभव नहीं था। एक रिपोर्ट के अनुसार भावनगर में स्थानीय नेता 100 सदस्य जोड़ने के लिए 500 रुपये भी ऑफ़र कर रहे हैं क्योंकि निर्धारित तिथि 15 अक्टूबर तक 2 करोड़ का लक्ष्य पूरा करने के लिये प्रतिदिन 8 लाख से अधिक सदस्य बनने ज़रूरी थे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिये भाजपाई जिस स्तर तक गये हैं उसकी कल्पना भी नहीं की जा सकती। गुजरात में कई शहरों में स्कूली बच्चों तक को सदस्यता दिला दी गई। अनेक लोगों को तो उनका केवल फ़ोन नंबर लेकर ही बिना बताए उन्हें भाजपा का सदस्य बना दिया गया। यह रहस्य तब उजागर हुये जब अपनी सदस्यता से अनजान कई छात्रों व आम लोगों के मोबाइल पर भाजपा का सदस्य बनने से सम्बंधित 'बधाई संदेश 'आने लगे।



गुजरात में न केवल स्कूली बच्चों और उनके अभिभावकों तक को सदस्य बनाया गया बल्कि अस्पताल के मरीज़ों , नर्मदा में ग्रामीण रोज़गार गारंटी कार्यकर्ता और भावनगर में 100 नए सदस्यों को नामांकित करने के लिए स्थानीय पार्टी नेताओं द्वारा 500 रुपये देने की योजना तक शामिल थी। ख़बरों के अनुसार जब एक महिला अपने पति के साथ रेबीज़ का इंजेक्शन लगवाने के लिए विसनगर के एक जन स्वास्थ्य केंद्र गयी तभी एक कर्मचारी ने उनका मोबाइल नंबर पूछा और फिर मोबाइल पर आया ओटीपी माँगा। और जैसे ही उन्होंने ओटीपी शेयर किया उसी समय मरीज़ को भाजपा का प्राथमिक सदस्य बनने के लिए बधाई संदेश मिला। हालांकि मरीज़ महिला के पति ने सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों द्वारा उन्हें चुपके से भाजपा सदस्य बनाने पर आपत्ति जताई। उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र के कर्मचारियों और रेज़िडेंट मेडिकल ऑफ़िसर (आरएमओ) से बात करते हुए अपने फ़ोन पर एक वीडियो रिकॉर्ड किया कि उन्हें बिना बताए या उनकी सहमति के बिना उन्हें भाजपा सदस्य के रूप में क्यों नामांकित किया गया। रोगी के पति विकुंभ दरबार ने घटना के बाद स्थानीय मीडिया को बताया कि ÷आज सुबह, मैं और मेरी पत्नी एंटी रेबीज़ इंजेक्शन के लिए विसनगर सिविल अस्पताल गए क्योंकि उन्हें कुत्ते ने काट लिया था। पहली बार, हमें इंजेक्शन पाने के लिए एक ओटीपी साझा करने के लिए कहा गया था। शुरू में, हमें रजिस्टर में चेक इन करने के लिए कहा गया था, और जब हम इंजेक्शन के लिए आगे बढ़े, तो अस्पताल के कर्मचारी ने एक ओटीपी मांगा। मैंने पूछा कि इसकी आवश्यकता क्यों है, इसपर उस ने जवाब दिया कि - 'यदि आप इंजेक्शन चाहते हैं, तो आपको ओटीपी प्रदान करना होगा। 'जब मैंने इस नियम पर सवाल उठाया, तो उन्होंने दावा किया कि यह एक नया सिविल अस्पताल विनियमन है।

इसी तरह गुजरात में ही राजकोट के जूनागढ़ के रणछोड़ दास ट्रस्ट अस्पताल का एक बेहद गंभीर मामला सामने आया है। बताया जा रहा है कि राजकोट के इस अस्पताल में आंख के मोतियाबिंद का ऑपरेशन कराने गए 250 मरीज़ों को रात में नींद से उठाकर बीजेपी का सदस्य बना दिया गया। इसका खुलासा उस समय हुआ जबकि एक मरीज़ ने इस पूरी घटना का वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर पोस्ट कर दिया। कमलेश भाई ठुम्मर अपनी आंखों का ऑपरेशन कराने इसी अस्पताल में गए थे। जहां उनके साथ 250 से ज़्यादा और भी मरीज़ भर्ती थे। कमलेश के मुताबिक़ आधी रात को एक व्यक्ति आया और अचानक सभी मरीज़ों को नींद से उठाकर उनसे ओटीपी मांगने लगा। मुझसे (कमलेश भाई) भी ओटीपी पूछा। जब मैंने ओटीपी भेज दिया तो फ़ोन में मैसेज आया कि 'बधाई हो,आप बीजेपी के सदस्य बन गए हैं '। जब कमलेश ठुम्मर ने मैसेज देखकर उस व्यक्ति से पूछा कि क्या आप बीजेपी का सदस्य बना रहे हो? तब उसने जवाब दिया कि - 'इसके बिना उद्धार नहीं '। यदि किसी मरीज़ को OTP नहीं पता चलता था, तो वह कर्मचारी स्वयं मरीज़ का फ़ोन अपने हाथ में ले लेता और उसे भाजपा का सदस्य बना देता। इस कर्मचारी ने वार्ड के 200 से 250 मरीज़ों को बीजेपी का सदस्य बना दिया। कहना ग़लत नहीं होगा कि इस जबरन भाजपा सदस्य बनाने के इस अभियान में अस्पताल की भी मिली भगत ज़रूर रही होगी। इसी तरह मध्य प्रदेश में भी ज़ोर जबरदस्ती से सदस्यता अभियान चलाये जाने की ख़बर है। यहाँ भी युवाओं को सदस्यता अभियान से जुड़ने और नये सदस्य बनाने के लिये 3000 से लेकर 5000 रूपये तक के ऑफ़र दिये जाने की ख़बर है। भारतीय जनता पार्टी सरकारी कर्मचारी, छात्र-छात्राएं, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, हितग्राही लाड़ली बहनें, मुफ़्त राशन प्राप्त करने वालों, सभी सरकारी योजनाओं का लाभ उठाने वालों आदि सभी को जबरन या धोखे से पार्टी सदस्य बनाने पर तुली हुई है। हद तो यही है कि भाजपा अब आधी रात में सोते हुये मरीज़ों को भी चैन की नींद नहीं सोने दे रही है। यानी इलाज और ऑपरेशन बाद में भी होता रहेगा, आराम भी बाद में कर लेना, पहले अपने मोबाइल पर आया ओटीपी दे दीजिए। देश भर से मिलने वाली इस तरह की और भी ख़बरें इस निष्कर्ष पर पहुँचने के लिये काफ़ी हैं कि भाजपा का सदस्यता अभियान दरअसल झूठ की बुनियाद पर टिका हुआ है।

**निर्मल रानी**

**स्वतंत्र प्रभात**

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक रवि कुमार अवस्थी द्वारा अनवर ऑफसेट एम्- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुद्रित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उष्मान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित

संपादक-राजीव कुमार शुक्ल,
मो0: 7499472288

E-Mail:
news@swatantraprabhat.com
RNI No: UPHIN/2019/79073

इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारो के चयन एवं संपादन हेतु पी आर बी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। किसी भी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

# स्त्रियों की अस्मिता के प्रति पुरुष समाज का नैतिक स्खलन

**(नारी का स्वरूप विराट और पवित्र)**

किसी भी राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं का महत्व इसलिए भी सर्वोपरि है कि महिलाएं बच्चों को जन्म देकर उनका पालन पोषण करते हुए उनमें संस्कार एवं सद्गुणों का सर्वोत्तम विकास करती हैं,और राष्ट्र के प्रति उनकी जिम्मेदारी को सुनिश्चित करती है। जिससे राष्ट्र निर्माण और विकास निर्बाध गति से होता रहे और वही पुरुष समाज स्त्रियों का अनादर कर सरे आम घर में, समाज और देश कोने कोने में स्त्री अस्मिता से खिलवाड़ कर अपने पुरुष होने का अति अशोभनीय दम्भ भरता है। नारियां कब तक पुरुषों द्वारा किए गए इन अनाचारों को झेलती रहेगी। भारतीय ऋषियों ने अथर्व वेद में माताओं को "माता भूमिह पुत्र अहं पृथ्व्या" अर्थात भूमि मेरी माता है और हम इस धरा के पुत्र हैं, कहकर प्रतिष्ठित किया है, तभी से विश्व में नारी महिमा का उद्घोष हो गया था। महान शासक नेपोलियन बोनापार्ट ने नारी की महत्ता को बताते हुए कहा था कि 'मुझे एक योग्य माता दे दो, मैं तुम्हें एक योग्य राष्ट्र दूंगा '। मानव कल्याण की भावना, कर्तव्य, सृजनशीलता और ममता को सर्वोपरि मानते हुए महिलाओं ने इस जगत में मां के रूप में अपनी सर्वोपरि भूमिका को निभाते हुए राष्ट्र निर्माण और विकास में अपने विशेष दायित्वों का निर्वहन किया है। वीर भगत सिंह, चंद्रशेखर आजाद, विवेकानंद जैसी विभूतियों का देश हित में अवतार माँ के लालन-पालन की ही देन है। जीजाबाई,जयंताबाई, पन्ना धाय जैसी अनेक माताओं को त्याग समर्पण और त्याग को भी इतिहास के पन्नों में स्वर्णिम अक्षरों से अंकित किया गया है। माताएं ही हैं जो बहुआयामी व्यक्तित्व का निर्माण और विकास करती है। मूलतः माताएं, स्त्रियां की राष्ट्र निर्माण की सशक्त सूत्रधार होती है। राष्ट्र निर्माण के संदर्भ में नारी विधाता की सर्वोत्तम और उत्कृष्ट कृति है। जो जीवन की बगिया को महकाती है और न केवल व्यक्तिगत बल्कि राष्ट्र निर्माण एवं विकास में अपनी महती भूमिका निभाती है। नारी के लिए यह कहना अतिशयोक्ति नहीं होगी कि उनमें विविधता में एकता होती है। महिलाओं के बाह्य रूप और सौंदर्य तथा पहनावे में विस्तृत विविधता तो होती ही है, लेकिन उनके मानस में एक आकार और केंद्रीय शक्ति ईश्वर की तरह एक ही होती है। नारी का स्वरूप न केवल बाहर अपितु अंतर्मन के ममत्व भाव का वृहद स्वरूप का भी रहस्योद्घाटन करती हैं, नारी प्रकृति एवं ईश्वरिय जगत का अद्भुत पवित्र साध्य है, जिसे अनुभव करने के लिए पवित्र साधन एवं दृष्टि का होना आवश्यक है, नारी का स्वरूप विराट होता है जिसके समक्ष स्वयं विधाता भी नतमस्तक हो जाते हैं, नारी अमृत वरदान होने के साथ-साथ दिव्य औषधि भी है। समाज के सांस्कृतिक धार्मिक भौगोलिक ऐतिहासिक और साहित्यिक जगत में नारी यानी स्त्री का दिव्य स्वरूप प्रस्फुटित हुआ है और जिसके फलस्वरूप राष्ट्र ने नई नई ऊंचाइयों को भी शिरोधार्य किया है। सभ्यता, संस्कृति ,संस्कार और परंपराएं महिलाओं के कारण ही एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी में हस्तांतरित होती हैं ।अतः महिलाओं की सामाजिक, शैक्षिक, धार्मिक कार्य शक्ति ही परिवार तथा समाज और राष्ट्र को सशक्त बनाते हैं। नारियों के संदर्भ में यह भी कहा गया है कि सशक्त महिला सशक्त समाज की आधारशिला होती है। माताएं शिशु की प्रथम शिक्षिका होती है। माता के बाद बहन,पत्नी का अवतार राष्ट्र निर्माण और विकास के साथ-साथ पथ प्रदर्शक के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है, पत्नी चाहे तो पति को गुणवान और सद्गुणी बना सकती है। इतिहास गवाह है कि जब भी कभी देश में संकट आया है तो पत्नियों ने अपने पतियों के माथे पर तिलक लगाकर जोश, जुनून और विश्वास के साथ रणभूमि भेजा है और विजयश्री प्राप्त की है। तुलसीदास जी के जीवन में आध्यात्मिक चेतना प्रदान करने के लिए उनकी पत्नी रत्नावली का ही हाथ था।विद्योत्मा ने कालिदास को संस्कृत का प्रकांड महाकवि बनाया था, इसके अतिरिक्त यह कहना भी गलत नहीं होगा कि पति को भ्रष्टाचार, बेईमानी, लूट,गबन आदि जो कि राष्ट्र को खोखला बनाते हैं जैसी बुराइयों से पत्नी ही दूर रख सकती है और उन्हें इन विसंगतियों से अपनी सलाह के अनुसार बचाती है। सही मायनों में महिलाएं ही संस्कृति, संस्कार और परंपराओं की संरक्षिका होती है। वे पीढ़ी दर पीढ़ी इसका संचालन आरक्षण करती आ रही है। पूरे विश्व में भारत को विश्व गुरु का दर्जा दिलाने में महिलाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण एवं महती रही है। स्वतंत्रता के आंदोलन की चर्चा ना करना इस आलेख को पूर्ण बनाता है, अतः स्वाधीनता के आंदोलन में महिलाओं ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित कर भारत के नवनिर्माण में अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया है, कैप्टन लक्ष्मी सहगल, अरूणा आसफ अली, मैडम भीकाजी कामा,सरोजिनी नायडू, एनी बेसेंट, दुर्गा भाभी और न जाने कितनी महिलाओं ने राष्ट्र निर्माण और विकास में अपना अमूल्य योगदान दिया है। राजनीति के क्षेत्र में महिलाओं का योगदान भी अत्यंत महत्वपूर्ण रहा है, विजयलक्ष्मी पंडित विश्व की प्रथम महिला जो संयुक्त राष्ट्र महासभा के अध्यक्ष बनी, सरोजनी नायडू, सुचेता कृपलानी, इंदिरा गांधी जैसे महिलाओं ने राजनीतिक प्रतिभा का प्रयोग राष्ट्र निर्माण और विकास में किया है जो अपने समय के महत्वपूर्ण सशक्त हस्ताक्षर थी। वर्तमान में भी वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण, ममता बनर्जी, मायावती, स्मृति ईरानी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, हरसिमरन, कौर वसुंधरा राजे सिंधिया, प्रतिभा पाटिल, मृदुला सिन्हा आदि ने राजनीति मैं अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर अपने कार्यो से महिलाओं का सम्मान बढ़ाया एवं देश की अर्थव्यवस्था सुधारने में अपना योगदान दिया है। यह कहने में कतई गुरेज नहीं है कि महिलाएं राजनीति, सामाजिक, आर्थिक, प्रशासनिक, चिकित्सकीय, और विज्ञान में देश के हित के लिए अग्रणी रही हैं। सशक्त राष्ट्र के निर्माण में महिलाओं की सशक्त भूमिका को नमन करते हुए कृतज्ञ राष्ट्र उन्हें साधुवाद प्रदान कर उनकी इस भूमिका को प्रणाम करता है।

## संजीव-नी

मुझे कोई गम नहीं रहा संजीव।

आरजू आखरी सांस तलक नेकी की
शर्त ही थी हर लम्हा पूरा जीने की।

आबरू खुद बचा ली इस तूफ़ां ने
मेरी जिंदगी के टूटे हुए सकिने की।

दिल को तस्कीन सी मिली है जाना
बात जब-जब भी तेरी किसी ने की।

होश बन जाए ना आजाब कहीं
आरजू मेरी मय में गुम होने की।

सुना है फ़ाका मस्ती में इश्क बेमानी है
दिल की बेबसी है तन्हाइ में जीने की।

मुझे कभी कोई गम नही रहा संजीव
कीमत कम यूं मिली मेरे पसीने की।

सकीना-चैन,सुकून। तस्किन-हौसला,
आजाब- पीड़ा,दुःख ।

**संजीव ठाकुर**

## संक्षिप्त ख़बरें

### हरपुर बुदहट क्षेत्र में गुरुवार को 4 से 5 घंटे तक गुल रहेगी बिजली, विभाग का मेंटेनेंस अभियान शुरू

**सहजनवा/गोरखपुर।** दिवाली त्योहार के मद्देनज़र अनंतपुर( हरपुर बुदहट) में बिजली आपूर्ति को सुचारू बनाए रखने के लिए बिजली विभाग ने अभी से ही तैयारी शुरू कर दी है। उपभोक्ताओं को त्योहार के दौरान बेहतर बिजली सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विभाग ने मेंटेनेंस कार्य का शुभारंभ कर दिया है। इस प्रक्रिया के तहत,अनंतपुर फिटर के क्षेत्र में 24.10.2024 को प्रतिदिन 4 से 5 घंटे तक बिजली गुल कर दी जाएगी।

### लड़की से छेड़खानी,युवक के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा

**सहजनवा/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की एक लड़की के साथ युवक ने की छेड़खानी, लड़की की मां ने थाना पुलिस को तहरीर देकर युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 74, 115(2), 352, 351(3) मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की की मां ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 19 अक्टूबर को शाम पांच बजे के करीब हमारी लड़की खेत से धान काटकर घर आ रही थी कि रास्ते में परमेश यादव पुत्र टाइगर निवासी रामनगर सूरस का भांजा विनय उर्फ भल्लर यादव पुत्र अज्ञात निवासी ग्राम गोरेडीह ने रास्ते में घेर कर हमारी लड़की से छेड़छाड़ करने लगा मना करने पर मारपीट कर जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गया। घर आकर लड़की ने स्वजन से आपबीती बताई। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने बताया कि लड़की की मां की तहरीर पर विनय उर्फ भल्लर यादव के खिलाफ छेड़छाड़ का मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश की जा रही है।

### श्रीरामपुर पुलिस ने 3 शराब तस्करों को किया गिरफ्तार, मोटर साईकिल बरामद

**देवरिया।** जनपद की श्रीरामपुर थाने कि पुलिस ने 3 शराब तस्करों को गिरफ्तार करते हुए मौके से मिली मोटर साईकिल को बरामद किया है। मुखबीर की सूचना पर श्रीरामपुर पुलिस टीम ने ग्राम सिकटिया इण्डियन आयल पेट्रोल पंप के पास से रजनीश पुत्र सुग्रीव पटेल निवासी सिकटिया दीनाचक, विपिन कुमार पुत्र जितेन्द्र प्रसाद निवासी किशोरी छापर व राजकुमार यादव पुत्र अमरजीत निवासी रतसिया कोठी को गिरफ्तार कर लिया जिनके कब्जे से जूट की बोरी में 156 पाउच व दूसरी जूट की बोरी में 145 पाउच बंटी बबली टेट्रा पैक के साथ एक मोटर साइकिल हीरो एच एफ डिलक्स को बरामद किया है।

### ग्राम प्रधान के पिता का निधन, शोक



**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के ग्राम पंचायत बभनी के ग्राम प्रधान भोलेंद्र मिश्रा के पिता बालगोविंद मिश्रा का बुधवार की सुबह 80 वर्ष की उम्र में हृदयगति रुकने से निधन हो गया। प्रधान के पिता के निधन की खबर से सुनकर क्षेत्रीय ग्राम प्रधानों में शोक की लहर दौड़ पड़ी। निधन की खबर सुनकर अखिल भारतीय ब्राह्मण एकता परिषद तथा तमाम क्षेत्रिय ग्राम प्रधानों ने मौके पर पहुंचकर दिव्यांगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना किया। वहीं बुधवार को उनके पैतृक गांव के दोहरीघाट पर उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### जेल से रिहा होने के बाद युवक मुकदमा वापस न लेने पर महिला को दे रहा धमकी

**सहजनवा/गोरखपुर।** हरपुर बुदहट थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बलात्कार के आरोपित युवक के खिलाफ बीएनएस की धारा 151(3), 67 मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी हुई है। थाना क्षेत्र के एक गांव की एक महिला ने गांव के ही युवक गंगा धर गिरी पुत्र राम भरत गिरी ग्राम पंचायत पचौरी ने कुछ दिन पहले घर में घुस कर जबरन बलात्कार किया था। महिला की तहरीर पर पुलिस ने गंगा धर गिरी के खिलाफ मुकदमा अपराध संख्या 78/24 धारा 376, 506 आईपीसी का मुकदमा दर्ज कर गंगा धर गिरी को जेल भेज दिया था। जेल से रिहा होने के बाद फिर युवक महिला पर मुकदमा वापस लेने के लिए दबाव बना रहा है, मुकदमा वापस लेने से इंकार करने पर आरोपित द्वारा महिला के मोबाइल पर अश्लील वीडियो भेज कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। इस संबंध में थानाध्यक्ष महेश कुमार चौबे ने बताया कि महिला की तहरीर पर गंगा धर गिरी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर तलाश की जा रही है।

## सन्दिग्ध हाल में विवाहिता की मौत, कमरे फाँसी लटका मिला शव, मायके वालों ने दहेज हत्या की तहरीर

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर ।** गोला थाना क्षेत्र के नगरपंचायत गोला वार्ड नम्बर एक गोड़सरी टोला कालीचौरा में बुधवार की सुबह समय लगभग 9 बजे कुलदीप की 28 बर्षीय पत्नी प्रीति घर मे गले में फंदा डालकर हत्या कर लिया। घटना के समय उसकी सास सावित्री देवी देवर प्रदीप खेत मे काम कर रहे थे।और एक देवर जो विकलांग है वह अपनी दुकान पर था।मृतका का पति दिल्ली में है।मृतका के पास दो बेटी पीहू 5 बर्ष व निशु तीन बर्ष की है।पीहू स्कूल चली गयी थी ।निशु घर पर थी। खेत से जब सास व देवर घर पर आए तो देखे की प्रीति मरी पड़ी है।कुछ समय बाद मायके वाले भी आ धमके।सूचना 112 पर हुई।सूचना पाते ही कोतवाल गोला मधुप नाथ मिश्रा सी ओ रत्नेश्वर सिंह भी घटना स्थल पर पहुच गए। मृतका के गले पर चोट के निशान पड़े मिले। फोरेंसिक टीम भी आ गयी।गोलापुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पी एम के लिए भेज दिया।मायके वालों की तहरीर पर गोला पुलिस ने सावित्री प्रदीप व संदीप को अपनी हिरासत में ले लिया है। मृतक का मायके धनघटा थाना क्षेत्र के ढखवा बाजार में है। प्रीति के आत्महत्या करने के कारण का पता नही चल सका है। कोतवाल गोला का कहना है कि मायके वालों की लिखित तहरीर पर दहेज हत्या का मुकदमा पंजीकृत कर शव को पी एम के लिए भेज कर गोला पुलिस अग्रिम कार्यवाही कर रही है।

## रानीपुर गांव में धन निरंकार मिशन के सत्संग का हुआ आयोजन

**● मिशन जोनल प्रभारी कमलेश मणि त्रिपाठी रहे प्रमुख**

**परमात्मा के स्वरूप को जानने के बाद जीव को मिलती है मुक्ति**

स्वतंत्र प्रभात



**गोलाबाज़ार गोरखपुर ।**गोला तहसील क्षेत्र के नगरपंचायत गोला वार्ड क्रमांक 2 रानीपुर में धन निरंकारी संत स्व रामबचन यादव के स्मृति में धन निरंकार मिशन द्वारा एक सत्संग का आयोजन बुधवार को स्व संत यादव के पैतृक आवास पर जोनल प्रभारी कमलेश मणि त्रिपाठी के मार्ग दर्शन में आयोजित हुआ। इस सतसंग में उपस्थित संत लोंगो ने अपने अपने विचारों से सभी को सिंचित किया।क्या लेकर आया है जग में क्या लेकर जाएगा।निरंकारी मिशन में वास्तव प्रभु का दर्शन होता है।परमात्मा के स्वरूप को जानने के बाद ही जीव को मुक्ति मिलती है। गुरु ज्ञान हर प्राणी के लिए अतिआवश्यक है।गुरु द्वारा ही ज्ञान रूपी प्रकाश का बोध कराया जाता है।जिससे आत्मा अज्ञान रूपी अंधकार से मुक्ति पाकर ब्रह्म ज्ञान को प्राप्त करता है।

इस सत्संग में प्रमुख रूप से डा. ओमप्रकाश सिंह, सुधीर यादव, पंकज कुमार, प्रभुनाथ, रंजीत गुप्ता, राम करन, मालती, रीता, रजनी कुसुम, कन्हैया लाल लालती देवी संग सप्परिवार सहित रामगरीब यादव, आकाश यादव काली प्रसाद यादव, नीरु यादव, सन्तोष यादव, राजू यादव, आशा देवी, अर्चना यादव, कुसुम, सुनीता, शीला , विदौता देवी, सहित भारी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं की कथा सुन भाव विभोर हुए श्रोता

स्वतंत्र प्रभात



**खजनी गोरखपुर।** कस्बे में चल रही श्रीमद्भागवत महापुराण कथा के छठवें दिन अयोध्यावासी कथा व्यास भागवताचार्य पंडित प्रदीप मिश्र शास्त्री ने भगवान श्रीकृष्ण की मनोहारी बाल लीलाओं का विस्तार सहित वर्णन किया। इस दौरान भगवान के नामकरण पूतना वध के साथ माखन चोरी की लीलाओं का वर्णन सुनकर श्रद्धालु श्रोता मंत्रमुग्ध हो गए। पं. मिश्रा ने कहा कि भगवान ने अपनी लीलाओं से जहां कंस द्वारा भेजे गए सभी राक्षसों का संहार किया वहीं माता यशोदा और ब्रज के लोगों को भक्ति आनंद प्रदान किया।

इस अवसर पर मुख्य यजमान गौरीशंकर वर्मा, प्रमिला वर्मा गोरखपुर सदर सांसद रवि किशन शुक्ला, भाजपा जिलाध्यक्ष युधिष्ठिर सिंह, भाजपा जिला उपाध्यक्ष हरिकेश राम त्रिपाठी, पूर्व सांसद प्रतिनिधि एड.विनोद कुमार पांडेय, सरस्वती शिशु मंदिर खजनी के प्रधानाचार्य बृजराज मिश्र राम अशीष तिवारी, संतोष तिवारी, विरेंद्र वर्मा, डाक्टर रघुपति यादव बड़ी संख्या में श्रद्धालु श्रोता कथा में शामिल हुए।

## धरातल पर तम तोड़ रहा सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन का संचालन

**● - नौतनवां ब्लाक के गांवों में दम तोड़ रहा सरकारी का महत्वकांक्षी योजना**

स्वतंत्र प्रभात

**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र में कुल 97 ग्राम पंचायतें हैं। करीब हर ग्राम पंचायतों में शासन द्वारा पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय का निर्माण करवाया गया है। ऐसे में ब्लाक क्षेत्र के सभी ग्राम पंचायतों में सरकार का महत्वकांक्षी योजना सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन महज कागजों में ही संचालित हो रहा है तथा धरातल पर हमेशा ताला लटका ही रहता है। जिम्मेदारों के उदासीनता के कारण ग्राम पंचायतों में स्थित सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन में हमेशा ताला लगा होने से शासन का यह योजना महज बेकार साबित हो रहा है। ब्लाक क्षेत्र के करीब 75 प्रतिशत गांवों में सामुदायिक शौचालय व पंचायत भवन में ताला लगा होने से ग्रामीणों के प्रयोग में नहीं है। सामुदायिक शौचालय पर तैनात




स्वयं सहायता समूह की महिलाएं घर बैठे उच्चाधिकारियों को गुमराह करते हुए मानदेय ले रही हैं। वहीं गांवों में स्थित पंचायत भवन का भी यही हाल है। गांव के पंचायत भवनों को हाईटेक बनाकर ग्रामीणों को सारी सुविधाएं गांव में ही मुहैया हो इसको लेकर शासन द्वारा प्रत्येक गांव में पंचायत भवन (मिनी सचिवालय) का निर्माण करवाया गया तथा उसके संचालन के लिए पंचायत सहायक की नियुक्ति कर उन्हें प्रतिमाह मानदेय दिए जाने लगा लेकिन यहां भी स्थानीय अधिकारियों व अन्य जिम्मेदारों के शिथिलता के कारण शासन की यह मंशा धरातल पर दम तोड़ रही है। वहीं पंचायत भवन में स्थित सभी उपकरण देख-रेख के आभाव में धूल फांक रहे हैं। स्थानीय कुछ लोगों का कहना है कि जब से पंचायत भवन व सामुदायिक शौचालय का निर्माण हुआ है तब से कोई अधिकारी व कर्मचारी जांच-पड़ताल के नीयत से गांव में नहीं आए जिसके कारण गांवों में सरकारी योजनाओं का कत्लेआम कर दिया गया। इसके साथ ही पूर्व में मुख्य विकास अधिकारी के निर्देशन में खण्ड विकास अधिकारी द्वारा एक रोस्टर तैयार किया गया था जिसमें यह निर्धारित किया गया था की सप्ताह में एक दिन सेक्रेटरी अपने-अपने गांवों के पंचायत भवन में ड्यूटी करेंगे तथा वहां रहकर ग्रामीणों के सम्बंधित मामलों का निस्तारण करेंगे। लेकिन यहां अधिकारियों के आदेश का भी परवाह नहीं किया गया। ऐसे में अगर समय-समय पर अधिकारियों द्वारा गांव में पहुंचकर जांच-पड़ताल किया गया होता तो शायद सरकार का यह योजना ग्रामीणों के प्रयोग में रहा होता। इस संबंध में मुख्य विकास अधिकारी अनुराज जैन का कहना है कि विकास कार्यो को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए ग्राम पंचायत सचिवों को जिम्मेदारी सौंपी गई है, अगर योजनाओं का सही ढंग से संचालित नहीं किया जा रहा है तो जांच कर कार्यवाही की जाएगी।

## ब्लाक स्तरीय खेल स्पर्धा में खिलाड़ियों ने किया शानदार प्रदर्शन

स्वतंत्र प्रभात



**महराजगंज।** नौतनवां ब्लाक क्षेत्र के उच्च प्राथमिक विद्यालय विषखोप के प्रांगण में हो रहे दो दिवसीय ब्लाक स्तरीय बेसिक बाल क्रीडा स्पर्धा मे खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन कर कई खेलों मे फाईनल मुकाबला जीतकर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया। प्राथमिक स्तर बालक वर्ग 50 मीटर दौड़ में रोहित प्रथम, सलीम द्वितीय, 100 मीटर मे रोहित प्रथम, सहगीर द्वितीय, 200 मीटर मे किशन प्रथम, सनी द्वितीय, बालिका वर्ग 50 मीटर दौड मे सुमन प्रथम, कोशिका साहनी द्वितीय, 100 मीटर मे चांदनी प्रथम, अफशाना द्वितीय, 200 मीटर मे सुन्दरी पासवान प्रथम, अमृता द्वितीय, जूनियर स्तर वालक वर्ग 100 मीटर दौड मे विनय यादव प्रथम, विकास द्वितीय, 200 मीटर मे अलोक चौधरी प्रथम, आकाश द्वितीय, 400 मीटर मे विनय यादव प्रथम, नितेश यादव द्वितीय,वालिका वर्ग के 100 मीटर दौड मे पूजा प्रथम, अशिका द्वितीय, 200 मीटर मे शारदा चौधरी प्रथम, प्रीती चौधरी द्वितीय, 400 मीटर मे शारदा चौधरी प्रथम, मपीता राव द्वितीय, जूनियर स्तर कबड्डी प्रतियोगिता वालक वर्ग मे तरैनी प्रथम, बैकुंठपुर द्वितीय, बालिका वर्ग मे हरपुर प्रथम, खैराटी द्वितीय, प्राथमिक स्तर वालक वर्ग मे गजरही प्रथम, हरपुर द्वितीय, वालिका वर्ग मे हरपुर प्रथम, सिरसिया द्वितीय, जूनियर स्तर खो-खो वालक वर्ग मे बैकुंठपुर प्रथम, देवघट्टी द्वितीय, बालिका वर्ग मे बैकुंठपुर प्रथम, देवघट्टी द्वितीय स्थान पर रहा। इसके अलावा लम्बी कूद, गोला क्षेपण, चक्र क्षेपण आदि खेलों मे खिलाडियों ने शानदार प्रदर्शन किया। इस दौरान विशिष्ट अतिथि पूर्व समन्वयक व वरिष्ठ शिक्षक दिनेश कुमार त्रिपाठी, राघवेन्द्र नाथ पाण्डेय, चन्द्रभान प्रसाद, अतुल पटेल, कृपाराज, रवि प्रताप सिंह, गोविंद प्रसाद साहनी, बलवन्त सिंह, राजवीर चौधरी, शशांक शेखर तिवारी, यशोदानन्द भारती सहित तमाम शिक्षक, शिक्षामित्र व अनुदेशक मौजूद रहे।

## ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**● अमित सिंह ने विज्ञान क्विज विजेता व निपुण बच्चों को प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात



**सलेमपुर,देवरिया।** विकास खंड लार के एक स्थानीय मैरेज हाल में बुधवार को ब्लॉक स्तरीय ग्राम प्रधान व स्थानीय निकाय के सदस्यों प्रधानाध्यापकों की संगोष्ठी व उन्मुखीकरण का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अमित सिंह, विशिष्ट अतिथि राजेश बहादुर सिंह व प्रधान संघ अध्यक्ष आसनारायण सिंह ने मां सरस्वती के प्रतिमा पर दीप प्रज्वल कर कार्यक्रम की शुरुआत की।संगोष्ठी को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि अमित सिंह ने कहा कि एसएमसी, शिक्षकों और अभिभावकों के साथ साथ ग्राम प्रधानों का साझा मंच है । आज प्राथमिक विद्यालय कॉन्वेंट को पीछे छोड़ रहे हैं।प्राथमिक विद्यालयों को मॉडल विद्यालय बनाकर छात्रों की अच्छी शिक्षा दी जा रही है। विद्यालयों में आज बाउंड्री वॉल, खेलकूद मैदान, शौचालय, पानी की सुविधा मौजूद है व उसके साथ-साथ अध्यापक भी मेहनत कर रहे हैं, जिससे छात्रों को प्राथमिक विद्यालयों की ओर रुझान बढ़ रहा है।खंड विकास अधिकारी ने कहा कि विद्यालयों में ऑपरेशन कायाकल्प के तहत उन्नीस पैरामीटर का जल्द से जल्द पूर्ण कर लिया जाएगा।खंड शिक्षा अधिकारी अमित कुमार सिंह ने संगोष्ठी का उद्देश्य बताते हुए कहा कि उन्मुखीकरण कार्यक्रम का उद्देश्य बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा संचालित विभिन्न कार्यक्रमों योजनाओं व सरकार द्वारा डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी क्रय हेतु धनराशि अभिवावकों के खाते में प्रेषित किया जाना है।उन्होंने प्रधानों से परिषदीय विद्यालय के कायाकल्प में अधिक से अधिक योगदान देने का आवाहन किया।प्रधान संघ के अध्यक्ष आसनारायण सिंह ने कहा कि गांवो में सभी का कार्य अपूर्ण रहे लेकिन विद्यालय में सभी 19 पैरामीटर पूर्ण हो यही हमारी मंशा है।क्योंकि बच्चे ही देश के भविष्य हैं।

इस दौरान प्राथमिक शिक्षक संघ के महामंत्री राजकपूर, शिक्षक नेता अरविंद कश्यप, शिशिर कुमार राय, सन्तोष त्रिपाठी, मुकेश यादव, सन्तोष सिंह,सोनी शर्मा, इंद्रसेन गुप्ता, अभय मिश्रा, धन्यजय दुबे, शिब्लू सिंह, सन्तोष सिंह, संजय, धर्मेंद्र सिंह आदि शिक्षक व प्रधान उपस्थित उपस्थित रहे।कार्यक्रम का संचालन शाहिद जमाल व अरुण कुमार सिंह ने किया। इस दौरान अमित सिंह ने विज्ञान क्विज विजेता व निपुण बच्चों को पच्चास बच्चों को प्रशस्ति पत्र, शैक्षणिक एवं विज्ञान किट, प्रतीक चिह्न देकर सम्मानित किया।

## बाइक के ठोकर से पांच घायल, चार की हालत गंभीर

**● - बरगदवा से आ रहे बाइक सवार ने पीछे से मारा ठोकर, चार लोग जिला अस्पताल रेफर**

स्वतंत्र प्रभात




**महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत असुरैना टोला कुकेशर निवासी तीन युवक मंगलवार की रात करीब 8:30 बजे घर से भोजन करके नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग के बभनी गांव के सामने टहल रहे थे। इस दौरान ठूठीबारी के तरफ से तेज रफ्तार आ रही बाईक सवार ने पीछे से ठोकर मार दिया। ठोकर में बाईक सवार समेत कुल पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए। आस-पास के लोगों की मदद पांचों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां चार लोगों की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया। जानकारी के मुताबिक परसामलिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत असुरैना टोला कुकेशर निवासी 34 वर्षीय संतोष तिवारी पुत्र जितेन्द्र तिवारी व 33 वर्षीय राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी पुत्र राजेन्द्र मणि त्रिपाठी तथा 35 वर्षीय सुनील दूबे पुत्र कपिल देव आदि मंगलवार की रात नौतनवां-ठूठीबारी मुख्य मार्ग के बभनी गांव के सामने टहलने जा रहे थे कि बरगदवा थाना क्षेत्र के स्थानीय बरगदवा निवासी सूरज वर्मा पुत्र उमाशंकर वर्मा उम्र 32 तथा सोनौली कोतवाली थाना क्षेत्र के हरदी डाली गांव निवासी धर्मेन्द्र वर्मा पुत्र घनश्याम वर्मा उम्र 30 तेज रफ्तार बाइक से जोरदार ठोकर मार दिया जिससे बाईक सवार सहित पांच लोग गम्भीर रूप से घायल हो गए ।आस-पास के लोगों की मदद से दोनों बाईक सवार सूरज वर्मा व धर्मेन्द्र वर्मा को सीएचसी रतनपुर भेजा गया जहां हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं पैदल टहल रहे राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी व सुनील दूबे तथा संतोष त्रिपाठी के परिजनों द्वारा उपचार के लिए नौतनवां स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया जहां राघवेन्द्र मणि त्रिपाठी तथा सुनील दूबे की हालत गंभीर देख चिकित्सकों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। वहीं परिजनों द्वारा गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज चल रहा है। इस संबंध में थानाध्यक्ष उमेश कुमार ने बताया कि मामला संज्ञान में आया है, तहरीर मिलने पर कार्यवाही की जाएगी।

## जी.एम.रेलवे से पब्लिक पैसेंजर फुट ओवर ब्रिज, यात्री सुविधाओं पर वार्ता

स्वतंत्र प्रभात

**चुनार, मीरजापुर ।** उत्तर मध्य रेलवे इलाहाबाद के महाप्रबंधक उपेंद्र चंद्र जोशी से वरिष्ठ संपादक ,सोशल एक्टिविस्ट राजीव कुमार ओझा ने पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार चुनार जंक्शन की पब्लिक पैसेंजर फुट ओवर ब्रिज की ज्वलंत समस्या पर विस्तार से वार्ता की,चुनार जंक्शन पर यात्री सुविधा विस्तार तथा चुनार की धरती के लाल ब्रिटिश हुकूमत से लोहा लेने वाले कालजयी साहित्यकार पांडेय बेचन शर्मा के सम्मान में स्टेशन के प्रवेश विन्दु पर पांडेय बेचन शर्मा उग्र सिंह द्वार का निर्माण ,प्रस्तावित अमृत स्टेशन भवन में उग्र के व्यक्तित्व को रेखांकित करने वाले छाया चित्र लगाने का आग्रह किया। पब्लिक पैसेंजर फुट ओवर ब्रिज की ज्वलंत समस्या की जी.एम.श्री जोशी को विस्तृत जानकारी देते हुए श्री ओझा ने कहा कीबिना वैकल्पिक व्यवस्था सुनिश्चित किए पुराने पब्लिक पैसेंजर फुट ओवर ब्रिज की सुविधा समाप्त कर दी गई। आए दिन रेल ट्रैक पार करने वाले रेल की चपेट में आकर मौत का शिकार हो रहे हैं। श्री ओझा ने कहा की नया पब्लिक पैसेंजर फुट ओवर ब्रिज कार्यदाई संस्था नहीं कर रही यह कहकर रेल प्रशासन अपनी जिम्मेवारी से बच नहीं सकती। श्री जोशी ने शीर्ष प्राथमिकता पर इस समस्या के समाधान का आश्वासन दिया तब श्री ओझा ने कहा की एक समय सीमा तय कर पब्लिक पैसेंजर फुट ओवर ब्रिज कराया जाए। जी.एम. को दिए ज्ञापन में श्री ओझा ने चुनार जंक्शन पर15231 / 15232 गोंदिया एक्सप्रेस, 12141/ 12142 पाटलिपुत्र एक्सप्रेस, 20801 /20802 मगध एक्स्प्रेस, 12307/ 12308, 22307/ 22308 हावड़ा जोधपुर एक्सप्रेस का जनहित एवं रेल राजस्व हित में ठहराव सुनिश्चित करने की मांग की है। उक्त वार्ता के समय उत्तर मध्य रेलवे इलाहबाद के डी.आर. एम. हिमांशु बड़ोनी भी उपस्थित थे।

## सम्पत्ति कर जमा न करना पड़ रहा भारी चार जोन में सीलिंग व वसूली की कार्यवाही

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** नगर निगम की गृह कर वसूली को बढ़ाने के लिए प्रयासरत अलीगढ़ नगर आयुक्त विनोद कुमार के निर्देश पर अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव के नेतृत्व में नगर निगम के सभी जोन में बड़े बकायेदारों के विरुद्ध ताबड़तोड़ सीलिंग और तालाबंदी की कार्यवाही जोनल अधिकारियों के नेतृत्व में लगातार की जा रही है। अपर नगर आयुक्त राकेश कुमार यादव ने बताया कि बड़े बकायेदारों से सम्पत्ति कर वसूली के लिये नगर निगम द्वारा युद्धस्तर पर अभियान चलाकर सीलिंग व मौके पर वसूली की कार्यवाही निरंतर की जा रही है। बुद्धवार को सभी 4 जोन में जोनल अधिकारियों और गृहकर टीम की मौजूदगी में तालाबंदी की कार्यवाही की गई जिसमें



जोन-01 में दोदपुर भवन संख्या 1303 भवन स्वामी महमूद उल हक पर बकाया रू. 225136.00 मे रू. 86724.00 एवं केला नगर भवन संख्या 287 भवन स्वामी इरशाद खां पर बकाया रू.468552.00 वसूली की गयी।जोन 2 मे 02 भवनो पर सीलिंग की कार्यवाही की गयी जिसमे कुंवर नगर 4166/4 भवन स्वामी नत्थीलाल पर रू.418700.00 एवं नगला माली 4268 हवन स्वामी विरमा देवी पर रु.114187.00 बकाया होने पर नगर निगम द्वारा सीलिंग की कार्यवाही करी जोन-03 में चंदन शहीद रोड स्थित नासिर हुसैन भवन संख्या 791/1 से रू.247983.00 में से रू. 120000.00, शेखान मोहल्ला स्थित दिल अफरोज भवन संख्या 128 से रू. 216671.00 मे रू. 50000.00 की वसूली की वसूली की गयी। जोन 4 मे मामू भांजा भवन संख्या 58 भवन स्वामी छीना कालिया पर बकाया रू. 54824.00 मे रू. 25000.00 एवं भवन संख्या 69 भवन स्वामी खुशनुमा पर बकाया रू. 130270.00 मे रू 50000.00 की वसूली की कार्यवाही की गयी। नगर आयुक्त विनोद कुमार ने करदाताओं से अपील है अक्टूबर, 2024 के समाप्त होने से पूर्व अपने संपत्ति कर का भुगतान जमा करें और छूट का लाभ उठाएं।

## कांग्रेस के युवा प्रदेश सचिव का लॉरेंस बिश्नोई को बड़ा अल्टीमेटम

**● - बिश्नोई के खिलाफ कार्रवाई पर मौन सरकार तो युवा कांग्रेस कमेटी को दी जाए जिम्मेदारी**

स्वतंत्र प्रभात

**अलीगढ़।** सोशल मीडिया पर लगातार लॉरेंस बिश्नोई की पोस्ट वायरल होने के बाद अलीगढ़ में हंगामा शुरू हो चुका है। जिसमें लॉरेंस बिश्नोई की पोस्ट दिखाकर नेताओं को दी जा रही धमकियों को लेकर युवा कांग्रेस कमेटी के द्वारा बड़ा प्रदर्शन किया है। इस दौरान पोस्ट में राहुल गांधी और आसुद्दीन ओवैसी के खिलाफ जान से मारने की धमकी भरा पोस्टर सोशल मीडिया पर वायरल करने वाले आरोपी के खिलाफ प्रदेश सचिव कांग्रेस कमेटी राजा भैया के द्वारा अलीगढ़ के थाना सिविल लाइन में जबरदस्त प्रदर्शन किया है। पूरे मामले पर कांग्रेस के प्रदेश सचिव राजा भैया के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया जिस तरह से एक बदमाश के द्वारा सिंडिकेट चलाया जा रहा है, लेकिन उस पर केंद्र सरकार के द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गई। गृह मंत्रालय अगर ऐसे आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नही करता तो इस तरह के गुंडे विपक्षी पार्टी के नेताओं को धमकी नहीं देते रहेंगे ,लेकिन मौजूदा सरकार असफल है और इस तरह की घटनाओं को अंजाम वाले आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं कर रही है। कांग्रेस कमेटी के युवा प्रदेश सचिव के द्वारा मौजूदा सरकार के खिलाफ बड़े प्रदर्शन की बात कही है । राजा भैया का कहना है कि अगर जल्द ऐसे आरोपियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई तो वह और युवा कांग्रेस कमेटी ऐसे आरोपियों को सबक सिखाने के लिए आगे आएगी । उनके द्वारा गृहमंत्री और मौजूदा सरकार से मांग की है ऐसी जिम्मेदारी युवा कांग्रेस कमेटी को दी जाए अब देखना होगा अलीगढ़ के थाना सिविल लाइन में दी गई तहरीर पर पुलिस के द्वारा कोई कार्रवाई की जाएगी या फिर नहीं। पूरे मामले पर अलीगढ़ के थाना सिविल लाइन इंचार्ज रितेश कुमार के द्वारा जानकारी देते हुए बताया गया युवा कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारी के द्वारा एक शिकायत पत्र दिया है । जिसको साइबर क्राइम थाने के लिए भेज दिया जाएगा जो भी निष्पक्ष कार्रवाई होगी। पुलिस के द्वारा की जाएगी फिलहाल पूरे मामले में जांच पड़ताल कराई जा रही है।

# संक्षिप्त ख़बरें

## ट्रेन की चपेट में आने से युवक की मौत

**सिद्धार्थनगर।** जिले के शोहरतगढ़ थाना क्षेत्र के शोहरतगढ़ रेलवे स्टेशन के पूरब रेल फाटक के पास बुधवार की सुबह ट्रेन की चपेट में आने से एक युवक की कटी हुई शव मिला है। जिसकी पहचान जयदीप मौर्य पुत्र सुधाकर मौर्य उम्र 21 वर्ष ग्राम पंचायत महमुदवा ग्रांट टोला मुहमूनवा का निवासी के रूप में हुई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष बिंदेश्वरी मणि त्रिपाठी का कहना है कि शव को कब्जे में लेकर पंचनामा करा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की जांच की जा रही है।

## मासूम बालिका को बनाया हवस का शिकार

**इटवा थाना क्षेत्र का ममला**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के इटवा थाना क्षेत्र के केवटली गांव में मंगलवार की रात बरामदे में अपनी मां के साथ मासूम बलिका सोइ थी। रात लगभग ढाई तीन बजे के करीब जब मां की नींद खुली तो उसकी मासूम बच्ची नहीं मिली। रात में पारिवारिजन तथा गमीणों के तलाश के दौरान गांव के बाहर एक तालाब के पास मिली तो मासूम बालिका खून से लतपत थी। मासूम बालिका की हालत देख उसे नजदीकी अस्पताल पहुंचाया गया। जहां से उसे माधव प्रसाद त्रिपाठी मेडिकल कालेज सिद्धार्थनगर के लिए रेफर किया गया। पुलिस गांव के एक युवक को शक के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है, और मामले की जांच कर रही है। मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम गहन जांच पड़ताल कर रही है।इस संबंध में थानाध्यक्ष श्रीप्रकाश यादव का कहना है मामले की जांच की जा रही है जल्द ही घटना का पर्दाफाश हो जाएगा।

## महावन में बीयर मॉडल शॉप की दीवार काट कर चोरी

**मथुरा।** महावन कस्बा स्थित बीयर की दुकान से अज्ञात चोर दीवार काट कर लाखों रुपये ले गये। जिसमें रात्रि में चोरों द्वारा दीवार काटकर दुकान के गल्ले में रखें रुपए चोरी कर लिये गये। सुबह दुकान मालिक ने दुकान खोली तो उसने देखा कि पीछे की दीवार कटी हुई है। उसने दुकान में रखे रुपयों को देखा तो रूपये वहां नहीं थे। दुकान मालिक द्वारा थाना पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस मौके पर पहुंची। दुकान मालिक द्वारा बताया गया कि गल्ले में रखे लगभग दो लाख रुपये चोरों द्वारा चोरी कर लिए गए हैं तथा दुकान में लगे सीसीटीवी कैमरा की डीवीआर को भी अपने साथ ले गये हैं। श्याम शर्मा द्वारा बताया गया कि वह रोजाना की भांति शाम को दुकान बंद कर चले गये। सुबह 10 बजे दुकान पर आए जब उन्हें घटना के बारे में जानकारी हुई। जिसकी तहरीर श्याम शर्मा द्वारा अज्ञात चोरों के खिलाफ थाना महावन में दी गई है। थाना प्रभारी डेजी पवार ने बताया कि चोरों की तलाश की जा रही है जल्द ही चोर पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

## चेकिंग के दौरान बोलेरो गाड़ी में मिले शराब के 720 पब्बे

**मथुरा।** कोसीकला क्षेत्र में चेकिंग के दौरान पुलिस टीम को एक बोलेरो से शराब की 15 पेटी मिलीं जिनमें 720 पब्बा भरे हुए थे। थाना कोसीकला पुलिस ने गाडी सवार तीन लोगों को हिरासत में लिया है। बोलेरो गाडी को भी कब्जे में ले लिया गया है। प्रभारी निरीक्षक थाना कोसीकलां अजीत सिंह के मुताबिक चेकिंग के दौरान एनएच 19 कोटवन बैरियर से तीन अभियुक्तों सोमवीर पुत्र जगदीश सिंह निवासी ग्राम करोथा थाना शिवाजी कॉलोनी जिला रोहतक हरियाणा, ललित पुत्र दीप कुमार निवासी ग्राम बुपनीया थाना बादली जिला झज्जर हरियाणा तथा राजसिंह पुत्र बनवारी निवासी ग्राम बुपनीया थाना बादली जिला झज्जर हरियाणा को 15 पेटी शराब के साथ गिरफ्तार किया गया।

## बेस्यसमाज महासभा एकता महिला प्रकोष्ठ की बैठक हुई

**हरदोई** अखिल भारतीय सर्व बेस्ट बेस्ट बेस्यसमाज महासभा एकता महिला प्रकोष्ठ की बैठक आज निधि गुप्ता के घर संपन्न हुई मीटिंग में सभी पदाधिकारी ने संगीता गुप्ता अलका गुप्ता रेखा गुप्ता निधि गुप्ता सुमन गुप्ता अनुराधा गुप्ता मंजू गुप्ता खुशबू गुप्ता रेनू गुप्ता नीलम गुप्ता राधा गुप्ता आदि सभी पदाधिकारी मौजूद रहे बैठक में लघु उद्योग के विषय में चर्चा हुई ग्रामीण बहाने हमारी होशियार है पर उनका कोई काम नहीं मिल रहा एक छोटा सा काम ऐसा काम अचार पापड़ उनसे बनवाकर उसको बाजार में भेज कर उसे जो पैसा आए तो उसको ग्रामीण महिलाएं को दिया जाए जिससे कि वह काम करके अपना जीवन यापन कर सके और इस बात से हमारे सभी पदाधिकारी सहमति है।

# विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ द्वारा परशुराम चौक पर किया गया हनुमान चालीसा का पाठ- पंडित सुभाष चन्द्र दीक्षित

**स्वतंत्र प्रभात**



**गोपालगंज (बिहार)-** विश्वव्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के संस्थापक पंडित सुभाष चन्द्र दीक्षित ने बताया कि वर्ष के सभी महीनो के सभी मंगलवार को भगवान परशुराम के प्रतिमा के पास शाम को 7 बजे हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा जिसकी शुरुआत पिछले मंगलवार से हो चुकी है उन्होंने बताया। विश्व व्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ रजिस्टर्ड भारत संघ संस्थापक पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित प्रदेश अध्यक्ष संतोष शर्मा निर्दोष शर्मा रामसेवक शर्मा अलका शर्मा भुवन जोशी आरती शर्मा सोनम शर्मा कनक शर्मा कीर्ति शर्मा नीलम रस्तोगी छोटेलाल मोहनलाल परशुराम राहुल देवराज हर्ष आदि लोगों ने मिलकर हनुमान चालीसा का पाठ किया तथा राष्ट्रीय महासचिव हरिओम दीक्षित तथा प्रदेश अध्यक्ष संतोष शर्मा की अगुआई में मुरादाबाद के बुद्धि विहार सेक्टर 2 के परशुराम चौक पर भगवान परशुराम जी के प्रतिमा के पास मंगलवार कि संध्या 7 बजे भक्ति भाव में हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। विश्व व्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ के द्वारा परशुराम चौक पर हनुमान चालीसा पाठ में शामिल संग संस्थापक पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित राष्ट्रीय महासचिव हरिओम दिक्षित संतोष शर्मा प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक शर्मा जिला अध्यक्ष भुवन जोशी निर्दोष शर्मा पवन कुमार उमेश सुरेश संजय सुरेंद्र वीरेंद्र राघवेंद्र राजेंद्र पवन प्रदोष शिवम शिवकुमार शिवलाल नेहा रस्तोगी अलका शर्मा आदि भक्त मौजूद थे।

विश्व व्यापी ब्राह्मण एकता संघ के संग संस्थापक पंडित सुभाष चंद्र दीक्षित राष्ट्रीय महासचिव हरिओम दिक्षित संतोष शर्मा प्रदेश अध्यक्ष रामसेवक शर्मा जिला अध्यक्ष भुवन जोशी निर्दोष शर्मा पवन कुमार उमेश सुरेश संजय सुरेंद्र वीरेंद्र राघवेंद्र राजेंद्र पवन प्रदोष शिवम शिवकुमार शिवलाल नीलम रस्तोगी अलका शर्मा आदि लोग रहे मौजूद विश्व व्यापी ब्राह्मण एकता महासंघ रजिस्टर्ड भारत के द्वारा किया गया। पंडित सुभाष चन्द्र दीक्षित ने सभी सनातनी लोगों से अनुरोध करते हुए कहा हनुमान चालीसा का पाठ बुद्धि विहार सेक्टर 2 श्री परशुराम चौक के ऊपर समस्त सनातन प्रेमियों से अनुरोध है कि अगले मंगलवार को अधिक से अधिक संख्या में पधारे और कार्यक्रम को भव्यता प्रदान करने की कृपा करें समस्त सनातन प्रेमी धर्म की जय हो धर्म का नाम और सत्य सनातन धर्म की जय हो।

# कौशल विकास केन्द्र में जिला पदाधिकारी ने पासपोर्ट सेवा मोबाइल वैन कैंप का किया शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात**

**गोपालगंज (बिहार)-** पासपोर्ट सेवा मोबाईल वैन कैंप का जिला पदाधिकारी गोपालगंज द्वारा समाहरणालय परिसर के कौशल विकास केंद्र में फीता काटकर शुभारंभ किया गया। जिला पदाधिकारी गोपालगंज प्रशांत कुमार सी एच के कर कमलों द्वारा इसका शुभारंभ आज दिनांक 23 अक्टूबर 2024 को कौशल विकास केंद्र ,समाहरणालय परिसर में किया गया। इसअवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि भारत सरकार की महत्वाकांक्षी परियोजना पासपोर्ट आपके द्वार के तहत बिहार के गोपालगंज में क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना द्वारा पासपोर्ट आवेदकों की सुविधा के लिए दिनांक 23 से 25 अक्टूबर, 2024 तक गोपालगंज में पासपोर्ट सेवा कैम्प का आयोजन विदेश मंत्रालय भारत सरकार, क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय पटना और जिला प्रशासन गोपालगंज के संयुक्त तत्वाधान में शुभारंभ किया गया है इस अवसर पर जिला सामान्य शाखा प्रभारी प्रशांत अभिषेक ,जिला सूचना एवं जनसंपर्क पदाधिकारी मंकेश्वर कुमार, मीडिया के पत्रकार बंधु, पासपोर्ट कार्यालय पटना से डिप्टी पासपोर्ट ऑफिसर मो0 रियाज नाजमी पूरे टीम एवं पासपोर्ट वैन के साथ और पासपोर्ट के आवेदन करता आदि मौजूद रहे।

इस परियोजना का उद्देश्य आवेदकों को पासपोर्ट आवेदन जमा करने संबंधी सुविधा उनके निवास स्थान के नजदीक उपलब्ध कराना है। इसी परियोजना को आगे बढ़ाते हुए विदेश मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा दिनांक 26 जनवरी, 2024 को अत्याधुनिक सुविधायुक्त वातानुकुलित "पासपोर्ट मोबाईल वैन" क्षेत्रीय पासपोर्ट कार्यालय, पटना को उपलब्ध कराया गया है। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी द्वारा पासपोर्ट आवेदन के लिए आए हुए अभ्यर्थियों से बात की गई जिसमें उन्होंने जिलाधिकारी के पूछने पर बताया कि इस प्रकार की सुविधा जिले में पहली बार दी जा रही है। पासपोर्ट बनवाने वालों के लिए यह बहुत लाभकारी है। जिस पर जिला पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि आगे भी इस प्रकार के कैंप गोपालगंज जिले में लगाए जाते रहेंगे। इस कैम्प में नये (स्नह्लह्वद्ध) एवं पुनर्निगमन (Re-issue) पासपोर्ट आवेदन स्वीकार किए जाएंगे।

इस कैम्प के लिए प्रतिदिन 50 अप्वाइंटमेंट स्लॉट जारी किए जाएंगे। ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन तथा अधिक जानकारी के लिए कृपया हमारे वेबसाइट www.passportindia.gov.in को देखें। आवेदकों को ऑनलाईन आवेदन भरकर निर्धारित शुल्क जमाकर पासपोर्ट सेवा मोबाईल वैन कैंप, गोपालगंज के लिए अप्वाइंटमेंट लेना होगा एवं लिए गए नियत दिन, समय एवं स्थान पर आवश्यक कागजातों की मूलप्रति एवं इन सभी की स्व-अभिप्रमाणित छायाप्रति लेकर फोटो, उँगलियों के निशान एवं आवेदन तथा मूल प्रमाणपत्रों की जांच हेतु सशरीर उपस्थित होना होगा। जरूरी कागजात संबंधी जानकारी के लिए आवेदक उपरोक्त वेबसाइट का अवलोकन कर सकते हैं। इस कैम्प में पीसीसी हेतु आवेदन, किसी कारण अथवा प्रमाणपत्र हेतु रोके गए आवेदन एवं



बिना पूर्व में ऑनलाईन समय लिए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएंगे पासपोर्ट के आवेदन के लिए एड्रेस प्रूफ हेतु कुल 12 डॉक्यूमेंट मान्य हैं ,जिसमें मुख्य रूप से बिजली बिल ,टेलीफोन बिल, वॉटर बिल ,आधार कार्ड, रेंट एग्रीमेंट, फोटो युक्त पासबुक ,गैस कनेक्शन, वोटर आईडी, इनकम टैक्स एसेसमेंट, सर्टिफिकेट फॉर एंप्लॉयर कंपनी ऑन लेटर हेड आदि मान्य है।18 वर्ष से कम उम्र के आवेदकों के लिए माता-पिता का पासपोर्ट मान्य होगा। वहीं जन्म प्रमाण पत्र के लिए वोटर आईडी पैन कार्ड ड्राइविंग लाइसेंस दसवीं के सर्टिफिकेट जन्म प्रमाण पत्र एलआईसी की पॉलिसी आदि मान्य होगी।

पासपोर्ट के लिए ऑनलाइन आवेदन में अपलोड सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रति के साथ आवेदक को कैंप में उपस्थित होना होगा। डिप्टी पासपोर्ट अधिकारी द्वारा बताया गया कि इमीग्रेशन चेक नॉट रिक्वायर्ड के लिए आवेदक की न्यूनतम योग्यता 10वीं पास होनी चाहिए। इमीग्रेशन चेक रिक्वायर्ड के लिए योग्यता की बाध्यता नहीं है। जिले वासियों से अनुरोध है कि अधिक से अधिक संख्या में इस कैंप का लाभ लेकर पासपोर्ट बनवाने में सुलभता प्राप्त करें।

# मथुराः वर्ष 2024 में अब हुई 76 पुलिस मुठभेड़, दो बदमाश ढेर

**● - मुठभेड़ के दौरान 147 आरोपियों को लगी पुलिस की गोली**

**औसतन हर दूसरे दिन एक अभियुक्त हुआ पुलिस की गोली से घायल**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** वर्ष 2024 में अब तक पुलिस की बदमाशों के साथ 75 मुठभेड़ हुई हैं। मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक में एसएसपी शैलेश पांडेय ने अवगत कराया कि वर्ष 2024 में कुल पुलिस मुठभेड 75 हुई हैं, मृत 02, घायल 145, थाना शेरगढ क्षेत्र में लूट, बलात्कार का 50 हजार का ईनामी अपराधी उत्तम उर्फ मनोज पुलिस मुठभेड़ के दौरान गोली लगने से मारा गया। थाना फरह क्षेत्र में लूट, हत्या का एक लाख का इनामी शातिर अपराधी पंकज यादव पुलिस मुठभेड के दौरान गोली लगने से मारा गया। बुधवार को भी पुलिस की मुठभेड़ हुई जिसमें दो आरोपी घायल हुए हैं। फर्जी ईडी प्रकरण में 14 व्यक्ति गिरफ्तार हुए और दो व्यक्ति घायल हुए। फिरोती के लिए अपहरण थाना फरह पर 12 वर्षीय बालक का अपहरण कर 10 लाख रुपये की फिरौती मांगी गयी, 24 घण्टे में बच्चे को बरामद किया गया, दो अभियुक्त गोली लगने से घायल हुए। जनपद में गैंगस्टर एक्ट के अन्तर्गत कुल 38 अभियोगों में 136 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लगभग 106 करोड़ की संपत्ति जब्त की गयी है। गुण्डा एक्ट के अन्तर्गत कुल 468 अभियोगों में 154 जिला बदर किया गया। उल्लंघन करने पर चार को गिरफ्तार किया गया। हिस्ट्रीशीटरों पर कार्यवाही करते हुए 35 एचएस के विरूद्ध निरोधात्मक कार्यवाही की गयी। 42 नई हिस्ट्रीशीट खोली गयी। दो गैगों के 12 सदस्यों को गिरफ्तार किया गया व 02 नये गैंग पंजीकृत किये गये। गोवध अधिनियम के कुल 13 अभियोगों



बुधवार तडके हुई पुलिस मुठभेड के दौरान घटना स्थल पर मौजूद पुलिस टीम।

में 27 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर 92 पशुओं को मुक्त कराया गया। कुल 17 लोगों पर गैंगस्टर की कार्यवाहकी की गयी तथा आठ की एचएस खोली गयी। शस्त्र अधिनियम के 846 अभियुक्तों से 557 शस्त्र बरामद किये गये, सात शस्त्र फैक्ट्री में 13 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया।

**शराब तस्करी में 1032 गिरफ्तार**

आबकारी के अन्तर्गत 990 मामलों में 1032 अभियुक्तों को गिरफ्तार किया गया जिनसे 60 हजार लीटर शराब बरामद की गई।

# एक्सप्रेस वे पर हादसे में दंपति की मौत, बेटा गंभीर

**● - बुधवार तड़के खडे ट्रक में पीछे से जा घुसी कार**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** यमुना एक्सप्रेसवे पर हुए दर्दनाक सड़क हादसे में कार सवार दंपति की मौत हो गई। जबकि बेटा गंभीररूप से घायल हुआ है। बेटे को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। बताया जा रहा है कि हादसा कार चालक को झपकी आने से हुआ। कार सवार गुड़गांव से लखनऊ जा रहे थे। हादसा नौहझील क्षेत्र अंतर्गत माइल स्टोन 75 पर हुआ। यमुना एक्सप्रेस वे पर नोएडा से आगरा की ओर माइल स्टोन 75 पर सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था। सुबह लगभग 7 बजे पीछे से आ रही कार ट्रक में जा घुसी। कार में एक परिवार के 75 वर्षीय गोपीनाथ मल्होत्रा, 70 वर्षीय पत्नी प्रमिला मल्होत्रा व पुत्र आशीष मल्होत्रा निवासी गुड़गांव सवार थे। यह सभी गुड़गांव से लखनऊ जा रहे थे। जिसमें गोपीनाथ मल्होत्रा की मौके पर ही मौत तो वहीं प्रमिला व आशीष गंभीर रूप से घायल हो गए।

पुलिस ने दोनों घायलों की अस्पताल में भर्ती कराया। जिला अस्पताल में महिला प्रमिला को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने मृतकों के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। परिजनों को सूचना दे दी है। थाना प्रभारी शैलेंद्र सिंह ने बताया कि हादसे में पति पत्नी गोपीनाथ व प्रमिला की मौत हुई है। आशीष



यमुना एक्सप्रेस वे पर खडे ट्रक से टकराई कार।

गंभीर रूप घायल है। प्रथम दृष्ट्या हादसा नींद की झपकी लगने के कारण हुआ है। तहरीर मिलने पर आवश्यक कार्रवाई की जायेगी।

# वित्तीय ऑडिट के बाद डिफॉल्टर सचिव, प्रधानों से हो रही,1 करोड़ 24 लाख 48000 रूपए की वसूली

**स्वतंत्र प्रभात**

**किरन चौधरी।**

**मथुरा** जिलापंचायतराज अधिकारी किरण चौधरी ने बताया कि ग्राम पंचायत की ऑडिट प्रतिवर्ष नियमित रूप से की जाती है, जिनकी वार्षिक समीक्षा पंचायती राज समिति विधानसभा द्वारा भी होती है। कुछ सचिव, प्रधानों द्वारा बार-बार कहने के पश्चात भी ऑडिट का परिपालन नहीं कराया गया। पचायतीराज समिति विधानसभा द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में जिला लेखा परीक्षा अधिकारी सहकारी समितियाँ एवं पंचायते मथुरा द्वारा वित्तीय वर्षवार ग्राम पंचायतों में गबन की धनराशि की वसूली हेतु कहा गया है, जिसमें उत्तरदायी प्रधान, सचिव को अनेकौ बार प्रेषित पत्राचार उपरान्त भी अधिभार की धनराशि जमा नहीं कराई गई है।अधिभार की धनराशि पचायतीराज अअधिनियम की धारा-5 के अनुसार भू-राजस्व के बकाये के रूप में ग्राम प्रधान एवं सचिव से संग्रह व्यय सहित वसूल किये जाने हेतु आदेश पारित हैं। अतः निम्न सचिव और प्रधानों से तहसील की मदद राजस्व की भांति से धनराशि की वसूली प्रारंभ कर दी गई है। धनराशि न जमा करने पर इनके विरुद्ध प्राथमिक की दर्ज कराकर संपत्ति जब्त करने की कार्यवाही भी की जाएगी। जिनमें विकास खण्ड बलदेव की ग्राम पंचायत शाहपुर बांगर में वित्तीय वर्ष 2014-15 के अधिभार की धनराशि रु0 462320 ब्रजमोहन, प्रधान व सचिव तथा ग्राम पंचायत सराव सहलवाहन की अधिभारित धनराशि रु0 447813 कालीचरन, प्रधान व नानकराम, सचिव से संग्रह व्यय सहित आधी-आधी वसूल करते हुए विकास खंड बलदेव से कुल अधिभारित धनराशि रु0 910133 वसूल किया जाएगा। इसी कड़ी में विकास खण्ड चौमुहां की ग्राम पंचायत सहार में वितीय वर्ष 2016-17 के अधिभार की धनराशि रू0 2159875 अजमल अली शेख, प्रधान व विष्णु शर्मा, सचिव से, ग्राम पंचायत सेमरी की अधिभारित धनराशि रु0 45000 श्री सत्यपाल सिंह, प्रधान व श्री विष्णु शर्मा, सचिव से, ग्राम पंचायत नरी की अधिभारित धनराशि रु0 2468700.51 श्रीमती जमुना देवी, प्रधान व विष्णु शर्मा, सचिव से, ग्राम पंचायत तरौली जनूबी की अधिभारित धनराशि रु0 4436 मोहन श्याम प्रधान व विष्णु शर्मा, सचिव से ग्राम पंचायत आंड्राई की अधिभारित धनराशि रु0 100119 श्रीमती देवी प्रधान व विष्णु शर्मा, सचिव से, ग्राम पंचायत अस्तौली की अधिभारित धनराशि रु034670 श्रीमती रामवाली, प्रधान व विकास उपाध्याय, सचिव से तथा ग्राम पंचायत सेनवा की अधिभारित धनराशि रु0 1322636 राजेश शर्मा, प्रधान व रवीद्र कुमार वशिष्ठ, सचिव से संग्रह व्यय सहित आधी आधी धनराशि वसूल करते हुए विकास खंड चौमुहा से कुलअधिभारित धनराशि रु0 6135436 वसूल किया जाएगा।. वहीं विकास खण्ड छाता की ग्राम पंचायत जटवारी ने वित्तीय वर्ष 2016-17 के अधिभार की धनराशि रु0 4701630 सुरेश, प्रधान व अजय सिंह, सचिव से संग्रह व्यय सहित आधी-आधी धनराशि वसूल किया जाएगा। दूसरी तरफ विकास खण्ड मॉट की ग्राम पंचायत खावल में वित्तीय वर्ष 2015-16 के अधिभार की धनराशि रु0 35000 श्रीमती सरोज, प्रधान व देवीपूजन उपमन्यु, सचिव से संग्रह व्यय सहित आधी-आधी धनराशि वसूल किया




जाएगा। विकास खण्ड नौहझील की ग्राम पंचायत शल्स में वितीय वर्ष 2014-15 के अधिभार की धनराशि रु0 40000 श्रीमती अंगूरी देवी, प्रधान व पन्नालाल उपाध्याय, सचिव से संग्रह व्यय सहित आधी आधी धनराशि वसूल किया जाएगा। विकास खण्ड मथुरा की ग्राम पंचायत गनेशरा ने वितीय वर्ष 2014-15 के अधिभार की धनराशि रु0 517504 श्रीमती जमुना देवी, प्रधान व ओमप्रकाश दीक्षित, सचिव से तथा ग्राम पंचायत अड्की की अधिभारित धनराशि रु0 100100 श्रीमती कश्मीरा, प्रधान व श्री ओमप्रकाश दीक्षित, सचिव से संग्रह व्यय सहित आधी-आधी वसूल करते हुए विकास खंड मथुरा से कुल अधिभारित धनराशि रु0 617604 वसूल किया जाएगा। इस प्रकार जनपद के छ विकास खंडों से कुल अधिभारित धनराशि रु 12448803 वसूलकिया जाएगा। ऑडिट अधिभार मामले में विकासखंड बलदेव, छाता, चौमुंह की स्थिति सबसे खराब है। सबसे ज्यादा लंबित अधिभार के प्रकरण इन्हीं विकास खंड से संबंधित है। शासन द्वारा की जा रही सख्ती से प्रधानों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं पंचायत राज विभाग गबन हुई धनराशि का प्रधान, सचिव से वसूली के प्रयास में जुट गया है।

# असत्य पर सत्य की जीत, जलाया गया रावण मेघनाथ का पुतला

**स्वतंत्र प्रभात**

**सिद्धार्थनगर।** जिले के नगर पंचायत कपिलवस्तु के बर्डपुर कस्बे में प्राचीन ऐतिहासिक मेले में रावण के पुतले का दहन हुआ है। इस दौरान आतिशबाजी भी होती रही है। हजारों की संख्या में लोगो ने मेले आनन्द लिया। सुरक्षा को देखते हुए थानों की फोर्स के साथ अधिकारी मौजूद रहे हैं। बुधवार को नगर के रामलीला मैदान में श्रीराम ने रावण को अंगद से संधि का प्रस्ताव भेजा। रावण के सीता को न लौटाने पर युद्ध शुरू हुआ। युद्ध में रावण दल के योद्धा मारे गए। मेघनाद व लक्ष्मण के बीच हुए रोमांचकारी युध्द में लक्ष्मण को शक्ति बाण लगी। जिस पर राम दल में शोक छा गया। हनुमान संजीवनी बूटी लाए तब लक्ष्मण की मूर्छा टूटी। इसके बाद युद्ध में लक्ष्मण के हाथों मेघनाद का वध हुआ। तब कुंभरण युद्ध के लिए आया श्रीराम के हाथों मारा गया। रावण खुद युद्ध मैदान में उतरा जिसका राम के साथ भीषण युद्ध में मारा गया । कस्बे में रावण रूपी पुतले का दहन जेसीबी मशीन से किया गया। जिसे देखने के लिए भारत व नेपाल के लोग जुटे रहे। मेला प्रबंधक ओम प्रकाश यादव ने कहा कि यह मेला आजादी के पहले अंग्रेज के समय से लग रहा हैं। जिसको प्रत्येक वर्ष लगाया जा रहा हैं। मेले में



झूला, सर्कस, खिलौने सहित तमाम प्रकार की दुकानें लगी थी। इस अवसर पर नपा अध्यक्ष प्रतिनिधि जावेद आलम, नितेश पांडेय,डा. सुनील मिश्रा, वेद प्रकाश यादव, चंद्रप्रकाश धर द्विवेदी, बाबूलाल यादव, अवनीश चौधरी सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

# महिला आयोग की अध्यक्ष के सामने पारिवारिक विघटन के आये सबसे अधिक मामले

**● - जनसुनवाई में 33 पीड़िताओं ने स्वं उपस्थित होकर अपनी बात रखी**

**स्वतंत्र प्रभात**

**मथुरा।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान की अध्यक्षता में महिला जनसुनवाई, समीक्षा बैठक निरीक्षण भवन लोक निर्माण विभाग के सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। महिला जनसुनवाई के दौरान लगभग 33 पीड़ित महिलाों ने स्वयं उपस्थित होकर अपनी समस्याएं अध्यक्ष के समक्ष रखीं। जिसमें घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, दहेज प्रथा एवं गुमशुदा बालिका आदि की शिकायतें सम्मलित हैं। अध्यक्ष द्वारा सभी शिकायतों में सख्त से सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिये गये। साथ ही प्रदेश सरकार द्वारा महिलाओं के हित में चलायी जा रहीं कल्याणकारी योजनाओं का लाभ अधिक से अधिक महिलाओं को दिये जाने के भी निर्देश दिये गये। इस दौरान महिला जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक में अपर पुलिस अधीक्षक (सुरक्षा), जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, प्रभारी निरीक्षक, महिला थाना, जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी, प्रधानाचार्य, राजकीय प्रौद्योगिकी संस्थान, वृन्दावन, वन स्टाप सेन्टर यूनिट प्रथम एवं द्वितीय आदि उपस्थित रहे। डॉ. बबीता सिंह चौहान ने कहा कि जनसुनवाई में 33 शिकायतें प्राप्त हुई।

जोकि घरेलू हिंसा, पारिवारिक विवाद, दहेज प्रथा एवं गुमशुदा बालिका आदि से सम्बन्धित हैं। जनसुवाई के दौरान अधिकतर मामले पारिवारिक विघटन के थे, जिनमें तत्काल प्रभाव से कार्यवाही करने के लिए प्रभारी परिवार परामर्श केन्द्र को निर्देशित किया गया है। दो प्रकरण बालिकाओं की गुमशुदगी से सम्बन्धित संज्ञान में आये। इन बालिकाओं की तत्काल प्रभाव से बरामदगी के संबंधित थानों को निर्देश दिये गये है।



उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता सिंह चौहान जनसुनवाई करते हुए।

अगर किसी पीड़ित महिला की सुनवाई कही नहीं हो रही है। तो वह तत्काल उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग के फोन नम्बर, ईमेल, सोशल मीडिया आदि के माध्यम से सूचना दे। जिस पर महिला आयोग द्वारा सख्त से सख्त कार्यवाही की जायेगी। महिलाओं के प्रति किसी प्रकार के अपराध बर्दाश्त नहीं किये जायेगें। इसके बाद अध्यक्ष द्वारा जिला महिला अस्पताल का निरीक्षण किया गया और महिलाओं का हालचाल जाना। जिला अस्पताल की व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी।

## 30 फर्जी सिम के साथ दो साइबर ठग दबोचे

**मथुरा।** थाना गोवर्धन पुलिस ने दो साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। इनके पास से दो एन्ड्राईड मोबाइल फोन, दो फर्जी आधार कार्ड, 30 सिम कार्ड व 2100 रुपये बरामद हुए हैं। प्रभारी निरीक्षक थाना गोवर्धन विनोद बाबू मिश्रा के मुताबिक नीमगांव बाईपास चौराहे से बाबूलाल विद्यालय चौराहा बाईपास से कैनोपी लगाकर सिम बेचने वाले दो अभियुक्तों अन्सार पुत्र शेर मोहम्मद निवासी ग्राम मल्लाका थाना पहाड़ी जिला डींग राजस्थान व अजरुद्दीन उर्फ अज्जर पुत्र शेर मोहम्मद निवासी ग्राम शामलेर थाना पहाड़ी जिला डींग राजस्थान को दो एन्ड्राईड मोबाइल फोन, दो फर्जी आधार कार्ड, 30 सिम कार्ड (।पतजमस) व 2100 रुपये सहित किया गिरफ्तार किया गया है। बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही की गयी। ये लोग मिलकर बाहर जाकर ऐसी जगह पर कैनोपी लगाते हैं, जहां लेबर वाले लोग ज्यादा रहते हैं, वहां नई सिम पर ऑफर की कहकर उनसे उनका अंगूठा लगवाकर उनके नाम से नई सिम एक्टिवेट करा लेते हैं। उन एक्टिवेट सिमों को अभियुक्त 700 रुपये प्रति सिम के हिसाब से ग्राम देवसेरस के अपने साथियों के माध्यम से साइबर क्राइम करने वाले लोगों को बेच देते हैं।

